ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष 15, वर्ष 12, अंक 46, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00




प्रयागराज, रविवार, 4 जून, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : कोहली और अनुष्का को मिला एफए कप के फाइनल मुकाबले का न्यौता





अन्दर : खेल के माध्यम से भारत के सामर्थ्य को वैश्विक मंच पर पहुंचाना लक्ष्य: योगी

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# दोषियों को मिलेगी सख्त सजा: पीएम

## बालासोर ट्रेन दुर्घटना स्थल का मोदी ने लिया जायजा, बोले- घायलों के इलाज में कोई कसर नहीं छोड़ेगी सरकार

**जायजा**

- बोले-दुर्घटना दर्दनाक और विचलित करने वाली, जो दोषी पाया गया, उसे छोड़ेंगे नहीं
- मरने वालों की संख्या बढ़कर 288 हुई, लगभग 1000 लोग घायल
- रेल मंत्री ने उच्च स्तरीय जांच के दिए आदेश, विपक्ष ने भी जताया शोक





**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बालासोर ट्रेन दुर्घटना स्थल पर शनिवार को पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने के बाद दुर्घटना में घायल हुए लोगों से मिलने के लिए बालासोर के एक अस्पताल पहुंचे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त कर कहा जिन लोगों ने अपना जीवन खोया है,ये बहुत दर्दनाक था। जो लोग घायल हुए हैं, केंद्र सरकार उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। यह एक गंभीर घटना। हर प्रकार की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि दुर्घटना दर्दनाक और विचलित करने वाली, जो दोषी पाया गया, उस सख्त से सख्त सजा दी जाएगी।

इसके प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ बालासोर ट्रेन दुर्घटना स्थल की स्थिति का जायजा लिया। पीएम मोदी ने घटनास्थल से कैबिनेट सचिव और स्वास्थ्य मंत्री से बात की। उन्होंने उनसे घायलों और उनके परिवारों को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने को कहा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए कि शोक संतप्त परिवारों को असुविधा का सामना न करना पड़े और प्रभावितों को आवश्यक सहायता मिलती रहे।

दक्षिण पूर्व रेलवे ने बताया कि बालासोर जिले में हुई ट्रेन दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 288 हो गई है, जबकि लगभग 1000 लोग घायल हुए हैं। रेल मंत्री वैष्णव ने शनिवार सुबह दुर्घटना स्थल का दौरा कर घोषणा की कि विस्तृत उच्च स्तरीय जांच की जाएगी और रेल सुरक्षा आयुक्त द्वारा एक स्वतंत्र जांच की जाएगी। शुक्रवार शाम हुए हादसे में एक मालगाड़ी और दो यात्री गाड़ियां शामिल थीं। दुर्घटना में कोरोमंडल एक्सप्रेस और एसएमवीटी-हावड़ा सुपर फास्ट एक्सप्रेस के 17 डिब्बे पटरी से उतर गए। यह पिछले 15 वर्षों में देश की सबसे खराब रेल दुर्घटनाओं में से एक है। दक्षिण पूर्व रेलवे ने एक बुलेटिन में कहा, ट्रेन संख्या 12841 शालीमार-चेन्नई कोरोमंडल एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 12864 सर एम विश्वेश्वरैया-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस 2 जून को शाम लगभग 6.55 बजे बाहानगा बाजार रेलवे स्टेशन के पास पटरी से उतर गई। खड़गपुर और भद्रक से चिकित्सा उपकरणों, डॉक्टरों और पैरामेडिक्स के साथ दुर्घटना राहत ट्रेनें घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, 288 लोगों की मौत हुई है। लगभग 1000 घायल यात्रियों को गोपालपुर, खंटापारा, बालासोर, भद्रक और सोरो के अस्पतालों में ले जाया गया है।

### गोवा-मुंबई वंदे भारत कार्यक्रम रद्द

ओडिशा में हुई ट्रेन दुर्घटना को देखते हुए मडगांव स्टेशन पर गोवा-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने का समारोह रद्द कर दिया गया है। कोंकण रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए गोवा-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने वाले थे, जबकि समारोह के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को मडगांव स्टेशन पर मौजूद रहना था। अधिकारियों ने कहा कि रेल मंत्री अब ओडिशा में दुर्घटनास्थल का दौरा करेंगे और इस समारोह रद्द कर दिया गया है।

### सोनिया ने यात्रियों की मौत पर शोक जताया

संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की अध्यक्ष और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बालासोर ट्रेन हादसे में कई यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त कर शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष ने कहा, ओडिशा में भयानक ट्रेन दुर्घटना से मुझे सबसे ज्यादा पीड़ा हुई है। मैं सभी शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी सहानुभूति और संवेदना व्यक्त करती हूं।

## संयुक्त रिपोर्ट में खुलासा: हादसे के पीछे सिग्नल की गलती

**नई दिल्ली।** ट्रेन हादसे की संयुक्त जांच रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट में इस भीषण घटना के पीछे सिग्नल से संबंधित गलती सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक बहानगा बाजार स्टेशन पर मालगाड़ी लूप लाइन में खड़ी थी। इसी बीच चेन्नई से हावड़ा जा रही 12841 कोरोमंडल एक्सप्रेस बहानगा बाजार स्टेशन पर पहुंची। हर स्टेशन पर दूसरी ट्रेन पास कराने के लिए लूप लाइन होती है। बहानगा बाजार स्टेशन पर अप और डाउन, दो लूप लाइन हैं। किसी भी ट्रेन को लूप लाइन पर तब खड़ा किया जाता है, जब किसी ट्रेन को स्टेशन से पास कराया जाना हो।

बहानगा बाजार स्टेशन पर भी कोरोमंडल एक्सप्रेस और यशवंतपुर हावड़ा एक्सप्रेस को पास कराने के लिए मालगाड़ी को कॉमन लूप लाइन पर खड़ा कराया गया था। कोरोमंडल एक्सप्रेस तेज रफ्तार से मेन अप लाइन से गुजर रही थी। उस समय डाउन लाइन से यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस भी गुजर रही थी।

## दुर्घटना स्थल पर ममता व रेल मंत्री वैष्णव के बीच कहासुनी



भुवनेश्वर। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के बीच शनिवार को बालासोर जिले में ट्रेन दुर्घटना स्थल पर कहासुनी हो गई। दरअसल ममता ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है, ट्रेन हादसे में मरने वालों की संख्या 500 से अधिक हो सकती है। सीएम ममता के बयान पर रेल मंत्री वैष्णव तुरंत हस्तक्षेप करते हुए कहा, ओडिशा सरकार के आंकड़ों के अनुसार मरने वालों की संख्या 238 है। इसके बाद सीएम ममता ने रेल मंत्री को जवाब देकर दावा किया, शुक्रवार रात तक मरने वालों का आंकड़ा 238 था। उन्होंने कहा कि तीन डिब्बों में बचाव कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है, इसकारण मरने वालों की संख्या और बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक्सप्रेस ट्रेनों में टक्कर रोधी सिस्टम फिट नहीं किया गया था, इसके कारण यह हादसा हुआ। ममता ने हादसे की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।



### घायलों को अस्पताल ले जा रही बस का एक्सीडेंट

**नई दिल्ली।** ओडिशा के बालासोर से घायल यात्रियों को ले जा रही एक बस शनिवार को बंगाल के मेदिनीपुर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। ओडिशा के बालासोर जिले में तीन ट्रेनों की दुर्घटना में यात्रियों को बस ले जा रही थी। दुर्घटना के बाद मेदिनीपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात जाम हो गया। इलाके में बस की पिकअप वैन से आमने-सामने टक्कर हो गई। घायल यात्रियों को इलाज के लिए बंगाल के विभिन्न जिलों में भेजा जा रहा है। बस में सवार कई लोगों के मामूली रूप से घायल होने की आशंका है।

### इस्तीफे के सवाल पर रेलमंत्री का जवाब

इस्तीफे के सवाल पर रेल मंत्री ने कहा कि यह समय राजनीति का नहीं है। लोकल जनसेवक, एनडीआरएफ पुलिस सहित सभी पक्ष सामान्य हालात की बहाली पर फोकस कर रहे हैं। एक स्वतंत्र कमेटी द्वारा मामले की जांच की जा रही है, 15-20 दिनों में जांच रिपोर्ट आ जाएगी। रिपोर्ट में सभी कारणों का पता चल जाएगा, जिसके बाद कार्रवाई की जाएगी। मैं कहीं नहीं जा रहा हूं, यहीं हूं। प्रधानमंत्री भी यहां आए थे। उन्होंने घटना का जायजा लिया और घायलों से बात की थी।

## रेल मंत्री से इस्तीफा मांग रहा विपक्ष

**नई दिल्ली।** ओडिशा में हुए भयानक ट्रेन हादसे के बाद अब राजनीति भी तेज होती दिखाई दे रही है। रेल दुर्घटना को लेकर विपक्षी दल मोदी सरकार पर जबरदस्त तरीके से हमलावर हैं और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का इस्तीफा मांग रहे हैं। इस दौरान कवच सुरक्षा वाले दावे पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कवच सुरक्षा का मुआयना किया था। कवच सुरक्षा प्रणाली को लेकर यह दावा किया गया था कि लाल सिग्नल पार करने और टक्कर को रोकने के लिए इसको विकसित किया गया है। अगर किसी कारण लोको पायलट ट्रेन को कंट्रोल करने में विफल रहता है तो यह ब्रेकिंग सिस्टम को ऑटोमेटिक रूप से एक्टिव कर देता है। इसको लेकर एक उदाहरण भी दिखाया गया था जिसमें खुद ट्रायल करते रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव मौजूद रहे। दावा किया गया था कि कवच दो इंजनों के बीच टक्कर को रोकने में सक्षम है। इसका मतलब साफ है कि अगर दो ट्रेनें आमने सामने आ जाएंगे तो भी एक्सीडेंट नहीं होगा। लेकिन ऐसा लगता है कि बालासोर में इस सुरक्षा प्रणाली का प्रयोग नहीं हुआ था। तभी यह एक्सीडेंट हुआ है। इधर एक ओर जहां इस ट्रेन हादसे के बाद राहत और बचाव कार्य जारी है तो वहीं इस को लेकर राजनीति भी तेज है। यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी श्रीनिवास ने हादसे को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला और अश्विनी वैष्णव के एक पुराने वीडियो को साझा किया। बी श्रीनिवास ने लिखा के जब एक ट्रेल डीरेल होकर दूसरे रेलवे ट्रेक पर आ गयी थी, तब कवच कहाँ था?









## बढ़ेंगी बृजभूषण शरण सिंह की मुश्किलें

**पहलवान उत्पीड़न**

**चार गवाहों ने यौन उत्पीड़न के आरोपों को बताया सही**

**नई दिल्ली।** रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ खिलाड़ी एक महीने से अधिक समय से मोर्चा खोले हुए हैं। खिलाड़ी उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। अध्यक्ष पर यौन शोषण के आरोप लगे हैं और एफआईआर तक दर्ज की जा चुकी है। अब मामले को लेकर बड़ी खबर आ रही है। एक ओलंपियन, एक कॉमनवेल्थ गोल्ड मेडलिस्ट, एक इंटरनेशनल रेफरी और एक स्टेट लेवल के कोच ने 3 महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों की पुष्टि कर दी है। इसके बाद अब बृजभूषण की परेशानी बढ़ने वाली है। वे सभी 4 राज्यों के 125 संभावित गवाहों में से एक हैं, जिनके बयान दिल्ली पुलिस ने दर्ज किए हैं। खबर के अनुसार, सिंह के खिलाफ 28 अप्रैल को 2 एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके अनुसार, खिलाड़ियों को प्रोफेशनल मदद देने के बदले सेक्सुअल फेवर की बात कही गई, इस तरह के 2 मामले है। वहीं यौन उत्पीड़न के 15 और अनुचित स्पर्श के 10 मामले हैं। इसके अलावा डराने-धमकाने के भी कई मामले हैं। 4 गवाहों के बारे में पूछने पर दिल्ली पुलिस के प्रवक्ता सुमन नलवा ने कहा कि अभी मामले की जांच चल रही है। एसआईटी मामले की जांच कर रही है और कोर्ट का रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

### नित्यानंद राय की हत्या का खुलासा

**गोरखपुर।** गोरखपुर के गोला क्षेत्र में बीजेपी नेता नित्यानंद राय के अंधे कत्ल का खुलासा हो गया है। यह हत्या, बीजेपी नेता राय के सीआरपीएस से रिटायर्ड दोस्त ने ही की थी। दोस्त को नित्यानंद राय के चरित्र पर शक था। इसके लिए कई बार समझाया भी था। बावजूद इसके नित्यानंद राय हरकतें कम नहीं हो रही थीं। आरोप है कि नित्यानंद राय हत्यारे के परिवार की महिलाओं पर बुरी नजर रखता था। गोरखपुर पुलिस ने आरोपी दिलीप सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गोरखपुर के गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत मल्लीपुर शहडौली गांव में 23 मई की रात हुई बीजेपी नेता नित्यानंद राय के हत्याकांड का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। खुलासे में चौंकाने वाली बात सामने आई है। हत्या नित्यानंद के दोस्त सीआरपीएफ से रिटायर्ड दिलीप सिंह ने की थी। जानकारी के अनुसार दिलीप सिंह गांव में ही एक एकेडमी भी चलाता है। नित्यानंद की हत्या के बाद दिलीप अंतिम संस्कार से जुड़े सभी काम में परिवार के साथ भी मौजूद रहा।

## मीरजापुर में मां की ममता हुई शर्मसार

**तीन बच्चों की बनी काल**

**मीरजापुर में 3 अबोध बच्चों को माँ ने कुंए में फेंका, बच्चों को फेंक घर में लगाई आग**

**दो बच्चों का शव बरामद, मां पुलिस की हिरासत में**



**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के पंजरा गांव में शुक्रवार की देर रात चन्दा नामक महिला अपने तीन बच्चों को कुंआ में फेंककर आग लगा ली। खुद को उसने कमरे में बंद कर रखा था। आग की लपट लगते ही वह दरवाजा खोलकर बाहर की ओर भागी और शोर मचाने लगी।

परिजनों और ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। जब बच्चों के बारे में चन्दा से पूछा गया तो उन्हें उसने कुंआ में फेंकने की जानकारी दी। सुबह मौके पर पहुंची पुलिस ने दो बच्चों का शव बरामद कर लिया है। तीसरे की तलाश की जा रही है। चन्दा का पति अमरजीत कोल मुंबई में मजदूरी करता है। घर पर सास ससुर और बहु बच्चों के साथ रहते हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची क्षेत्रीय विधायक रिंकी कोल ने परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दिया। पंचरा गांव में पारिवारिक कलह के चलते मां की ममता पत्थर बन गई। उसने अपने कलेजे के टुकड़ों आकाश, 8 वर्ष, कीर्ति 2 वर्ष और अन्नू 1 वर्ष को नींद से जगाकर आधी रात को घर के पास स्थित कुंआ में फेंक दिया।

बताया जाता है कि दो बच्चे अपने दादा श्यामधर के पास सो रहे थे। आधी रात को चंदा उन्हें उठाकर लायी। एक-एक करके तीनों बच्चों को कुएं में फेंक दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कुएं से कीर्ति और अनु के शव को बरामद किया है। जबकि आकाश के शव की तलाश की जा रही है। पुलिस ने कुआं में फेंकने वाली आरोपी चंदा को हिरासत में ले लिया है। हादसे की जानकारी लगते ही गांव में कोहराम मच गया। लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस शवों को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई में लगी है। मुंबई में रहने वाले अमरजीत को हादसे की जानकारी दे दी गई है।

## यूपी के हर जिले से दिल्ली के लिए बस सेवा शुरू

### सीएम योगी ने 93 नई राजधानी सेवा एवं 7 साधारण बीएस-6 बसों को दिखाई हरी झंडी

**सुविधा**

**बोले-हर गांव और हर शहर तक हो बस की सुविधा, 50 वर्ष की यात्रा को आगे बढ़ाते हुए शानदार कार्य कर रहा है परिवहन निगम**

**सड़क दुर्घटना से होने वाली मौतों के आंकड़ों को बताया अत्यंत भयावह**



**लखनऊ।** सुगम यात्रा और सुरक्षित यात्रा हर नागरिक का अधिकार है। ये सरकार का दायित्व बनता है कि जिस विश्वास के साथ एक पैसेंजर यात्रा करता है, हमें उसके इस अधिकार का अपने कर्तव्यों के ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए करना चाहिए। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी अवास पर 93 नई राजधानी सेवा एवं 7 साधारण बीएस-6 बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हमारे सामने सड़क दुर्घटना से होने वाली मौतों के आंकड़े अत्यंत भयावह है। अगर एक वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश के आंकड़े को ही प्रस्तुत करूं तो एक भयानक दृश्य सामने आता है। तीन वर्ष में कोरोना जैसी बीमारी से जितनी जानें नहीं गईं, उससे ज्यादा मौतें एक वर्ष में सड़क दुर्घटना में होती हैं। ओवरस्पीडिंग के कारण, सड़क इंजीनियरिंग फाल्ट के कारण, या फिर नियमों के उल्लंघन के चलते सड़क दुर्घटना होती है और किसी मासूम की जान जाती है। यह हम सबके लिए न केवल एक चेतावनी है बल्कि चिंता का विषय भी है। व्यापक जागरूकता से, सड़क के लिए निर्धारित नियमों का पालन करने से हम असंख्य लोगों की जान बचा सकते हैं। हमारे लिए एक-एक जान कीमती है। यह जान एक परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए यह अमूल्य निधि है। सीएम योगी ने प्रदेश में रोड एक्सीडेंट और इससे होने वाली मौतों को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी एक्सीडेंट से होने वाली मौत को रोकने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान प्रारंभ करना एक राष्ट्रीय कार्यक्रम होगा। इस संबंध में केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट ने भी बार-बार चिंता व्यक्त की है। आज के इस अवसर पर परिवहन निगम जिन कार्यक्रमों के लेकर चल रहा है, इसको और प्रभावी ढंग से बढ़ाने की व्यवस्था हो। हमारा प्रयास हो कि परिवहन निगम की बसों से उत्तर प्रदेश के अंदर पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सेवा का उपयोग जो लोग भी करना चाहते हैं, हमें उन लोगों तक इस प्रकार की सुविधा पहुंचानी होगी। केवल निगम के स्तर पर ही नहीं, आवश्यक्ता पड़ती है तो प्राइवेट ऑपरेटर को भी एक रेगुलेशन के साथ जोड़कर हर गांव तक हमें यातायात की और बस सेवा की सुविधा उपलब्ध करानी होगी। अगर हम हर गांव तक यह सुविधा उपलब्ध कराएंगे, तो लोगों के लिए आसान होगा। पब्लिक ट्रांसपोर्ट का लोग उपयोग करेंगे। इससे पहले सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को 50 वर्ष की यात्रा पूर्ण करने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने उद्बोधन की शुरूआत करते हुए कहा कि आजादी के कुछ ही महीने पहले 15 मई 1947 को उत्तर प्रदेश में एक राजकीय परिवहन सेवा प्रारंभ हुई थी। इसका उद्देश्य लोगों को सुगम और सुरक्षित यात्रा कराना था। यही राजकीय परिवहन सेवा एक जून 1972 को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के रूप में आगे बढ़ी और देश के सबसे बड़े आबादी के राज्य में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सबसे बड़ी इकाई के रूप में 50 वर्ष की यात्रा को आगे बढ़ाते हुए शानदार कार्य कर रही है।

## फुटबॉल खिलाड़ी समेत तीन युवक गंगा में डूबे

**हादसा**

**पुलिस गोताखोरों के माध्यम से तलाश में जुटी**



**गाजीपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पत्थरघाट के सामने गंगा नदी में स्नान करने गए तीन युवक डूब गए। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस गोताखोरों की मदद से गंगा में तलाश कर रही है।

बारहबंगला गांव निवासी मुकेश यादव(19) और सरफराज उर्फ छोटू(20) तथा छोटा महादेव निवासी किशन उर्फ कृष्णा यादव(20) शनिवार की शाम पत्थरघाट पर गंगा स्नान करने गये थे। नहाते समय तीनों गहरे पानी में चले गये। देखते ही देखते तीनों युवक डूब गये। गंगा किनारे घूम रहे लोगों ने देखा तो शोर मचाया जिससे वहां लोगों की भीड़ लग गयी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस घाट पर पहुंच गई। पुलिस गोताखोर बुलाकर युवकों की तलाश शुरू कर दी। जानकारी होते ही परिवार के लोग भी वहां पहुंच गये। कोतवाली प्रभारी टीबी सिंह ने बताया कि तीन युवक डूबे हैं तलाश की जा रही है। तीनों युवक फुटबाल के खिलाड़ी बताए जा रहे हैं।

## संक्षेप

### अपहरण किशोरी के मामले में आशिक सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** एक किशोरी को तथाकथित आशिक ने अपहृत कर अपने घर में रख लिया। उलहना देने पर मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने किशोरी के आशिक सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति की सतरह वर्षीय किशोरी का गांव के एक युवक से इश्क हो गया था। आरोप है कि किशोरी अपने आशिक के संग उसके घर चली गई। किशोरी के परिजनों का आरोप है कि वह अपनी बेटी के बाबत पूछने गए तो उन्हें और परिजनों को मारा पीटा गया। तथा जान से मारने की धमकी भी दी गई। किशोरी के पिता ने मऊआइमा थाने में किशोरी के आशिक इमरान उर्फ कटीले पुत्र इरफान, तथा छोटे भाई गुलजार एंव बहन नाम अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# करछना तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम ने की शिरकत

## कार्य में लापरवाही बरतने पर दो लेखपालों पर हुई कार्रवाई



सम्पूर्ण समाधान दिवस पर करछना तहसील में फरियादियों की समस्या सुनते जिलाधिकारी

**करछना।** शनिवार को करछना तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिला अधिकारी प्रयागराज संजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, डीएम की सूचना पर बड़ी संख्या में दूर दराज से चिलचिलाती धूप में फरियादियों का तांता लगा रहा इस मौके पर 203 शिकायतें फरियादियों ने दर्ज कराई जिसमें 12 का मौके पर निस्तारण किया गया उनके साथ सीडीओ सीएमओ पुलिस महकमे के आला अधिकारी सहित संबंधित विभाग के सभी अधिकारी संपूर्ण समाधान दिवस पर मौजूद रहे शिकायतों में विकासखंड करछना के रोकड़ी ग्राम पंचायत में बन रहे दो कमरों के प्राथमिक विद्यालय में घटिया किस्म की सामग्री के इस्तेमाल पर गांव के लोगों ने जिलाधिकारी से शिकायत की जिस पर तत्काल निर्देश जिलाधिकारी ने देते हुए जांच के आदेश दिए मौके पर गए अधिकारियों द्वारा घटिया किस्म की ईंट और बालू का इस्तेमाल किए जाने का मामला सामने आया वहीं दूसरी ओर विकासखंड करछना के ग्राम पंचायत अंतहिया मजरा गढ़वा में अनुसूचित जनजाति के कृषि पट्टा दिया गया था कृषि योग्य जिसको तहसील विभाग के कुछ अफसरों ने करोड़ों रुपए के लेन-देन पर बैनामा करवा दिया गया का आरोप ग्राम प्रधान अंतरिया मानवेंद्र नारायण मिश्र ने लगाया जिस पर गंभीरता से लेते हुए डीएम ने जांच के आदेश दिए इसी क्रम में दूरदराज से आए फरियादियों ने बिजली पानी सड़क आवास पेयजल गांव में गर्मी में सूखे पड़े अमृतसरोवरो में पानी भरें जाने की शिकायत दर्ज कराई है आदि से संबंधित 203 शिकायतें दर्ज कराई जिसका मौके पर 12 शिकायतो का निस्तारण कर दिया गया कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया वहीं तहसील के दो लेखपाल के ऊपर कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई।

## शंकरगढ़ क्षेत्र के शिवराजपुर में ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत

**शंकरगढ़।** क्षेत्र के शिवराजपुर गांव स्थित मुसहर बस्ती की महिला के ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। उसकी मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मचा रहा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना क्षेत्र के शिवराजपुर गांव स्थित मुसहर बस्ती की पार्वती देवी उर्फ विमला देवी 45 वर्ष पत्नी पुरषोत्तम मुसहर गुरुवार की रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे किसी काम से सड़क पार कर रही थी कि उसी समय शिवराजपुर चौराहे से कपारी की ओर तेज गति से जा रहीं ट्रक की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसके आठ लड़के व एक लड़की बताई जाती है। ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया।महिला की दर्दनाक मौत पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिन ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

## समस्याओं को लेकर भाजपाइयों ने सौंपा उपजिलाधिकारी को ज्ञापन



उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते भाजपाई

**कोरांव।** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस मे विभिन्न समस्याओं को लेकर भाजपा नेता गणेश प्रसाद मिश्र के साथ भाजपा प्रतिनिधिमंडल द्वारा उपजिलाधिकारी कोरांव को ज्ञापन सौप समस्याओं के निस्तारण की मांग की।शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस पर भाजपा प्रतिनिधि मंडल द्वारा कोरांव क्षेत्र में अनियमित विद्युत आपूर्ति व सिकरो गांव में महीनो से ट्रांसफार्मर व विद्युत पोल न बदले जाने के साथ ही रामपुर से कोरांव होते हुए ड्रमंड गंज मार्ग में कोरांव से बैदवार कला तक बनाई जा रही मानक विहीन नाली निर्माण व तालाबों के अतिक्रमण के साथ तालाबों को पनसोखवा से मुक्ति व किसानों को बीज रोपाई हेतु नहरों में पानी छोड़ने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी कोरांव सुदामा वर्मा को ज्ञापन सौंपा गया जिस पर उपजिलाधिकारी द्वारा तत्काल संज्ञान लेकर विद्युत विभाग के जेई राजेश प्रसाद को फोन द्वारा फटकार लगाते हुए समस्या निस्तारण का आदेश दिया साथ ही अन्य समस्याओं को लेकर संबंधित विभागों को पत्राचार कर निस्तारण की बात कही । ज्ञापन देने में भाजपा के वरिष्ठ नेता राम नवल सिंह, शशी द्विवेदी, सुरेंद्र सिंह पटेल समेत कई लोग शामिल रहे।

## कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल सोरांव विधान सभा के संगठन समीक्षा प्रभारी बने



कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल

**प्रयागराज।** अपना दल (एस) के नेता व जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सिंह पटेल ने बताया कि लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठन को बूथ स्तर मजबूत बनाने और लोकसभा की ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने के लिए पार्टी की राष्ट्रीय कोर कमेटी की बैठक लखनऊ के गांधी भवन में आयोजित की गई। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने प्रयागराज जनपद की सोरांव विधानसभा का संगठन समीक्षा प्रभारी प्राविधिक शिक्षा बांट-माप विभाग के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल को बनाया है। साथ ही फाफामऊ विधानसभा का संगठन समीक्षा प्रभारी विश्वनाथगंज से विधायक जीतलाल पटेल को प्रभारी नियुक्त किया गया। जिससे कार्यकर्ता एड.आशीष पटेल जिला महासचिव, राजकुमार जिलाध्यक्ष युवा मंच, इंजी. आशीष कुमार, सुनील पटेल, उमाशिव, धनीराम, डा. संतोष पटेल, तीरथपाल आदि लोगों ने बधाइयां दिया है।

## सेंधमारी करके चोरों ने जेवरात, नगदी सहित लाखों के माल पर किया हाथ साफ

**मऊआइमा।** शादी समारोह में गया परिवार जब घर आया तो देखा कि घर के पीछे चोर सेंधमारी करके लाखों के माल पर हाथ साफ कर चुके थे। भुक्तभोगी ने थाने में तहरीर दे कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के गमरहटा गांव निवासी कल्लू राम पुत्र राम किशोर का पूरा परिवार एक शादी समारोह में गया था। जब वापस लौटे तो देखा कि घर के पीछे चोर सेंधमारी करके बक्से में रखा डेढ लाख रुपये नगद एंव सोना चांदी के जेवरातों सहित लाखों की चोरी करने में कामयाब रहे। कल्लू राम ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## जीएनएम तृतीय वर्ष की छात्रा ने हॉस्टल में लगाई फांसी



मृतक छात्रा (फाइल फोटो

**फाफामऊ।** बाईपास स्थित एक नर्सिंग कॉलेज में पढ़ने वाली जीएनएम तृतीय वर्ष की छात्रा ने शनिवार की सुबह हॉस्टल के कमरे में छत के पंखे में दुपट्टा से फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। छात्रा की मौत की सूचना जैसे ही परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक सोरांव थाना क्षेत्र के धनपारी पुर गांव की मुस्कान बानो 21 वर्ष पुत्री मोहम्मद फातिम फाफामऊ बाईपास स्थित एक नर्सिंग कॉलेज में जीएनएम तृतीय वर्ष की छात्रा थी। वह कॉलेज के हॉस्टल में रहती थी। शनिवार को वह कॉलेज नहीं गई। उसकी रूम पार्टनर साक्षी कॉलेज की छुट्टी होने पर वापस हॉस्टल गई तो देखा कि हॉस्टल के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद है तो वह कॉलेज को सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने दरवाजा तोड़कर देखा तो छत के पंखे में दुप्पटा के फंदे से फांसी पर उसका शव लटक रहा था। और पुलिस को सूचना हुई तो पुलिस मौके पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। पुलिस ने बताया कि छात्रा किस कारण फांसी लगाई है उसकी जांच की जा रही है उसके पास से कई दवाइया मिली है यह दवा किस चीज की है जांच करने पर पता चलेगा।

## विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल रैली का आयोजन



साइकिल रैली निकालते लोग

**शंकरगढ़।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर आरोग्य केंद्र कल्याणपुर में साइकिल रैली का आयोजन किया गया । जिसमें ग्राम प्रधान कल्याणपुर की उपस्थिति में लोगों को साइकिल और इससे स्वास्थ्य के संबंध में जागरूक किया गया । सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अभिषेक जायसवाल ने मोटर छोड़कर साइकिल पर आइए, आलस दूर कर पर्यावरण बचाइए इस स्लोगन के साथ लोगों को साइकिल से सेहतमंद रहकर, गैर संक्रामक रोगों से दूर रहने तथा बेवजह प्रदूषण और आलस को फैलने से रोकने में कारगर उपाय के रूप में साइकिल को बढ़ावा दिए जाने पर जोर दिया । इस दौरान ग्राम प्रधान राम मिलन, पंचायत सहायक रामलोचन, आशा निर्मला सिंह, आंगनवाड़ी सहायिका गीता देवी, आदर्श, अंगद, राजकली अर्पित, निखिल एवं अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।



कैंप में उपस्थित लोग

## पीएम किसान सम्मान निधि केवाईसी कैम्प का हुआ आयोजन

**करछना।** विकासखंड करछना के अंतर्गत आने वाले ग्राम सभा निरिया प्राथमिक विद्यालय पर किसान सम्मान निधि का समस्या को लेकर कैम्प का आयोजन किया गया जिन किसानों को अभी तक पीएम किसान सम्मान निधि से बंचित थे उनका त्वरित कार्रवाई करते हुए निराकरण किया गया तथा जिन लोगों का पैसा आने में दिक्कतें आ रही थी मोबाइल नंबर नहीं जुड़ा है वह समस्या का समाधान करने के लिए पोस्ट मास्टर सुनील कुमार एवं ग्राम प्रधान अमृतलाल और समाजसेवी पवन कुमार यादव ,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुकेश कुमार, सफाई कर्मी अनिल कुमार, श्रीधर यादव किसान भाइयों राजेंद्र यादव, कृष्ण मोहन यादव, रामचंद्र, प्रभुनाथ,किन्नू यादव, मनोज कुमार, भोलानाथ आदि लोग ग्राम सभा के व्यक्ति मौजूद थे।

## जनसमस्याओं का समुचित निस्तारण ही प्राथमिकता : विमल किशोर मिश्र

**कोरांव।** शनिवार को जून माह के पहले आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर कुल 224 शिकायते प्राप्त हुई जिसके सापेक्ष 17 शिकायतो का तत्काल निस्तारण हुआ

सम्पूर्ण समाधान दिवस के 224 शिकायतो में सबसे अधिक राजस्व विभाग की कुल 141 शिकायते पुलिस से संबंधित कुल 18 विकास से संबंधित 28 व अन्य शिकायते प्राप्त हुई जिसमे राजस्व संबंधित 17 शिकायतो का तत्काल निस्तारण किया गया अधिवक्ताओं का भी एक गुट उप जिलाधिकारी को जन समस्याओं को लेकर सौंपा बाकी शिकायतो को संबंधित विभागों को सौप कर अतिशीघ्र निस्तारण हेतु अग्रसारित किया गया। इस दौरान एसडीएम सुदामा वर्मा ने कहा की शिकायतों का समुचित और शीघ्र निस्तारण उनकी प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की हीलाहवाली क्षम्य नही होगी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम के साथ सहायक पुलिस आयुक्त विमल किशोर मिश्र, तहसीलदार कोरांव अनिल वर्मा, नायब तहसीलदार बड़ोखर विनोद कुमार सिंह, थाना प्रभारी कोरांव धीरेंद्र सिंह आपूर्ति निरीक्षक संजय विश्वकर्मा संघ के पूर्व अध्यक्ष लल्लन तिवारी सुनील कुमार पांडेय सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार प्रयागराज/कौशांबी के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए विमलेश

**सहसों।** केन्द्रीय उपभोक्ता सहकारी भण्डार लि. प्रयागराज/कौशाम्बी के अध्यक्ष पद के चुनाव में विमलेश पटेल को संचालक मंडल के सदस्यों द्वारा निर्विरोध निर्वाचित हुए। नव निर्वाचित अध्यक्ष द्वारा निर्विरोध चुने जाने पर सभी संचालक मंडल के सदस्यों तथा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन करने वाले सभी शुभेक्षुओं का आभार व्यक्त किया। और बताया कि आपका विश्वास ही मेरी ताकत है। सहकारिता एवं पंचायतीराज गांव व किसानों से जुड़ा विभाग होने से, हमेशा से मेरा पसंदीदा रहा जंहा पर हम किसानों के बेहतरी में अपना सम्पूर्ण योगदान देंगे। इस अवसर पर अनिरुद्ध पटेल, कन्हैया लाल पाण्डेय, संगीता पटेल, सुनीता उपाध्याय, राजा मौर्य, संदीप द्विवेदी , लल्ले सिंह लाल चन्द्र पटेल , लक्ष्मी कांत मिश्र काका आदि लोगों ने माला पहनाकर विमलेश पटेल को बधाई एवं अच्छे कार्यकाल की शुभकामनाएं दी।

## दबंग भू माफियाओं के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज

**कार्यवाही**

**मऊआइमा के महरौंड़ा में कतिपय दबंगों द्वारा कतांडव, हूटर बजा कर असलहों का प्रदर्शन से जीना मुहाल हो गया**

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के में कतिपय दबंग भू माफियाओ के कारण ग्रामीणों का जीना दुश्वार हो गया है। आरोप है कि वाहनों में हूटर लगा कर रात में दहशत फैलाने एंव दूसरी की जमीन हडप लेने, पेयजल के लिए आयी टंकी न बनने देने आदि सहित कई संगीन धाराओं में मऊआइमा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम महरौंडा निवासी मोहम्मद लईक पुत्र मोहम्मद रफीक का आरोप है हमारे गांव के पूर्व(ए आई एम आई एम)के महासचिव प्रयागराज के अटाला के नूर उल्ला रोड में धरना प्रदर्शन में भाग लेने पर उसका वाहन पकडा गया था। उक्त माफिया प्रवृत्ति का सौदागर उसकी भूमिधरी जमीन पर कतिपय दबंगों से मिलकर जबरियन गुंडागर्दी से असलहों से कब्जा कर लिए ।मोहम्मद लईक का आरोप है कि सरकार द्वारा गांव गांव पेयजलापूर्ति के लिए जल जीवन मिशन के तहत निर्माण के लिए आयी टंकी की बोरिंग मशीन के आगे दबंगों ने अपना वाहन खडी करके न बनने देने सरकारी, गैर सरकारी कर्मचारियों को दौडा लेने उनसे अभद्रता करने तथा पेयजलापूर्ति की टंकी न बनने देने और रात्रि के समय कई लोगों को लेकर वाहनों में हूटर बजाने आदि से खौफ पैदा करने से लोग आजिज आ गए थे।मोहम्मद लईक का आरोप है कि पैरवी करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी देने आदि से परेशान होकर वह मऊआइमा थाने में तहरीर दी। पुलिस ने जांच करायी तो वाहन में हूटर एंव अन्य आरोप सही पाए गए। मोहम्मद लईक की तहरीर पर पुलिस ने महरौंडा गांव निवासी अजहरुल इस्लाम पुत्र फखरुल इस्लाम ,लतीफ अनवर पुत्र अनवारूल इस्लाम तथा पांच अज्ञातों के खिलाफ विभिन्न संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करा लिया है।



## किसान सम्मान निधि के समस्याओं के निवारण हेतु लगा शिविर

**बहरिया।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों को योजना का लाभ सभी को नही मिल पा रहा था । इसी को ध्यान में रखते हुये सरकार द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत भवन में एक विशेष शिविर चलाने का निर्देष दिया गया है । जिसके अन्तर्गत समस्त ग्रामसभा में शिविर के माध्यम से जिन भी लाभार्थी के खाते में किस्त नही आ रही है या अन्य कोई समस्या है । उसके निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी इस शिविर में मौजूद रहकर सभी समस्याओं का निवारण करते हुये किसानों का सहयोग करे । बहरिया विकास क्षेत्र के ग्रामसभा बलकरनपुर में एक विशेष शिविर का आयोजन पंचायत भवन में किया गया । जिसमें कृषि अधिकारी डा0 जगदीप चौरसिया एवं ग्राम पंचायत अधिकारी रवि मौर्यए हल्का लेखपाल क्रान्ति यादव पचायत सहायिका एवं पूर्व प्रधान कमलेश पटेल के मौजूदगी में लगभग 300 लाभार्थी किसानों की समस्याओं का निराकरण किया गया ।

## दिल में जजबा हो तो थोड़ी-थोड़ी रकम एकत्रित कर हज पर जरूर जाएं : मुफ्ती मौलाना हबीबुर्रहमान



हज पर जाते लोग

**मऊआइमा।** मऊआइमा के ऐतिहासिक लदाव कोठी से आधा दर्जन हाजियों का जत्था हज जियारत के लिए रवाना हुआ जहां बड़ी संख्या में लोग मुबारकबाद देने लदाव कोठी पर पहुंचे।

शनिवार को मऊआइमा कस्बा के लदाव कोठी से वरिष्ठ समाज सेवी उमैर जलाल, उनकी अहलिया,उनके पिता असदुल हक ,उनकी माताजी ,उमैर जलाल के खालू अशर सईद ,खलेरा भाई आशिक सईद हज यात्रा पर रवाना हुए। हज पर जाने से पूर्व मुफ्ती मौलाना हबीबुर्रहमान साहब ने हज के बाबत लोगों को सवाब के बारे में बताया तथा कहे कि यदि दिल में जज्बा हो और थोडी थोडी रकमें एकत्रित हो जाए तो हर कोई का हज करने की अरमान पूरी हो जाएगी। इसके पूर्व कारी मोहम्मद शमामा ने केराआत ,नजम पढी। अन्त में मौलाना मुफ्ती हबीबुर्रहमान ने दुआ कराया । हज पर रवाना होने से पूर्व समाज सेवक उमैर जलाल ने सभी से जाने अनजाने में कोई गलती हो जाने पर माफी मांगी। वहां मौजूद जानकर लोगों ने बताया कि पहले लखनऊ से हाजियों की जहाज मदीना जाती थी जहां सारे होटल फुल हो जाने से हाजियों को मदीना तक जहाज ले जा कर छोड देती है फिर हाजी बस द्वारा मक्का छह घंटे में पहुंचाया जा रहा है। हज कमेटी के इस बदलाव से हाजियों में नाराजगी है। लदाव कोठी से आधा दर्जन लोगों के हज पर जाने वालों को उनसे मिलने और दुआ करवाने के लिए चेयरमैन शोएब अंसारी, नदीम इंतेखाब, मोहम्मद अनस, बासित, डाक्टर इरशाद, कारी रहमतुल्लाह, बहाल उद्दीन, जिया अब्बसी, मेराज आरिफ, रूखसार मेराज, एजाज, मोहम्मद सलीम, वारिश, अफसार, नदीम सादिक, रिजवान, राशिद लतीफ, कौशरगयास, अनीस आदि बडी संख्या में लोगों ने नम आंखों से बिदाई दी।

**उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय)**

**कार्यालय, अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड (वि0/यॉ0)**
**नैनी (निकट पुराना यमुना ब्रिज), प्रयागराज-211007**
E-Mail:-eecdemprayagraj@gmail.com

**अल्पकालीन ई-निविदा**


अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश जल निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद प्रयागराज स्थित इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सीनेट कैम्पस में नलकूप रिबोरिंग के कार्य हेतु पी ग्रेवल की आपूर्ति से संबंधित निविदा आमंत्रित की गई है। इस कार्य हेतु निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 30.05.2023 से दिनांक 11.06.2023 तक कार्यालय अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड-(वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), प्रयागराज एवं कार्यालय अधीक्षण अभियंता, निर्माण मण्डल (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), प्रयागराज से की जायेगी जो दिनांक 11.06.2023 को 17.00 बजे तक डाली जायेगी एवं दिनांक 12.06.2023 को 15.30 बजे कार्यालय अधिशासी अभियंता, निर्माण खण्ड (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), प्रयागराज में खोली जायेगी। निविदा के कार्यों का विस्तृत विवरण सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

**अधिशासी अभियंता**

पत्रांक-399/ निविदा/75 दिनांक- 29/05/2023



# प्रयागराज



**मौसम**

अधिकतम : 41.00
न्यूनतम : 28.00
सूर्योदय : 05.15
सूर्यास्त : 06.44

### वाणिज्य विभाग की खानटीम द्वारा औचक निरीक्षण, जब्त की गई सामग्री

**प्रयागराज।** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, प्रयागराज मंडल शशिभूषण एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक द्वितीय हिमांशु शुक्ला के मार्गनिर्देशन में वाणिज्य विभाग द्वारा स्टेशन एवं ट्रेन में अनअप्रूव्ड सामान बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही। इसी क्रम शनिवार को संतोष त्रिपाठी, सहायक वाणिज्य प्रबंधक कानपुर के द्वारा टिकट चेकिंग स्टाफ, वाणिज्य निरीक्षक, मुख्य खान-पान निरीक्षक की टीम के साथ कानपुर सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर स्थित खानपान स्टालों के साथ गाड़ियों के पेंट्रीकार की औचक जांच की गयी। इस दौरान नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस के पैंट्रीकार में यात्रियों के बिक्री हेतु रखी बिना अनुमोदित सिग्नेचर ब्रांड पानी की 60 बोतल पायी गईं। जिसे सीज कराकर अग्रिम कार्यवाही हेतु छढड में जमा कराया गया। इस बाबत सहायक वाणिज्य प्रबंधक संतोष त्रिपाठी द्वारा लाइसेंसी के विरुद्ध अग्रिम कार्यवाही हेतु IRCTC को पत्र लिखने की बात भी कही गयी। इसी क्रम में दिनांक 2 जून 2023 को प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन पर ट्रेन नंबर 18309 संबलपुर जम्मू शताब्दी, ट्रेन नंबर 12791 सिकंदराबाद दानापुर एक्सप्रेस एवं ट्रेन नंबर 15017 काशी एक्सप्रेस के पैंट्रीकार का औचक निरीक्षण किया गया इस दौरान कई अनअप्रूव्ड पानी की बोतलें कोल्ड ड्रिंक तथा अन्य सामान को जप्त कर अग्रिम कार्रवाई हेतु अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया।

# डेंगू व अन्य संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु बैठक सम्पन्न

**डीएम ने नगर निगम तथा जिला पंचायतराज अधिकारी को नालों, नालियों, तालाबों, खाली स्थानों को चिन्हित करते हुए युद्धस्तर पर सफाई का अभियान चलाये जाने के दिए निर्देश**



बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

**प्रयागराज।** जिला अधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शनिवार को संगम सभागार में डेंगू व अन्य संचारी रोगो पर प्रभावी नियंत्रण हेतु गठित जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को कार्य योजना के अनुसार प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में नगर निगम तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायतराज अधिकारी को नालों, नालियों, तालाबों, खाली स्थानों को चिन्हित करते हुए युद्धस्तर पर सफाई अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने इस बार नालों, खाली स्पॉटों, तालाबों सहित अन्य स्थलों के सफाई कार्य को ड्रोन से निगरानी किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है।

जिलाधिकारी ने क्यूआरटी टीम के माध्यम से घर-घर जागरूकता/निगरानी कराये जाने के लिए कहा है। डेरी, नर्सरी, खाली प्लॉटों को भी चिन्हित करते हुए वहां पर साफ-सफाई एवं जल-जमाव न होने देने के लिए विशेष सतर्कता एवं निगरानी की कार्रवाई करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने डेंगू एवं अन्य संचारी रोगो से बचाव हेतु व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाये जाने के लिए कहा है, जिसमें स्कूलों में प्रार्थना सभा में बच्चों को डेंगू से बचाव के बारे में जागरूक करने, बच्चों को फुल आस्तीन के कपड़े पहनने तथा घरों में कहीं पर भी जल-जमाव न होने देने के लिए बच्चों के माध्यम से घर के सदस्यों को जागरूक कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने मलेरिया अधिकारी को डेंगू से बचाव एवं डेंगू के लक्षणों के बारे में पम्पलेट छपाकर लोगो के मध्य उसका वितरण कराये जाने तथा मोबाइल अप्लीकेशन के माध्यम से भी लोगो को जागरूक कराये जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है। उन्होंने पब्लिक एडेज्स सिस्टम के माध्यम से भी लोगो को जागरूक करने के लिए कहा है। साथ ही साथ उन्होंने लोगो को मच्छरदानी का प्रयोग करने के लिए भी जागरूक करने के लिए कहा है। हॉट-स्पॉट स्थानों को चिन्हित करने तथा वहां पर विशेष सफाई अभियान चलाये जाने के लिए कहा है।

जिलाधिकारी ने बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों को चिन्हित करने तथा वहां से बाढ़ का पानी निकलने के बाद जल-जमाव न होने देने के लिए पहले से ही प्रभावी कार्रवाई करने के लिए कहा है। उन्होंने सफाई अभियान को और प्रभावी बनाये जाने हेतु एरिया वाइज जिम्मेदार अधिकारी की तैनाती किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने झाड़ियों की कटाई किए जाने तथा वहां पर सफाई की नियमित रूप से समुचित व्यवस्था बनाये रखने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण हेतु कंट्रोल रूम को क्रियाशील किए जाने के लिए कहा है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में फागिंग मशीनों की पर्याप्त उपलब्धता बनाये रखने तथा नियमित रूप से फागिंग की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के साथ-साथ प्रयोग में लाये जाने वाले कैमिकल की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिए जाने के लिए कहा है।

जिलाधिकारी ने डेंगू की टेस्टिंग के लिए पहले से ही समुचित व्यवस्था बनाये रखने के लिए कहा है। उन्होंने आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित किए जाने के साथ-साथ प्राइवेट अस्पतालों के साथ कार्यशाला आयोजित कर अच्छे ढंग से प्रशिक्षित कराये जाने के लिए कहा है। ब्लड डोनेशन के लिए लोगो को जागरूक करने एवं प्लेटलेट्स की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता बनाये रखने हेतु कार्य योजना के अनुसार कार्रवाई करने के लिए कहा है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी आशु पाण्डे, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, सीएमएस सहित सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों के अलावा अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री कल्याणकारी योजनाओं को लेकर सेंट्रल एकेडमी में अधिवक्ताओं की बैठक संपन्न



बैठक में उपस्थित लोग

**प्रयागराज।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं को लेकर झूसी स्थित सेंट्रल एकेडमी स्कूल में वरिष्ठ अधिवक्ता हाई कोर्ट डॉ संगम लाल मिश्र की अध्यक्षता में शनिवार को अधिवक्ताओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ संगम लाल मिश्र ने भारतीय जनता पार्टी मोदी सरकार के 9 वर्ष के शासन सुशासन तथा कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया ।योजनाएं अंतिम व्यक्ति के अंतिम पायदान तक पहुंचे इसको लेकर रणनीति तैयार की गई है। इस योजनाओं का लाभ सुपात्र लोगों को ही मिले इसको लेकर गहन चिंतन मंथन किया गया।साथ ही भारतीय जनता पार्टी सरकार के 9 वर्ष के शासन सुशासन एवम गरीब कल्याण के लक्ष्य को आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर सफल किया जा सके। इस पर गहनता से विचार-विमर्श हुआ। सेंट्रल एकेडमी के निदेशक डॉ एसके तिवारी ने कहा कि भारत के 80% लोगों ने कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लिया है। बाकी लोगों को अगर नहीं योजनाओं का लाभ मिला है तो लोगों को जागरूक करना होगा ताकि लोगों को लाभ मिल सके। बैठक में मुख्य रूप से अशोक कुमार उपाध्याय, उमेश मिश्रा, संजय द्विवेदी, अमित शुक्ला शिव नारायण मिश्र, संजय त्रिपाठी सहित काफी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे।

### रोजगार मेला का आयोजन 08 जून को

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज द्वारा विधान सभा क्षेत्र शहर पश्चिमी में 8 जून को मजीदिया इस्लामिया इण्टर कालेज, प्रयागराज परिसर में प्रातः 10:00 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाना है। इस मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनियां सोनाटा फाइनेंस प्रा0लि0, बजाज कैपिटल इंश्योरेंस बुकिंग लि0, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रा0लि0 एवं डस्की स्टैलियन कन्सल्टेंसी सर्विस प्रा0लि0 आदि द्वारा विभिन्न पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेगी । इस मेले में हाई-स्कूल/ इण्टर/ स्नातक/ आई0टी0आई0/ डिप्लोमा उत्तीर्ण, आयु सीमा 18 से 40 वर्ष के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थी रिक्तियों से सम्बन्धित विस्तृत विवरण सेवायोजन पोर्टल sewayojan.up.nic.in पर प्राप्त कर सकते हैं। इस हेतु यात्रा भात्ता देय नहीं होगा ।

## ओड़िशा रेल हादसे पर कांग्रेसियों ने जताया शोक



ओड़िशा रेल हादसे पर शोक व्यक्त करते कांग्रेसी

**प्रयागराज।** जिला कांग्रेस कमेटी गंगापार के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने ने ओडिशा के बालासोर मे हुए भीषण रेल हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मोमबत्ती जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। शनिवार को सिविल लाइन्स स्थित धरना स्थल पर जुटे पार्टी नेताओं ने मामले की उच्चस्तरीय न्यायिक और समयबद्ध जांच कराने की मांग की है।

इस दौरान गंगापार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी, विवेकानंद पाठक, संजय तिवारी, हसीब अहमद, परवेज अशफाक सिद्दीकी, मनोज पासी, राकेश पटेल, जितेश मिश्रा, पृथ्वी तिवारी, ओम प्रकाश दुबे, अजीत पासी, विक्रम सिंह, राजीव पटेल, अजय बागी, राजीव यादव, निशांत रस्तोगी, सूरज तिवारी, नदीम अहमद, अनुराग शुक्ला, हिमांशु पाठक, नमन मिश्र, अनुज श्रीवास्तव, अफसर अली, मोहमद इसरार, रंजीत केसरी समेत आदि लोग मौजूद रहें।

## पूर्व सैनिक शिक्षकों ने 103वीं वर्षगांठ बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया



103 वी वर्षगांठ मनाते पूर्व सैनिक शिक्षक

**प्रयागराज।** प्रयागराज के सेना शिक्षा कोर के पूर्व सैनिक शिक्षको ने 103 वी वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व सूबेदार कारगिल युद्ध विजेता श्यामसुंदर सिंह पटेल संरक्षक वीर सेनानी पूर्व सैनिक कल्याण समिति प्रयागराज रहे ।समारोह की अध्यक्षता कैप्टन चन्द्रमा प्रसाद तिवारी व संचालन पूर्व सूबेदार मेजर मुकेश मिश्रा ने किया संयोजन कैप्टन एस एन दुबे, पूर्व सूबेदार मेजर ए के सिन्हा, पूर्व सूबेदार दिनेश कुमार, पूर्व सूबेदार राकेश पांडे, प्रधानाचार्य मदन मोहन शंखघर, प्रवक्ता बृजेश शंखधर, प्रवक्ताआर के यादव आदि ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक राष्ट्रगान, शिक्षा सेना कोर जहाँ निर्भय चित और मस्तक ऊंचा ज्ञान हो बाधा हीन गीत गाकर भारत माता की जय के साथ हुआ तत्पश्चात सरस्वती वंदना की प्रस्तुति कवित्री श्रीमती डॉक्टर मधु शंखघर स्वतंत्र बृजेश शंखधर ने किया। उपस्थित शाहबानो ने अपने शिक्षा सेना कोर के अनुभव साझा कर विचार रखे तत्पश्चात पूर्व सैनिक कवि व कवित्रीयों ने अपनी रचनाएं पढ़कर कार्यक्रम में समां बांधी और लोगों को तालियां बजाने व वाह वाही करने के लिए बाध्य किया जिसमें सुबेदार मेजर मुकेश मिश्रा ने सुनाया - मैं हूं बीमार गम, कोई ऐसा नहीं जैसे गुल शाख से टूट कर गिर पड़े ...., इसी क्रम में डॉक्टर मधु शंखघर स्वतंत्र ने सुनाया - सेवानिवृत्त भाव मिलने हैं समय बहुत सुखदाई है......., दिल ने छेड़ा ही ऐसा अजब साज है ...... जिस पर लोगों ने खूब तालियां बजाई इसी प्रकार कई लोगों ने गीत, चुटकुले सुनाकर लोगों का मनोरंजन किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्याम सुंदर सिंह पटेल ने अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा मानुषी श्रृंगार है शिक्षा बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है साहित्य में वर्णित है कि गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागू पाय, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए इस तरह से शिक्षा और शिक्षक का मनुष्य जीवन में बहुत बड़ा स्थान है हमें इसे जन-जन तक पहुंचाना है लोगों को शिक्षा की ओर जागृत करना है आर्मी शिक्षा कोर सैनिकों को शिक्षित संस्कारित कर सैन्य बल का देश की रक्षा में उपयोग करने की सीख शिक्षा सेना कोर से मिलती है जिसकी स्थापना सेना में 01 जून 1921 में सतपुड़ा की रानी पंचमढ़ी मध्यप्रदेश में हुई जो सेना शिक्षा का केंद्र है जहां से सैन्य शिक्षक प्रशिक्षित होकर पूरी सेना को अकादमिक एवं सैन्य शिक्षा प्रदान कर सैनिक को सुशिक्षित व सुसज्जित बनाता है इसीलिए शिक्षा सेना कोर का सिंबल विद्यैव बलम है जिस पर हमें गर्व है आज हम पूर्व सैनिक एकजुट होकर अपने अनुभव से जनहित, समाज हित, देश हित व पूर्व सैनिक हित के लिए सराहनीय कार्य कर रहे हैं यह कार्यक्रम भी उसी का हिस्सा है जिस पर सभी ने तालियों से स्वागत किया।

कार्यक्रम में शामिल प्रमुख लोगों में सीपी तिवारी, एस एन दुबे, श्याम सुंदर सिंह पटेल, मुकेश मिश्रा ,ए के सिन्हा, एस सी तिवारी, डीके मिश्रा, एस पी सोनी, ए के यादव, ओ एस तिवारी, एसपी सिंह, ए डी शुक्ला, आर के चतुवेर्दी, घनश्याम मिश्रा, पी के राय, उमाशंकर तिवारी, आर के यादव, डी एस पाठक, एस सी तिवारी, बी के शंखघर, एम एम शंखघर, राकेश पांडे, श्रीमती मधु शंखघर व कई महिलाएं शामिल रहीं अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापन पूर्व सूबेदार मेजर मुकेश मिश्रा ने किया व सहभोज के साथ कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ जिसकी सभी ने भूरी भूरी प्रशंसा किया।



### ऑपरेशन अमानत के तहत 187 यात्रियों को दिलाया छूटा सामान

**प्रयागराज।** रेलवे सुरक्षा बल को रेलवे संपत्ति, यात्री क्षेत्र, यात्रियों और उससे जुड़े मामलों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कई यात्री ट्रेन पकड़ने या स्टेशन से निकलने की हड़बड़ी में अपना सारा सामान ले जाना भूल जाते हैं। रेलवे सुरक्षा बल कार्मिक ऐसे सामान को सुरक्षित रखने में मदद करते हैं और उन्हें "ऑपरेशन अमानत" के तहत सही मालिकों तक पहुंचाते हैं। आरपीएफ ने वर्तमान वर्ष में अब तक (जनवरी 2023 से मई 2023 तक ) इस ऑपरेशन के तहत 187 यात्रियों को उनका छूटा सामान वापस उन तक पहुंचाया है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 12 लाख रुपये थी। इसी क्रम में शुक्रवार को एक यात्री गाड़ी संख्या 12309 तेजस एक्स में राजेंद्र नगर पटना से कानपुर सेन्ट्रल की यात्रा कर रहे थे । ट्रेन के प्रयागराज स्टेशन पर पहुचने पर यात्री अपने कोच से बहार कुछ सामान लेने के लिए उतरे थे, तभी ट्रेन चल दी और यात्री ट्रेन में नहीं चढ़ पाए, जिससे उनका सारा सामान ट्रेन में ही छूट गया। यात्री द्वारा तत्काल इसकी सूचना रेल प्रशासन को डी गयी। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए ट्रेन में ड्यूटी पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल के जवानों द्वारा उक्त यात्री का सामान कानपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर उतरवाया गया, बाद में यात्री द्वारा रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कानपूर पहुच कर अपनी आईडी प्रस्तुत की गयी । उक्त व्यक्ति ने अपने बैग की पहचान किया। यात्री के टिकट को चेक किया तथा सही पाए जाने और संतुष्टि होने के बाद रेलवे सुरक्षा बल द्वार यात्री को बैग में रखे सामानों को चेक करवाया तथा ठीक पाए जाने उक्त दोनों बैगों को यात्री को लौटाया गया। दोनों बैग में रखे सामानों की अनुमानित कीमत लगभग 60,000 आंकी गई है।

## हाईकोर्ट ने रेप पीड़िता की कुंडली जांचने का दिया आदेश लखनऊ विवि बताए कुंडली में मांगलिक दोष है या नहीं

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट ने लखनऊ विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग को दुष्कर्म पीड़िता की कुंडली की जांच का आदेश दिया है। यह आदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति बृजराज सिंह ने आरोपी गोविंद राय उर्फ मोनू के जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिया है। लखनऊ के थाना चिनहट में दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक आरोपी और पीड़िता की शादी पारिवारिक रजामंदी से तय हुई थी। इसी दौरान विवाह से पहले दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत और वीडियो कॉलिंग होने लगी।इसी दौरान पीड़िता के पिता का देहांत हो गया। इस मौके पर अपनी मां के साथ शोक संवेदना व्यक्त करने आए आरोपी ने शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाए और घर वापस लौटने के बाद शादी करने से इन्कार करते हुए पीड़िता की आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी थी, जिसके विरूद्ध पीड़िता ने प्राथमिकी दर्ज करवा दी थी, आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया था।

उच्च न्यायालय में आरोपी के जमानत प्रार्थना पत्र पर बहस करते हुए आरोपी की अधिवक्ता कहना था कि आरोपी की शादी पारिवारिक सहमति से ही तय होनी थी। दोनो की कुंडली मिलान के लिए एक दूसरे के परिजनों को दी गई थी। आरोपी के पुरोहित की राय में लड़की की कुंडली में मांगलिक दोष है। जिसके कारण परिजन शादी नहीं करना चाहते हैं, जबकि पीड़िता के अधिवक्ता का दावा है कि पीड़िता की कुंडली में मंगलिक दोष नहीं है। मामले की सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने कुंडली दोष की निष्पक्ष जांच के लिए प्रश्नगत कुंडली को लखनऊ विश्वविघालय के ज्योतिष विभाग को भेजते हुए तीन सप्ताह में जांच रिपोर्ट को सीलबंद लिफाफे में 26 जून को पेश करने का आदेश दिया है।

## बेटे की मौत की खबर सुनकर हादसे में घायल मां की भी गई जान

**हंडिया।** हादसे में घायल मां का इलाज कराने के लिए जा रहा बेटे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इसकी खबर जब अस्पताल में भर्ती मां को लगी तो बेटे का जनाजा उठने से पहले ही उसकी भी मौत हो गई। मां बेटे की मौत से गांव में मातम पसर गया है। बेटे के साथ घायल दूसरे शख्स की हालत अस्पताल में नाजुक बनी हुई है ।हंडिया थाना क्षेत्र के कस्बा बरौत की रहने वाली सितारा बेगम अपने रिश्तेदार के साथ बाइक से हंडिया अस्पताल में भर्ती किसी रिश्तेतार को देखने गई थी। अस्पताल से घर लौटते समय हंडिया बाजार के पास बासुपुर चौराहे पर हुए हादसे में उसको गंभीर चोटे आईं। साथ ही हाथ भी फैक्चर हो गया। उसको उपचार के लिए भदोही के गोपीगंज ले जाया गया। मां के घायल होने की सूचना मिलने पर बेटा साजिद (25) अपने दोस्त आफताब के साथ बाइक से मां का उपचार कराने गोपीगंज जा रहा था ।गोपीगंज के निकट राजपूत ढाबा के पास वाहन को सामने आए व्यक्ति को बचाने के चक्कर में वह ट्रक से भिड़ गया। आनन फानन में उसे उपचार के लिए एसआरएन अस्पताल ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। उसका साथी आफताब गंभीर रूप से घायल है। बेटे की मौत की खबर जब अस्पताल में भर्ती मां सितारा बेगम को मिली तो सदमे में उसकी भी मौत हो गई। कुछ घंटे के भीतर मां-बेटे की मौत से परिवार सहित पूरे गांव में मातम छा गया है।

## मेडिकल कैंप का आयोजन के साथ बांटे गए शरबत



भीषण गर्मी में शर्बत पीकर राहत पाते राहगीर

**प्रयागराज।** भारत विकास परिषद मंगलम द्वारा गंगा घाट, रसूलाबाद में अन्तस् फाउण्डेशन के साथ वृहद् मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के विख्यात डाक्टर्स जैसे नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. अरविन्द चौधरी, डॉ. धनंजय सिंह (कान, नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ) डॉ. जयराम भार्गव तथा डॉ. जे.पी. यादव ने लगभग 258 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करके उन्हें उचित मेडिकल परामर्श दिया। तदुपरान्त उन्हें निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गईं। प्रचंड गर्मी को देखते हुए कैम्प में शीतल पेय जल तथा शर्बत का वितरण किया गया। इस विशाल कार्यक्रम के सफलता के लिए संरक्षक नागेंद्र सिंह ने सभी को धन्यवाद दिया।

मुख्य रूप से उपस्थित प्रान्तीय संरक्षक शिवनन्दन गुप्ता, भारत विकास परिषद मंगलम के संरक्षक नागेन्द्र सिंह, अध्यक्ष वी.पी. गुप्ता, उपाध्यक्ष श्रीमती अनामिका दीप, सचिव अमित श्याम, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार, उमेश भट्ट, नागेन्द्र जायसवाल, आशीष गुप्ता, सभासद मुकुन्दं तिवारी, कैंप संयोजक सुशील दुबे, शशिकांत श्रीवास्तव, विनय कूल, सौरभ सिंह भदोरिया, जानवी मिश्रा आदि उपस्थित रहे। भारत विकास परिषद के सदस्यों पदाधिकारियों एवं स्वयं सेवकों के साथ कैम्प में प्रशान्त गुप्ता ने स्वयं उपस्थित रहकर मरीजों को दवा वितरण किया। कैम्प का उद्घाटन श्रीमद्भागवत कथा के व्यास पीठ आचार्य श्री प्रकाश महाराज किया।

## अनाज गोदाम में लगी आग, करीब 50 कुंतल राशन और सैकड़ों कुंतल भूसा जलकर नष्ट

**प्रयागराज।** थरवई थाना क्षेत्र में धर्मपुर घुरवा गांव में शनिवार रात को अनाज गोदाम में आग लग गई। जिसकी चपेट में भूसा वाला कमरा भी आ गया। जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक करीब 50 कुंतल अनाज और सैकड़ों कुंतल भूसा जलकर नष्ट हो गया। फायर ब्रिगेड की टीम और ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

गंगानगर के थरवई थाना अंतर्गत धर्मपुर घुरवा गांव निवासी कुंज बिहारी यादव गांव के बड़े किसानों में गिने जाते हैं। उन्होंने अपना अनाज और भूसे का अलग गोदाम बना रखा है। जिसमें वह अपना सारा अनाज रखते थे। बगल वाले कमरे में भूसा रखते थे। शनिवार को रात करीब आठ बजे उनके अनाज के गोदाम में आग लग गई।

देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। भूसा गोदाम भी आग की जद में आ गया। आग की लपटें खतरनाक होने लगी। पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया। गोदाम में रखा अनाज और भूसा दोनों जलकर राख हो गया। आग गोदाम में कैसे लगी यह रहस्य बना हुआ है। पुलिस घटना जांच कर रही है। थाना प्रभारी थरवई लोकेश त्रिपाठी ने बताया कि आग लगने की वजह अभी नहीं पता चली है। जांच की जा रही है।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि प्रसून सिंह पुत्र राजेश सिंह, निवासी- कथारी सहसेपुर, जिला-संत रविदास नगर के स्कूली दस्तावेज में माता के नाम में रूमा सिंह लिख गया है जो गलत है उनका सही नाम प्रमिला सिंह है उनको इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

## संक्षेप

### देवर ने विवाहिता से किया दुराचार का प्रयास

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव में ब्याही युवती के साथ उसके देवर ने दुराचार का प्रयास किया। विवाहिता ने मनमानी का विरोध किया तो उसे घर से भगाने की धमकी दी। पीड़िता थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पट्टीदारों ने दी जान से मारने की धमकी

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव की ऊषा देवी पत्नी लालजी ने बताया कि पड़ोसी से उसकी रंजिश चल रही है। इसी अदावत में पड़ोसी उसके घर पर पहुंचे और परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित कल्लू व अगनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सदर तहसील में डीएम, एसपी ने सुनी जनसमस्या

**सम्पूर्ण समाधान दिवस**

**29 शिकायतों ने सात का मौके पर निस्तारण**



सदर तहसील में जन शिकायत सुनते डीएम, एसपी

**कौशाम्बी।** सदर तहसील में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान जिलाधिकारी सुजीत कुमार व एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने जन समस्याओं को सुना। मौके पर 29 शिकायती पत्र प्राप्त हुई, जिसमें सात का मौके पर निस्तारण किया गया। जबकि शेष शिकायती पत्रों के निस्तारण को सम्बंधित अफसरों को एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करने का निर्देश दिया गया।

समाधान दिवस के अवसर पर मौजूद अफसरों से जिलाधिकारी ने साफ कहा कि तहसील दिवस शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रम में आता है, ऐसे में शिकायती पत्रों के निस्तारण में लापरवाही न बरती जाए। सभसभी शिकायतों के निस्तारण के लिए डीएम ने सम्बंधित अफसरों को एक सप्ताह का समय भी दिया है। वहीं आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायत को समयान्तर्गत निस्तारित करने का निर्देश दिया। कहा कि शिकायत डिफाल्टर न होने पाये। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता राधेश्याम, निवासी मनीपुर पवारा द्वारा अवगत कराया गया कि विपक्षी द्वारा उनकी पट्टे की भूमि पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष करारी एवं राजस्व निरीक्षक को जॉच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार शिकायतकर्ता अनीता, निवासिनी ग्राम डूडीबाग द्वारा बताया गया कि उनकी पुस्तैनी मकान पर दबंग व्यक्तियों द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है। इस पर डीएम ने उप जिलाधिकारी को जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही कराए जाने का निर्देश दिया। इस तरह से सिराथू तहसील में कुल 102 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से पांच शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। जबकि तहसील चायल में कुल 28 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से दो शिकायत का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुष्पेन्द्र कुमार, उप जिलाधिकारी प्रखर उत्तम एवं क्षेत्राधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# मृतका के घर पहुंची नायब तहसीलदार, बंधाया ढांढस



पीड़ित परिवार के साथ बैठी नायब तहसीलदार अंकिता पाठक

**शासन की योजना का मिलेगा लाभ, पीड़ित परिवार को दिया आश्वासन**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील अंतर्गत कसिया पश्चिम गांव शनिवार को सिराथू की नायब तहसीलदार अंकिता पाठक पहुंची। यहां उन्होंने मृतका के घर पहुंचकर पीड़ित परिवार का हाल जाना। इतना ही नहीं उन्होंने सरकार से मिलने वाली सहायता को पीड़ित परिवार को दिलाए जाने का आश्वासन भी दिया।

बताना जरूरी होगा कि शुक्रवार को कसिया पश्चिम गांव निवासिनी नत्थी देवी की तालाब में मिट्टी खोदते समय टीला ढह जाने से मौत हो गई थी। हालांकि इस दौरान चार अन्य महिलाएं घायल भी हुई थी, जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना के दूसरे दिन शनिवार को पीड़ित परिवार से मिलने से सिराथू की नायब तहसीलदार अंकिता पाठक पहुंचकर हर संभव मदद दिलाए जाने का आश्वासन देते हुए पीड़ितों का ढांढस बंधाया।

# ...तो एक रवन्ना में कई खेप लगाती है गाड़ियां

**अवैध**

**मामला अवैध बालू डंपिंग का, जिले के सूनसान जगहों पर हो रहा यह खेल**

**कौशाम्बी।** जिले के बालू माफिया तिजोरी भरने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाह रहे हैं। इसके पीछे वजह सरकारी मशनीरियों की लचर व्यवस्था मानी जा रही है। कहा जा रहा है कि डंपर, ट्रक संचालकों द्वारा अधिक धन कमाने के लिए इन दिनों अवैध बालू का भंडारण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। एक वाहन एक रवन्ना लेकर पूरे दिन में कई-कई खेप बालू लाकर अपने निर्धारित स्थानों पर डंप कर रही हैं। हालांकि इसके पीछे इनकी सोच होती है कि आने वाले कुछ दिनों में वर्षा ऋतु आ जाएगी और यदि उनके पास बालू का भंडारण रहेगा तो अच्छी खासी कमाई हो जाएगी।

यदि बात करें अवैध तरीके से हो रहे अवैध बालू भंडारण का तो इसमें सरायअकिल, कौशाम्बी, सैनी, कोखराज थाना क्षेत्रों में यह खेल बाखूबी हो रहा है। सड़क किनारे सूनसान बाग हो या फिर तमाम सूनसान जगह हों। बालू कारोबारिए इन दिनों ऐसे तमाम जगहों पर कहीं दस तो कहीं पांच तो कहीं बीस गाड़ियां बालू का भंडारण करते देखे जा रहे हैं। अब सवाल इस बात का उठ रहा है कि आखिर बालू भंडारण का क्या मानक है, यदि यह खेल मानक के अनुसार किया जा रहा हो तो ठीक है अन्यथा इन पर कार्यवाही होना तो लाजमी है। खैर यह तो रही भंडारण की बात। अब यदि रवन्ना पर बात करें तो एक रवन्ना में कितनी गाड़िया लोड हो सकती हैं यह भी एक बड़ा जांच का विषय है। खैर जिले की बुद्धिजीवी जनता इस ओर जिलाधिकारी सुजीत कुमार के अलावा पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव का ध्यान आकृष्ट कराते हुए माफियाओं के इस खेल की बारकी से जांच कराकर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग किया है।

### ओवर लोड पर चला प्रशासन का सोटा दर्जनों वाहन सीज



प्रशासनिक कार्यवाही में खड़े कराए गए बालू ओवर लोड वाहन

कौशाम्बी। बालू के अवैध कारोबारियों पर प्रशासन का सोटा भी चल रहा है, बाजूद बालू माफिया प्रशासन डाल-डाल तो माफिया पात-पात की कहावत को चरितार्थ करते देखे जा रहे हैं। पिछले दिनों जिलाधिकारी सुजीत कुमार के निर्देश पर प्रशासनिक टीमों ने कई यमुना घाटों पर छापामार कार्यवाही किया था, इस दौरान कुछ घाट संचालकों के खिलाफ अवैध बालू खनन का केस भी दर्ज कराया गया था। इतना ही नहीं प्रशासनिक टीम ने ओवर लोड वाहनों पर भी शिकंजा कसा था और कई वाहनों को सीज किया था, बावजूद इसके ओवर लोडिंग पर रोक लगती नहीं दिख रही है। शुक्रवार को भी प्रशासनिक टीम ने दर्जन भर बालू लदे ओवर लोड वाहनों को पकड़कर लिखा पढ़ी किया है।

खैर यहां पर बताना जरूरी होगा कि सूबे कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने जिले के अफसरों को इस बात का निर्देश दे चुके हैं तो बालू उत्पत्ति स्थल से ही ओवर लोडिंग कार्य को रोका जाए। हालांकि सीएम के निर्देश का यदि जिले में पालन हो जाए और उत्पत्ति स्थल से ओवर लोड रोक दिया जाए तो सड़कों पर फरार्टा भर रहे बालू ओवर लोड वाहन नजर ही न आएं। खैर सीएम के इस निर्देश का भले ही पालन न होता हो लेकिन सड़को पर फरार्टा भर रहे ऐसे ओवर लोड वाहनों पर प्रशासन कार्यवाही करता देखा जा रहा है। कहा जा रहा है कि शुक्रवार को कोखराज क्षेत्र के कई बालू ओवर लोड ट्रेक्कर पकड़े गए हैं, जिनके खिलाफ लिखा पढ़ी की गई है।

### युवक पर जानलेवा हमला, एक आरोपी गिरफ्तार

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली अंतर्गत सिराथू बाजार में शनिवार को एक युवक पर तीन युवकों ने कातिलाना हमला कर दिया। धारदार हथियार से लैश तीनों आरोपियों ने युवक के शरीर पर चाकू से प्रहार भी किया। बाजार में दिन दहाड़े वारदात को अंजाम देते देख लोगों ने मौके से एक युवक को पकड लिया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस को पकड़े गए युवक को सौंपा है। सिराथू के वार्ड नंबर आठ निवासी सानू सोनकर पुत्र बबलू सोनकर के मुताबिक वह किसी काम से बाजार आया था। उसे क्या पता था कि उसकी रेकी हमलावर कर रहे हैं। वहीं मौका रेकी कर रहे तीन युवक सानू पर चाकू से हमला कर दिया। वारदात को देख बाजार में मौजूद रहे लोगों ने बीच बचाव करना शुरू कर दिया। हालांकि दो हमलावर घटनास्थल से फरार हो जाने में सफल रहे जबकि एक ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गया। सूचना पर आनन फानन पहुंची पुलिस ने घायल सानू को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले गई, जबकि पकड़े गए युवक से पुलिस पूछताछ कर रही थी। हालांकि खबर लिखे जाने तक मामला स्पष्ट नहीं हो सका था, कहा जा रहा था कि घटना को अंजाम पुरानी रंजिशन दिया गया है।

# फेसबुक पर प्रेमिका की फोटो डालकर फंदे पर झूला युवक, मौत

**आत्महत्या**

**मौके से मिला सुसाइड नोट, पड़ताल में जुटी खाकी**

**कौशाम्बी।** पइंसा कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से आठ घंटे पहले छात्र ने फेसबुक पर अपनी प्रेमिका के फोटो भी शेयर किया था। साथ ही कैप्शन में उसी को जिम्मेदार बताया है। छात्र का शव कमरे के अंदर पंखे से लटका मिला है। शव के पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। सुसाइड नोट में छात्र ने प्रेमिका पर आरोप लगाते हुए लिखा, पहले शादी का वादा किया, फिर टॉर्चर करते हुए कहा मर जाओ। सुसाइट नोट के साथ पुलिस ऐसे कई पहलुओं पर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।

मोहब्बतपुर पंइसा थाना क्षेत्र के कैमा गांव निवासी छोटे लाल किसान हैं। छोटे लाल के दो बेटे व एक बेटी है। बड़ा बेटा दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। बेटी की शादी एक साल पहले हो चुकी है। छोटा बेटा राहुल यादव (24) सिराथू के एक कॉलेज से बीफार्मा फाइनल सेमेस्टर की परीक्षा की तैयारी कर रहा था। कोरोना काल के दौरान राहुल सीएचसी सिराथू के कोविड़ सेंटर में कम्प्यूटर ऑपरेटर (संविदा) पद पर नौकरी कर रहा था। इसी दौरान सीएचसी में काम कर रही एक एएनएम से उसका प्रेम संबंध हो गया। दोनों एक दूसरे के साथ करीब तीन साल तक प्रेम संबंधों में रहे। मातम के बीच परिवार के किसी सदस्य ने बताया कि राहुल ने मरने से 8 घंटे पहले फेसबुक पर एक नोट लिखा है जिसमें अपनी मौत का जिम्मेदार प्रेमिका को बताया है। उसने फेसबुक पोस्ट पर लिखा है। मेरी लाइफ इसी ने खराब की है, इसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। इसके अलावा युवक ने अपनी और प्रेमिका की फोटो भी पोस्ट की थी। पुलिस ने सुसाइट नोट के साथ फेसबुक खंगालना शुरू कर दिया है। एएसपी समर बहादुर ने बताया युवक की लाश घर के कमरे में मिली है। युवक के पास मिले सुसाइड नोट एवं मोबाइल फोन को कब्जे में लेकर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। प्रेम संबंधों की बात सामने आई है जिसकी गहराई से पड़ताल कराई जा रही है।

## वाहन आधा दर्जन बकरी लाद ले गए चोर

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के नथई का पुरवा निवासी कैलाश पशु पालक है। उसने बकरी पाल रखी है। बताया कि शुक्रवार रात घर से कुछ दूरी पर सड़क किनारे बंधी आधा दर्जन बकरियों को युवक कार में भरकर फरार हो गए। घटना की जानकारी पीड़ित को सुबह हुई। शनिवार को थाने में पीड़ित पशुपालक ने मामले की शिकायत की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात कार चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## रेलवे ट्रैक पर मिला अधेड़ का दो टुकड़े में शव

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के चिल्लाशाहबाजी गांव के पास हावड़ा दिल्ली रेल लाइन पर एक अधेड़ व्यक्ति का दो टुकड़ों में शव मिला है मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई सूचना पुलिस को दी गई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है काफी प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है घटनास्थल पर खून के निशान नहीं मिले हैं जिससे दुर्घटना की संभावना से इनकार किया जाता है।

घटनाक्रम के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत चिल्लाशाहबाजी गांव के ग्रामीण शुक्रवार की सुबह जब खेतों की ओर जा रहे थे तो देखा कि हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के चिल्ला शाहबाजी गांव के पास रेलवे ट्रैक पर एक अधेड़ व्यक्ति का दो टुकड़ों में शव पड़ा है रेलवे ट्रैक पर शव पड़े होने की जानकारी मिलते ही आसपास के तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गई जिस स्थान पर अधेड़ व्यक्ति का दो टुकड़ों में शव पड़ा था उस स्थान और उसके आसपास घटनास्थल पर खून के निशान नहीं है मौके की परिस्थितियां दुर्घटना से इंकार कर रही है मौके पर पहुंची सैयद सरावा चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है बताया जाता है कि कानपुर से प्रयागराज की तरफ जा रही नई रेलवे लाइन पर अधेड़ व्यक्ति का शव खभा नंबर 299/12 से 299/8 के बीच में मिला है काफी प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है पुलिस मामले की जांच पड़ताल और शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

## भेड़ पालक ने पिता-पुत्र को पीटा शिकायत

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के चंदानापुर गांव में शनिवार सुबह खेत में भेड जाने का विरोध करने पर भेड़ पालक ने पिता-पुत्र को पीट दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। तहरीर लेकर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

चंदानापुर निवासी कुल्लू ने बताया कि उसने खेत में उर्द व मूंग की फसल लगा रखी है। शनिवार सुबह पड़ोसी गांव कोटिया का भेड़ पालक उसके खेत में भेड़ लेकर पहुंच गया। जानकारी होने पर उसने विरोध किया तो आरोपित ने कुल्लू को पीट दिया। पिता के साथ मारपीट देख बेटा बीच-बचाव करने पहुंचा तो आरोपित ने उसे भी पीट दिया। लोगों ने बीच-बचाव करते हुए मामला शांत कराया। पिटाई के बाद पीड़ित थाने पहुंचे और मामले की नामजद शिकायत की।

# निर्माणाधीन मेडिकल कालेज की फीनीसिंग को डीएम ने जांचा

**कौशाम्बी।** मुख्यालय से सटे कादीपुर में निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज, का शनिवार को जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने स्थलीय निरीक्षण कर जहां निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत जायजा लिया वहीं उन्होंने फीनीसिंग को भी जांचा। इस दौरान उन्होंने जिम्मेदारों को समयानुसार कार्य पूर्ण कराने का निर्देश देते हुए फीनिसिंग के कार्य में कमी न आने का निर्देश भी दिया।

जिलाधिकारी ने एकेडमिक बिल्डिंग तथा गर्ल्स एवं ब्वायज हॉस्टल आदि के निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने फिनीशिंग कार्यों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि इलेक्ट्रिक वायरिंगध्उपकरण के कार्य की सामग्री मंगाकर स्टोर कर लिया जाय, जिससे इन कार्यों को समय से पूर्ण किया जा सकें। उन्होंने लिफ्ट लगाये जाने के कार्य में प्रगति लाने तथा मेडिकल कॉलेज परिसर की सड़क का भी निर्माण कार्य प्रारम्भ कराने के निर्देश दियें। उन्होंने आवश्यकतानुसार लेबरों की संख्या और बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुसार सुनिश्चित किया जाय, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता लोनिवि निर्माण खण्ड-वन, प्रयागराज के.के श्रीवास्तव एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुनील कुमार शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का निरीक्षण करते डीएम सुजीत कुमार।

### जेवरात चोरी करते धराई बालिका

**कौशाम्बी।** पिपरी के तिल्हापुर मोड़ निवासी शिव शंकर पुत्र दुर्गा प्रसाद सोनी के मुताबिक उनके घर में शनिवार की दोपहर घुसकर एक बालिका अलमारी तोड़ रही थी। अलमारी तोड़ने की आवाज सुनकर घर वालों ने उसे पकड़ लिया। वहीं पुलिस को सुपुर्द किया है। हालांकि पुलिस ने जब इस संबंध में लड़की से पूछताछ किया तो लड़की ने नाम व पता सरायअकिल थाना क्षेत्र बताया है। पीड़ित परिवार के लोगों का कहना है कि समय रहते आवाज सुनकर पहुंच जाने से उनके घर में सोने चांदी के जेवरात चोरी होने से बच गए है। मामले में बालिका से पुलिस पूछताछ कर रही थी।

# पर्यावरण बचाने को आयोजित हुआ विद्यार्थी वैज्ञानिक संवाद

**सैयदसरावा, कौशांबी।** जिले के कोईलाहा स्थित मधु वाचस्पति इंजीनीयरिंग कॉलेज शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा पर्यावरण बचाने हेतु विद्यार्थी वैज्ञानिक संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे कॉलेज प्रोजेक्ट प्रमुख (उ्व्रक्ष्) अमित सिंह ने अध्यक्षता किया। उन के दवारा भविश्य के नये किसानो को पर्यावरण बचाने एवं तकनीको के साथ कृषि के कार्यो को करने की सलाह दी गई। केंद्र के डॉ आशीष श्रीवास्तव ने जागरूक करते हुए कहा कि

अनुमान लगाया गया है कि बढ़ती आबादी का पेट भरने के लिये वर्ष 2050 तक खाद्य उत्पादन में 60% वृद्धि लाने की आवश्यकता होगी। किसानों पर फसल उत्पादन बढ़ाने के साथ पर्यावरण बचाने का भी दबाव बढ़ा रहा है। क्योंकि इससे फिर पर्यावरण की गंभीर क्षति की स्थिति बन रही है।ह्यनेचुरल फार्मिंगह्न (ठं३४१' त्र्श्ल्लॅ) या प्राकृतिक खेती, पारंपरिक और आधुनिक कृषि अभ्यासों- दोनों में सुधार के लिये एक नया दृष्टिकोण है, जो पर्यावरण, सार्वजनिक स्वास्थ्य और समुदायों की रक्षा पर लक्षित है। इसमें भविष्य की पीढ़ियों की आवश्यकताओं से समझौता किये बिना खाद्य उत्पादन को बढ़ना व किसानो को सक्षम करने की क्षमता देता है।

बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चितता हेतु के बारे मे बताते हुए कहा कि नेचुरल फार्मिंग में गाय के गोबर व गौ मूत्र के अलावा किसी भी सिंथेटिक रसायन का उपयोग नहीं होता है। इस प्रकार उत्पादित खाद्य में उच्च पोषण घनत्व होता है और इसलिये यह बेहतर स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है।महगा स्वस्थ वर्धक अनाज किसानों की आय में वृद्धि कर रहा है। नेचुरल फार्मिंग का उद्देश्य लागत में कमी, जोखिम में कमी, समान पैदावार, अंतर-फसल से प्राप्त आय के रूप में किसानों की शुद्ध आय में वृद्धि करके खेती को व्यवहार्य और आकांक्षी बनाता है। छात्र-छात्रों के बीच बीजामृत, जीवामृत व घन जीवामृत के साथ पोषण गृह वाटिका बनाने की पूर्ण जानकारी दी। अंत मे केंद्र के श्री शेषनाथ दवारा सभी को पर्यावरण सुरछा की शपथ दिलाई गई और प्रतिभागियों को ऑनलाइन सर्टिफिकेट भी दिया गया।



कार्यक्रम में मौजूद वैज्ञानिक व विद्यार्थी

# गंगा घाट के सार्वजनिक शौचालय में भी जड़ा रहता है ताला

**आक्रोश**

**गंगा स्नान करने आई महिलाएं व पुरूषों में पनपता है आक्रोश**

**दारानगर, कौशाम्बी।** शासन के लाख प्रयासों के बाद भी स्थानीय जिम्मेदारों की आदत में सुधार आता नहीं दिख रहा है। यदि बात करें स्वच्छता अभियान की तो जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते शासन का यह खास मिशन अमली जामा नहीं पहन पा रहा है। उदाहरण के तौर पर कड़ा के कुबरी गंगा घाट को लिया जा सकता है। गंगा घाट स्वच्छ रहे इसके लिए शासन के रकम खर्च कर सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कराया। इसकी जिम्मेदारी लोकल के जिम्मेदारों को दी गई, लेकिन लोकल के यह जिम्मेदार सरकार की स्वच्छता अभियान पर पलीता लगाने से गुरेज नहीं कर रहे हैं।

हालांकि कड़ा स्थित कुबरी गंगा घाट में आने वाले तमाम श्रद्धालुओं के आरोपों पर जाएं तो कहा जा रहा है कि भले ही सरकार के गंगा घाट को स्वच्छ रखने के लिए सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया हो लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते आम लोग इस सुविधा का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। वजह सार्वजनिक शौचालयों में अधिकतर समय लटकता ताला। अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर अधितकर समय ताला क्यों जड़ रहता है, क्या शौचालय शोपीस के लिए है, यदि आम लोगों की सुविधा के लिए है तो फिर आखिर ऐसा क्यों, हालांकि इस बाबत लोगों का कहना है कि यदि आमजन सुविधा का लाभ उठाएंगे तो कहीं न कहीं देख रेख में लगे लोगों को काम करना पड़ेगा। गंदगी होगी सफाई कराना पड़ेगा। हालांकि यह भी आरोप है कि यदि अफसरों का निर्देश होने के बाद ताला खुला रहता है तो फिर काफी दिनों तक सफाई का आभाव भी बना रहता है। कुल मिलाकर यह कह लिया जाए कि जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते आमजन इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। खैर यह तो रही गंगा घाट के सार्वजनिक शौचालय की चर्चा, अब यदि गांवों में बनाए गए सामुदायिक शौचालयों की बात करें तो ज्यादातर गांवों में नजारा आपको यही देखने को मिलेगा। बहरहाल बुद्धिजीवी जनता ने इस ओर जिला स्तरीय अधिकारियों को जनता की इस समस्या के बाबत जिम्मेदारों की कार्यशैली की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही कराए जाने की मांग किया है।




कुबरी गंगा घाट स्थित शौचालय में लटक रहा ताला

# बाजार से घर लौट रहे युवक की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

**हत्या**

### घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया

**प्रतापगढ़।** शनिवार की दोपहर बाजार से घर लौट रहे युवक की दबंगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। रास्ते में बाइक से पहुंचे तीन बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियों से युवक को भून दिया। घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना पर कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची।

मानधाता थाना क्षेत्र के मिश्रपुर के हंसी गांव निवासी रोशन (35) का आरोपियों से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। मृतक के पिता असरुद्दीन ने बताया कि रोशन सुबह चाय पीने के लिए हंसी बाजार गया था। वापस लौटते समय बाइक सवार तीन बदमाशों ने बेटे को गोली मार दी। तनाव को देखते हुए पीएसी के साथ भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है।



गोली लगने के बाद युवक को अस्पताल लेकर पहुंचे लोग

### गांव के दबंगों पर हत्या करने का आरोप

मृतक के परिजनों ने बताया कि एक दिन पहले रोशन के भतीजे का गांव के ही बच्चों से विवाद हुआ था। इसी विवाद के चलते दबंगों ने धमकी दी थी कि गोली मारकर हत्या कर दी जाएगी। इसके बाद आज सुबह जब रोशन अपने घर लौट रहा था, तब उसे गोली मार दी गई। परिजनों ने गांव के दबंगों पर ही हत्या का आरोप लगाया है।

### पुलिस की कार्यशैली पर उठाए सवाल

परिजनों का कहना है कि बच्चों के विवाद के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे थे। लेकिन पुलिस ने समझौता करा दिया। परिजनों का आरोप है कि यदि पुलिस कोई कठोर कार्रवाई की होती तो शायद आज रोशन की जान बच जाती। सीओ रानीगंज विनय साहनी ने बताया कि आरोपियों की तलाश के लिए टीमों का गठन किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।

# बच्चा बैंक की प्रदर्शनी में हुनरबाजों को मिला सम्मान



बच्चा बैंक द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी

**समर कैंप**

### हैंडक्राफ्ट प्रदर्शनी के साथ ही समर कैंप का समापन

**प्रतापगढ़।** बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के द्वारा भंगवा गांव में फ्री स्टडी सेंटर के परिसर में चल रहे चार दिवसीय समर कैंप का शनिवार को समापन हो गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल से अश्वनी केसरवानी, शरद केसरवानी, वीके तिवारी, आरके गुप्ता ने बच्चों द्वारा घर में पड़ी बेकार की वस्तुओं के इस्तेमाल से बनाए गए माडलों की प्रदर्शनी का अवलोकन कर नौनिहालों के हुनर की सराहना की और बच्चों को सम्मानित किया। इनके द्वारा फन पार्क में लगाए गए ठंडे पेयपदार्थों जलजीरा, छाछ और रसना इत्यादि के स्टालों का मजा जी भरकर लिया। वॉटर फॉल और झरने में बच्चों ने जमकर धमाल मचाया। अतिथियों ने कहा कि इन बच्चों में हुनर की कमी नहीं है। इन्हें उचित प्लेटफार्म की जरूरत है। अंशू के हैंगिंग वाल और सिमरन के पोस्टर की सराहना हुई। इनके साथ साहिल, नैंसी, साहिबा और रागिनी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेंटर के प्रिंसिपल शनि सरोज ने किया। कैम्प के सूत्रधार टीचर राजेश कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया।

# संस्थान का पंजीकरण न कराने पर होगी कार्यवाही : सीएमओ



**प्रतापगढ़।** सीएमओ डा0 जी0एम0 शुक्ला ने समस्त निजी चिकित्सालयों, पैथालॉजी, नर्सिंग होम के संचालकों को निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि संचालक सात जून तक यू0डी0एस0पी0 पोर्टल पर प्रत्येक दशा में अपने संस्थान का पंजीकरण हर हाल में करा लें। जिसमें चिकित्सक का एचपीआर आईडी बनाने के लिए संस्थान के पैथालाजिस्ट, एमबीबीएस चिकित्सक की डिग्री, पंजीकरण का प्रमाण पत्र, आधार की छायाप्रति व आधार से लिंक मोबाईल नम्बर होना अनिवार्य है। एचएफआर आई0डी0 हेतु संचालक या फैसीलिटी मैनेजर के आधार की छायाप्रति तथा आधार से लिंक मोबाईल नम्बर होना आवश्यक है। यदि सात जून तक सभी कागजातों के साथ संचालक संस्थान का पंजीकरण नहीं कराते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। जिसमें संस्थान के नवीनीकरण के लिए प्राप्त आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। पोर्टल पर पंजीकरण में किसी भी असुविधा के लिये सीएमओ कार्यालय के आईडीएसपी यूनिट कक्ष सं0-02 में सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होने बताया कि विभाग द्वारा निजी चिकित्सालय पैथालॉजी, नर्सिंग होम के पंजीकरण के लिए यूडीएसपी पोर्टल जारी किया गया है।

# समाधान दिवस में 55 शिकायतों में पांच का हुआ निस्तारण

**लालगंज।** स्थानीय तहसील सभागार में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में पचपन शिकायतें आयी। इनमें से अफसरो ने पांच शिकायतो का निस्तारण कराया। एसडीएम उदयभान सिंह की अध्यक्षता में हुए समाधान दिवस मे सर्वाधिक शिकायतें राजस्व की तेईस, पुलिस की बारह, विकास विभाग की आठ व अन्य विभागों की बारह शिकायतें रहीं। शिकायतों की सुनवाई करते हुए एसडीएम ने विभागीय अधिकारियों को समाधान के लिए स्वयं की मौजूदगी में स्थलीय निरीक्षण के निर्देश दिये। उन्होनें इस बात पर नाराजगी जतायी कि ज्यादातर शिकायतों को लेकर विभाग के जिम्मेदार अफसर मौके पर स्वयं न जाकर मातहतों की आख्या अग्रसारित किया करते है। एसडीएम उदयभान ने समाधान दिवस में चकरोडो तथा तालाबी अराजी पर अतिक्रमण के मामलों में तहसीलदार से टास्क फोर्स के जरिए सार्वजनिक जगह को अतिक्रमण मुक्त किए जाने के लिए कडे अभियान को प्रभावी बनाए जाने के निर्देश दिये। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में ज्ञापन देकर वकीलो ने नगर मे जर्जर तारों व जर्जर पोल को लेकर विद्युत आपूर्ति मे अघोषित कटौती की समस्या के समाधान की मांग उठाई। समाधान दिवस का संचालन धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार पंकज कुमार, प्रभारी सीडीपीओ पूर्णिमा मिश्रा, एडीओ पंचायत आद्या प्रसाद दुबे, पूर्ति निरीक्षक राज यादव, रामचंद्र त्रिपाठी आदि रहे।



समाधान दिवस में शिकायतों की सुनवाई करते एसडीएम

# बलासोर रेल दुर्घटना रेलवे प्रबन्धन की लापरवाही का नतीजा : प्रमोद तिवारी

### मृतकों को पचास लाख तथा घायलों को बीस लाख मुआवजे की उठाई मांग

**लालगंज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा यूपी कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने ओडिशा के बालासोर रेल दुर्घटना में बडी संख्या में मृतकों की आत्मा की शांति के साथ बड़े पैमाने पर लोगों के घायल होने पर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने शुक्रवार की शाम बालासोर में हुई भयावह रेल दुर्घटना को देश ही नही दुनिया की सबसे बडी खतरनाक रेल दुर्घटना बताते हुए इसे रेल प्रबंधन की घोर लापरवाही के चलते देश के लिए भयभीत करने वाला असह दर्द व पीड़ा बताया। राज्यसभा सदस्य एवं कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि कोरोमंडल एक्सप्रेस एवं बेंगलुरू हावड़ा एक्सप्रेस इसलिए दुर्घटनाग्रस्त हुई क्योंकि पहले से ही रेल लाइन पर मालगाडी खडी होने के बावजूद रेलवे प्रबन्धन के द्वारा सिग्नल तक मिल सकने मे लापरवाही बरती गयी। उन्होने कहा कि मौजूदा मोदी सरकार ने जिस तरह से सिर्फ वाहवाही के लिए रेलवे में कर्मचारियों की कमी की अनदेखी करते हुए नाकाफी प्रबन्धन के बीच नई नई रेल सेवाओं के उदघाटन का सिलसिला शुरू किया उसका नतीजा हजारों की संख्या मे निर्दोष रेल यात्रियों को बेवस मौत तथा घायल व चुटहिल होकर चुकाना पड़ा है। उन्होने कहा कि रेल पटरियों की समुचित देखरेख न होने तथा सुरक्षा के मानक पूर्ण न होने की स्थिति में रेलवे की गति बढ़ाने की जगह पहले सुरक्षा तब गति का नीतिगत स्वरूप तय करना चाहिए था। विपक्ष के उपनेता ने पीएम तथा रेलमंत्री पर करारा तंज कसा कि लोक लुभावन जुमलेबाजी के तहत रेलवे जैसे आम जनता के सबसे बड़े उपक्रम में भी जोखिम उठाते हुए तीव्र गति की रेल यात्री सेवाओं का उदघाटन कतई उतना जरूरी नही है जितना कि रेलवे सेवा को सुरक्षित ढांचा के लिए सरकार की पहल जरूरी होना चाहिए। श्री तिवारी ने कहा कि इतने बड़े खौफनाक तथा भयावह रेल हादसे के बावजूद प्रधानमंत्री का दुर्घटना स्थल पर न पहुंचना मोदी सरकार की असंवेदन शीलता का एक और दुखद उदाहरण सामने आया है। श्री तिवारी ने रेल दुर्घटनाओं में अब तक की परम्पराओं को देखते हुए केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से इस हादसे की नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार कर त्याग पत्र दिये जाने की भी मांग की है। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी ने सरकार से पूरी शक्ति के साथ गंभीर रूप से घायलों के बेहतर से बेहतर उपचार तथा इनमें से कई चुटहिलों को दिव्यांगता से भी बचाने के लिए युद्ध स्तर पर कारगर प्रयास करने को कहा है। श्री तिवारी ने बालासोर रेल हादसे की सरकार से रेलवे विभाग से इतर न्यायिक निगरानी में उच्चस्तरीय जांच कराए जाने पर भी जोर दिया है। इधर यूपी कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी बालासोर रेल हादसे में लगभग तीन सौ मृतकों और हजार की संख्या में घायलों को लेकर गहरा दुख जताया है। विधायक एवं सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने केंद्र सरकार से रेल दुर्घटना में सभी मृतकों के परिजनों को कम से कम पचास लाख रुपए तथा गंभीर रूप से घायलों को बीस लाख व साधारण चुटहिलों को पांच पांच लाख रुपए की मुआवजा राशि भी दिये जाने पर जोर दिया है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना का यह बयान यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से शनिवार को निर्गत किया गया।

# आधा दर्जन से अधिक आरोपितों के खिलाफ बलवा व तोडफोड का केस

**लालगंज।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट तथा बलवा व तोडफोड को लेकर आधा दर्जन से अधिक आरोपियो के खिलाफ शुक्रवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज के धधुआ गाजन वनपुकरा निवासी विनोद कुमार यादव पुत्र रामनरेश ने दी गई तहरीर मे कहा है कि उन्तीस मई को सुबह गांव के विपक्षियो ने उसके दरवाजे पहुंचकर जमीनी विवाद को लेकर हमला बोल दिया। विपक्षी गांव के ही उमेश यादव व मुन्ना पुत्र राजाराम यादव तथा सुरेश यादव के पुत्र शुभम एवं मुन्ना यादव के पुत्र बृजेश तथा उमेश के पुत्र ओम, उमेश की पत्नी उमा व मुन्ना की पत्नी उषा लाठी डंडे से लैस होकर उसके दरवाजे पहुंचकर गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियो ने पीडित को मारापीटा। बचाव को आयी पीडित की पत्नी पर भी विपक्षी हमलावर हो उठे। शोर मचाने पर आरोपियो ने पीडित के दरवाजे पर लगे टिन शेड को नष्ट कर दिया। लोगो को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये।

# मरीजों की मांग पर शासन ने डॉ. सचिन को भेजा प्रतापगढ़

**खुशी की लहर**

### दुबारा बुलाने के लिए शासन स्तर पर हुआ पत्राचार

**प्रतापगढ़।** मरीजों की डिमांड पर हड्डी की सर्जरी में कीर्तिमान बना चुके डाक्टर सचिन कुमार को शासन ने दुबारा डाक्टर सोने लाल पटेल स्वशासी मेडिकल भेज दिया है। उनके आने से परेशान मरीजों में खुशी की लहर है। जिले में मरीजों को हो रही परेशानी को देखते हुए जनप्रतिंधियों ने डाक्टर सचिन को भेजने के लिए शासन स्तर पर पत्राचार किया था।

बता दें कि दलाली की दुकान चलाने वाले स्वास्थ विभाग के ही कुछ लोगों ने डाक्टर सचिन कुमार को यहां से हटाने के लिए खेल किया था। सचिन के मेडिकल कालेज में आने के बाद से ही हड्डी के जटिल आपरेशन होने लगे थे। जिससे बाहर जा रहे मरीजों को आसानी होने लगी। एक माह में 60 से 70 सर्जरी होने लगी। बीच में इन पर पैसे लेने के आरोप लगे। कई मामले में जांच भी हुई थी। शिकायत पर स्वास्थ मंत्री ने भी मामले को संज्ञान लिया था। जिसकी वजह से सुर्खियों में आने के कारण एक महीने पहले मेडिकल कॉलेज से इस्तीफा देना पड़ा था। उसके बाद इन्होंने अंबेडकर नगर के मेडिकल कॉलेज में ज्वाइन कर लिया था। इनके जाने के बाद यहां के राजा प्रताप बहादुर अस्पताल हड्डी में सर्जरी बंद हो गई। जिससे मरीजों के सामने सर्जरी का संकट आ गया। इस मामले में सांसद और विधायकों ने प्रिंसिपल डॉ सलिल कुमार श्रीवास्तव से बात की। मगर कोई हल नहीं निकला। हड्डी के डाक्टर न होने से मरीजों की बढ़ रही समस्या को देखते हुए यहां के जन प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ मंत्री को इस बारे में जानकारी दी। मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डॉ सलिल श्रीवास्तव ने बताया कि शासन स्तर से डाक्टर सचिन कुमार को यहां पर सर्जरी के लिए अटैच किया गया है। उनकी तैनाती अंबेडकर नगर मेडिकल कालेज में ही है। डाक्टर सचिन का कहना है कि शासन और प्रमुख सचिव के निर्देश पर उनको प्रतापगढ़ मेडिकल कालेज भेजा गया है। सोमवार को मेडिकल कालेज में ज्वाइन करूंगा।



# टैक्स बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी को दिलाई गई शपथ

**प्रतापगढ़।** टैक्स बार एसोसिएशन पंजीकृत की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को शहर के एक होटल में सम्पन्न हुआ। जिसमें संतोष सिंह अध्यक्ष, आदित्य खंडेलवाल सचिव, संतोष सिंह सोमवंशी संयुक्त सचिव, प्रशांत हिन्द व उमेश तिवारी उपाध्यक्ष, संतोष शर्मा कोषाध्यक्ष, संजय श्रीवास्तव ऑडिटर, दीपक मौर्या मीडिया प्रभारी, ज्ञान प्रकाश विश्वकर्मा प्रकाशन मंत्री, भानु प्रकाश पाण्डेय ऑनलाइन कंटेंट राइटर पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि यूपी टैक्स बार एसोसिएशन वाराणसी के अध्यक्ष सौरभ सिंह गहलोत ने नयी कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। एसोसिएशन के महामंत्री आर० पी० जायसवाल ने नयी कार्यकारिणी को बधाई देते हुए प्रांतीय संघ कर-अधिवक्ताओं के साथ हर कार्य में कंधे से कन्धा मिलाकर कार्य करने को कहा। अधिवक्ता के० एन० कुमार, एन० के० अरोरा, हाईकोर्ट के स्थायी अधिवक्ता रविशंकर पाण्डेय, एन के श्रीवास्तव, नीरज तिवारी, ए० पी० मिश्रा, पीयूष गहलोत ने नयी कार्यकारणी को बधाई दी। वाणिज्य कर-अधिकारी संदीप मिश्रा, आयकर अधिकारी बी० के० दुबे ने बार और बेंच के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके ए० के० कपूर, ओम प्रकाश खंडेलवाल, मनोज कुमार, ओम प्रकाश खंडेलवाल, मनोज कुमार, वाहिद हुसैन सिद्दीकी, मंजीत सिंह छाबरा, महामंत्री ए के सिंह आदि मौजूद रहे।



शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित लोग

# गन्ने के खेत में जानवर जाने पर पीटा

**पट्टी।** गन्ने के खेत में जानवर जाने को लेकर किशोरी को लाठी-डंडों से पड़ोसियों ने जमकर पीटा। किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने कोतवाली में नामजद तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के सदहा गांव की रहने वाली पूजा पाल पुत्री सियाराम पाल का आरोप है कि शुक्रवार की शाम पड़ोसी के गन्ने के खेत में जानवर जाने को लेकर उपरोक्त लोग किशोरी को लाठी-डंडों से जमकर पिटाई करने लगे। यह देख आसपास के लोग मौके पर आए तब जाकर उसकी जान बची। अपनी मां के साथ कोतवाली आकर नामजद तहरीर देते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले में कोतवाल नंदलाल सिंह से बात किया गया तो उन्होंने बताया है कि प्रार्थना पत्र मिला है जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### कलशयात्रा में महिलाओं ने दिखाया उत्साह



**प्रतापगढ़।** बाघराय के धनीपुर कोर्रही गांव में शनिवार को श्रीमद्भागवत कथा शुभारंभ पर कलशयात्रा निकाली गई। कलशयात्रा पुराना जिल्ला, सरांय प्रताबिन, सराय अंधराय, शिवमन्दिर, काली मां मंदिर होते हुए पुनः कथास्थल पहुंची। जहां आचार्य नन्दन महराज ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशपूजन कर स्थापित कर भागवत कथा का शुभारंभ किया। इस मौके पर कामाक्षा प्रसाद तिवारी, अनिल तिवारी, अनन्त प्रसाद तिवारी, भारतलाल तिवारी, मोहनलाल, कृष्ण कुमार, दिनेश, श्रवण, आदित्य, मुदित, रूद्रदेव, अथर्व आदि मौजूद रहे।

### महिला की पिटाई पर दो के खिलाफ मुकदमा

**लालगंज।** जमीनी विवाद को लेकर महिला की पिटाई के केस मे दो आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। लालगंज के अलीपुर निवासी रामलाल सरोज की पत्नी सुनीता देवी सरोज ने दी गई तहरीर मे कहा है कि सत्ताईस मई को गांव के नन्हें के पुत्र अतुल तथा रामफेर के पुत्र शिवकरन ने जमीनी विवाद को लेकर उसे लाठी डण्डे से मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपी पीडिता को जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार की रात आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### बेसिक शिक्षकों के प्रतिनिधिमण्डल ने एमएलसी को सौंपा ज्ञापन



**लालगंज।** विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोशिएसन ने शनिवार को यहां शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी से मिलकर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा केन्द्र सरकार की तरह ओपीएस मेमोरेण्डम जारी किये जाने को लेकर ज्ञापन सौपा। एसोशिएसन के जिलाध्यक्ष डा. विनोद त्रिपाठी के नेतृत्व में शिक्षकों के प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मे कहा है कि बेसिक शिक्षकों को भी केन्द्रीय कर्मचारियों को जिस तरह से नवीन पेंशन योजना लागू होने से पूर्व विज्ञापित पदों पर चयनित होने वाले शिक्षकों एवं कर्मचारियों को भारत सरकार ने पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया है। उसी प्रकार उत्तर प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों व शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित करे। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी से मिलकर शिक्षकों ने बेसिक शिक्षकों के सामूहिक फण्ड एवं पेंशन तथा पदोन्नति जनपद के अंदर स्थानांतरण व शेष देयकों के समयबद्ध भुगतान कराने की भी मांग उठाई है। जिलाध्यक्ष डा. विनोद ने शिक्षकों के अर्न्तजनपदीय स्थानांतरण प्रक्रिया को भी शुरू कराने के लिए एमएलसी का ध्यान आकृष्ट किया। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने प्रतिनिधिमण्डल को समस्याओं के निराकरण कराए जाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर लालगंज प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष संतोष मिश्र, ललित मिश्र, सरस, आशुतोष सिंह, रामेन्द्र श्रीवास्तव, डा. संजीत शुक्ल, राजीव दुबे, डा. वीरेश सिंह, मंजीत सरोज, ऋषि द्विवेदी, संजीव त्रिपाठी एवं संजय मौर्य आदि शिक्षक रहे।

### बेटियों को उड़ने के लिए खुला आसमान दें : विधायक



**प्रतापगढ़।** शहर से सटे पूरे ईश्वर नाथ गांव में शुक्रवार की शाम श्एक शाम बेटियों के नामश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि बेटियों को खुला आसमान दें। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0 दयाराम मौर्य श्रत्नश ने कहा कि बेटियां घर की रौनक होती हैं। विशिष्ट अतिथि द्वय राजमूर्ति सिंह श्सौरभश व रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। उन्हें अपना हुनर दिखाने का अवसर देना चाहिए स कार्यक्रम में सानवी त्रिपाठी, प्रांजलि उपाध्याय, कल्पना को सम्मानित करने के साथ-साथ बेटियों को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाने वाले धर्मेंद्र कुमार मिश्र,अखिल नारायण सिंह, लखन प्रजापति एवं राजेश श्रीवास्तव को भी सम्मानित किया गया। विधायक ने सानवी जन्मोत्सव विशेषांक का विमोचन किया। बेटियों के सम्मान में डॉ0 संगम लाल त्रिपाठी भंवर, अमरनाथ बेजोड़, रामचंद्र उपाध्याय, शिव कुमार दुबे, प्रेम शंकर द्विवेदी, शिवानंद चैबे, कैलाश नाथ मिश्र, दीनानाथ, कुंज बिहारी लाल काका आदि ने रचनाएं पढ़ी। इस मौके पर अरुण कुमार, लीलावती, सुमित्रा देवी, शशी, धीरज उपाध्याय, रेनू, सौरभ, मयंक, प्रीति, आदि उपस्थित रहे। संचालन सुरेश नारायण व्योम ने किया।

### कैंप लगाकर क्षय रोग की दी गई जानकारी

**पट्टी।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कैंप लगाकर तहसील में आए वादकारियों तथा अन्य लोगों को क्षय रोग के संबंध में जानकारी दी गई तथा इसके बचाव के संबंध में बताया गया । तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत पट्टी नगर स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक अखिलेश जायसवाल के साथ-साथ वरिष्ठ चिकित्सीय पर्यवेक्षक अशोक कुमार मौर्य तथा प्रतापगढ़ के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी गिरी व लैब पर्यवेक्षक इम्तियाज अली ने लोगो को जानकारी दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात वरिष्ठ चिकित्सीय पर्यवेक्षक अशोक मौर्य ने बताया कि अगर दो सप्ताह तक लगातार खासी आ रही हो, शाम के समय बुखार आ रहा हो, वजन कम हो गया हो या फिर थकान महसूस हो रही हो तो टीबी की जांच जरूर करवा लें। अधीक्षक अखिलेश जायसवाल ने कहा कि जांच में क्षय रोग की पुष्टि के बाद शासन द्वारा 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि मरीजो को दी जाती है। इम्तियाज अली ने बताया कि टीबी पूरी तरह से ठीक हो सकती है। डॉट्स की दवाइयां पूरी तरह मुफ्त है इसका नियमित सेवन करने से इसे हराया जा सकता है।

### जर्जर सड़क पर हो रहीं दुर्घटनाएं, जनप्रतिनिधियों के प्रति रोष

**प्रतापगढ़।** कुंडा तहसील क्षेत्र के खेमीपुर नन्दा का पुरवा, पिंगरी, बसहीपुर, झकरहिया, जमेठी मार्ग पर चलना खतरे से खाली नहीं है। सड़क हर जगह बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील है। सड़क पर दो पहिया वाहन चालक गिरकर जख्मी हो रहे हैं। टूट चुकी सड़क से उड़ती धूल लोगों के लिए नुकसानदेह साबित हो रही है। चिलचिलाती धूप में आते जाते राहगीर सड़क में बने गड्ढों से परेशान हैं। सरकार सड़कों को गड्ढा मुक्त करने, सड़कों के चैड़ीकरण करने तथा सबसे अधिक सड़क बनाने का दावा करती है। मगर ग्रामीण क्षेत्रों को तहसील मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क में कोई सुधार नहीं हो रहा है। कुंडा तहसील की दूरी पिंगरी गांव से लगभग 8 किलोमीटर है। यह सड़क लगभग दो दर्जन से अधिक गांवों को जोड़ती हैं जो कुंडा तहसील तक आने के लिए एक प्रमुख मार्ग है। सड़क मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है। सड़क से कोचिंग आने जाने वाले बच्चे अक्सर उसमें गिरकर जख्मी हो रहे हैं। गाड़ियों का आपस में बगल से निकालने के चक्कर में टकराकर दुर्घटनाएं भी हो रही है। हल्की सी बरसात पर गड्ढों में पानी भर जाता है जिससे लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक राजा भइया, एमएलसी गोपाल जी, जिलापंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल एवं कौशांबी सांसद विनोद सोनकर से कई बार अपनी व्यथा लिखित रूप से दी। जिस पर आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने ध्यान नहीं दिया। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

# अनुराधा सिंह की कविताएँ



## 1. कहो क्या हो जाऊँ माँ !

लोहे का तावीज बना लो
मेरे होने को बाँध लो अपनी बाँह पर, माँ
मृत्यु पर सोना ही उतारते हैं
लोहा साथ चढ़ सकता है चिता पर

तुम्हारे विछोह में फुँक कर
छार हो रही हूँ
सौभाग्य का सिंदूर नहीं मुझे लपेट लो
अपने माथे पर
तुम्हें हर दाह से बचा लूँगी

तुम्हारे तलवे की मिट्टी हूँ
तुम्हारी आँख का पानी
तुम्हारे निर्भय की अग्नि
तुम्हारे स्नेह का आकाश
तुम्हारी याद की पुरवाई
तुम्हारे ही क्षिति जल पावक गगन समीर से उपजी हूँ
यह देह छूटे तो
तुम्हारे साथ बनी रहूँ इनमें ही कहीं सदा

मानवी हूँ
देह धरे की अपराधी
सो मृत्यु ने अपने द्वार बंद कर दिए हैं, हमारे बीच
तुम्हीं बताओ क्या हो जाऊँ कि
अनंत अकाल तक तुम्हारा आँचल पकड़े घूमती रहूँ
उन आकाशगंगाओं में
जो अब तुम्हारा आँगन हैं

## 2. भी

(स्त्री- कविता )
मेरे हिस्से उनका विनोद था
गजब सेंस ऑफ ह्यूमर
ऐसे- ऐसे चुटकुले कि
कोई हँसता- हँसता दोहरा हो जाए

लेकिन मैं नहीं हँसी
मुस्कुराई भर
मुझे अपने लिखे पर बात करनी थी

मेरे पास मीठा गला था
स्त्रियोचित लोच और शास्त्रीय संगीत की समझ
मंद्र सप्तक में भी कहती रही
मैं भी कवि हूँ
गाने पर नहीं कविताओं पर बात करते हैं

मेरे पास था उज्ज्वल ललाट
छोटी सी यूरोपीय खड़ी नाक और खिंची
पूरबी आँखें
और तो और मेरे चिबुक का स्याह तिल
पहुँचने ही नहीं देता था
उन्हें मेरी कविताओं तक

फिर मैंने कहा, आप
सदियों से मेरे चमकदार खोल की
प्रशस्ति कर रहे हैं
जबकि लिखते- लिखते
मेरी आत्मा नीली- काली हो गयी है
दया कर, एक बार उसे भी पढ़ लीजिये

आपने सही कहा मैं खाना अच्छा बनाती हूँ
चित्रकारी उम्दा करती हूँ
बागवानी प्रिय है
नौकरी में कर्मठ कही जाती हूँ
वात्स्यायन की मानें
तो केलि और मैत्री के लिए सर्वथा उपयुक्त

किन्तु आपके सामने बैठी हूँ मैं
सिर से पैर तक एक कवि ही बस
आइये, मेरी भी कविताओं पर बात करें।

## 3. वेटिंग रूम में सोती स्त्री

हरे मखमली पत्तों पर सहेजा
चम्पा का शीलवान फूल नहीं
अज्ञात रेगिस्तान में
जहाँ तहाँ भटकता
खुदमुख़्तार रेत का बगूला है
रेलवे के प्रतीक्षालय में बेसुध सो रही औरत

मानो अगली किसी ट्रेन का टिकट
उसके बस्ते में नहीं
और इस शहर में कहीं जाना नहीं उसे
मानो किसी घर में उसके दूर देस से
लौट आने की
प्रतीक्षा नहीं हो रही
करवटें नहीं बदल रहा कोई प्रेयस
कहीं उदास सफेद सिलवटों पर
मानो चूल्हे पर खदबदाती दाल कहीं
विकल नहीं कि
कोई आये
चमचा ही घुमा जाए
नहीं है किसी दफ्तर के
बेचैन आँकड़ों को
उसके एक सही का इंतजार
ऐसे सो रही है वह निश्चिन्त

सूरज भी चढ़ आया है आज इस तेजी से
कि आस पास बैठी औरतें
दिन चढ़े तक सोती इस औरत के
चाल चलन को लेकर हलकान होने लगी हैं
कि ऐसे तो यह
किसी रात प्रेम भी कर लेगी घर से बाहर
कैसी औरत है
इसे अपने थान पर पहुंचने की जल्दी नहीं
इसका कोई खूँटा है भी या नहीं
बिना नाथ पगहा सोती है क्या कोई औरत
ऐसे चित, ठीक पृथ्वी की छाती पर।

रेलवे वेटिंगरूम में सोती हुई अकेली स्त्री
जवाबदेह नहीं
चाय की असमय पुकार की

वह औरतों के
अकारण रात भर घर से बाहर रह सकने
की अपील पर
पहला हस्ताक्षर है।

## 4. मनुष्य होने का अभ्यास

श्वास लेते हुए
ऑक्सीजन को हवा से कौन अलग करता है
तुम एक स्त्री का सम्मान बस इसलिए
नहीं कर सकते
क्योंकि वह स्त्री है
उसके रुधिर माँस मज्जा को भी याद करना
याद रखना कि वह एक मनुष्य है

स्मृति भले प्रेम का ककहरा हो
किन्तु प्रिय को याद करना सीखने से पहले
सीखना कि
सामने खड़ा
यह गया बीता
व्यक्ति भी
किसी का प्रिय है
किसी का बाप बेटा पति प्रेमी यह
दुनिया में हमसे कमतर होने ही नहीं आया

बाजार तुम्हें अर्धसत्य के लिए
लड़ना सिखायेगा
पर तुम जेठ में छत पर
अज्ञात चिड़ियों के लिए दाना पानी रखते हुए
अपनी थाली में परोसी गयी चिड़िया के
एक असंभव दड़बे में व्यतीत शोकमय जीवन
और असहाय मृत्यु को
अदेखा न करना

दुनिया की कोई किताब तुम्हें मनुष्य होना
नहीं सिखा सकती
किसी आधी रात
सिरहाने रखी अपनी बाँह में दौड़ते रक्त की
सनसनाहट सुनना
और याद रखना
इसे किसी ईश्वर ने नहीं
दो अनुल्लेखनीय विस्मरणीय मनुष्यों ने
भरा है तुम्हारी देह में
तुम मनुष्य के अतिरिक्त कुछ नहीं हो सकते हो।

## 5. मटर का कीड़ा

मटर की बंद फली
उस एक तिहाई इंच के हरे कीड़े की
पूरी दुनिया है
पांच दाने हैं
अकूत सम्पदा जीवन के लिए

दस रुपये पाव, तुम्हारे और दुकानदार के
बीच का विनिमय है
मटर के कीड़े का अनुबंध तो ईश्वर से है
जिसने दाने के गर्भ में
आरोपित किया है उसे
तुम्हारे फली खोलते ही
उसे मजबूरन शामिल होना पड़ा है
तुम्हारे विपणन संसार में
वरना फली में
वह अपनी दुनिया का बाहक बाशिंदा था
उसकी औकात एक कीड़े से कहीं ज्यादा थी .

## 6. प्रेम के बिना किन्तु

यह प्रेम नहीं
इसमें पूरा पाने की निर्लज्जता नहीं है
पर वही है
क्योंकि मैत्री सा अस्वामी नहीं
हम दीवार पर बैठ पैर हिलाते दो बच्चों की तरह
मिले
जिन्हें चलते रहने के बावजूद कहीं पहुँचना न था
मेरा यह संसार इतना विशाल
और इतना रिक्त
बाजार रिस आया है उन सब खाली जगहों में
जहाँ प्यार को रहना था
तुम क्या जीवन के
एक उपेक्षित कमरे में फूलदार चादर
जितनी जगह
घेरने में भी संकोच करोगे

मैं पाप पुण्य की बात न करूँगी
मध्यान्ह हो चुका है
कुछ समय बाद धूप उतरेगी
जीवन और
दुनिया भर की छतों पर सूखते कपड़ों
और बड़ी पापड़ों से ही नहीं
मनुष्यता भर के कलुष को भी
एक शाम से ढँकती हुई

मैं पाप पुण्य की बात ही न करूँगी
क्योंकि नहीं जानती
तुम से दूर
यह विकल रुलाई लेकर
किसके कंधे माथा टिकाना है

प्रेम में तुम्हारे वक्ष पर माथा टिकाते
दूसरी बार भी नहीं सोचा था
प्रेम के बिना किन्तु
अपने कमरे से बाहर आते भी
धूप में निर्वस्त्र खड़े होने जैसी लाज आती है ।

**संपर्क 99300 96966**

# डा. जय नारायण की कविताएँ



## 1. दर्द का रिश्ता

जब जब उदास होता हूं
मेरी नातिन आ कर पूछती है
नानू,आप बार बार
चुप और उदास क्यों हो जाते हो
देखता हूं
उस में यह सवाल
एक करुणा के साथ उभरता है
फिक्र साफ देखी जा सकती है
उसकी निश्चल आंखों में
दर्द है बेटा
कहीं हाथों में
कभी पैरों में
नानू
इतना दर्द क्यों होता है आपको
क्या कहूं उस से
मेरी निर्मिति ही दर्द से हुई है
वह हर तरीके से मुझे हंसाना चाहती है
अक्सर सफल भी हो जाती है
जब कभी हारने लगती है
सब भूल कर हंसता हूं
उसे हारते हुए नहीं देख सकता
किसी हाल में
सिर्फ उसी को क्यों दिखती है
मेरी उदासी
कहीं अम्मा ही तो नहीं लौट आई हैं
मेरा माथा चूमने।

## 2. अब देर नहीं है

देखो खुली आंखों से
यह नीला आकाश और इसमें तैरते
रुई जैसे बादल
झरने और पहाड़ भी देख आओ
इसके पहले आंखों को कोई खरीद ले
सुन लो जी भर हेमंत कुमार और रफी को
लता और आशा के साथ जगजीत सिंह को
अजान और आरती के सिवा कुछ भी
सुनना कठिन होने के आसार हैं
सूंघ लो इस धरती को आखिरी बार
सुना है इस पर प्रतिबंध का विधेयक
आ रहा है जल्दी ही
जितनी भी हिम्मत बची हो
बटोर कर बोल लो
अगले मौसम में इतनी तेज धूप
होने का अनुमान है कि
हलक सूखेगा बोलने पर
इंद्रियों की सत्ता पर
देवता का अधिकार होने में
अब देर नहीं है

## 3. हम बंट नहीं सकते

आज एक मित्र ने कहा
राजनीति भले हमें बांट रही हो
हमें नहीं लगता हम बंट गए हैं
सोचने लगा डॉक्टर जिया
के पास ही तो रखा है
मेरा हिया
आफताब ही सबसे पहले
याद आता है
हर मुसीबत में
कवियों के बीच
मोहम्मद इदरीस को ही
पाया दिल के बेहद करीब
मशहूर हुए जो अंबर बहराइची के नाम से
उन्होंने अपनी मुस्कान से किए थे
मेरे दिल की किताब पर दस्तखत
एक ही तो हसरत बची है
किसी मुसलमान लड़की ने
प्यार नहीं किया
खाली है अभी भी
उसके लिए दिल में एक खास जगह
जो बांट रहे हैं हमें
वे भी खुद नहीं
शामिल हैं अपने व्यक्तिगत जीवन में
इस बंदर बांट में
हम बार बार फंसते हैं
इस नकली खेल को
असली जानकर
निकल जाती है चील
अपने हिस्से का गोश्त लेकर
पांच साल के लिए
मेरे दोस्त
तुमने सही कहा
ताने बाने की तरह बुने हैं
एक दूसरे की रूह के साथ
हम बंटना भी चाहें
तो नहीं बंट सकते

## 4. तरबूज

स्थगित थी एक कविता
अपने बारे में
ढूंढ रहा था कोई ऐसी चीज
जिसमें मिल जाएं मेरी तमाम खूबियां
जहां पानी मिलता मेरे कद का
वहां मिठास नहीं
दोनों मिलते भी तो ठहर जाते शरबत
की सरहद पर
मुझे अपनी परतों की शिनाख्त के लिए
तलाश थी जीवंत और संतृप्त करने वाली
एक रस भरी धरती की
में चाहता था
जब कभी हो मेरी शल्य क्रिया
मेरी कठोरता बाहरी छिलके -सी
उतार फेंकी जाए
बेस्वाद हिस्सा भी
काम आ जाए किसी के लिए
मेरे भीतरी कोमल अंग
सब उदरस्थ करें
गहरे आनंद और जायके के साथ
उतना ही सुर्ख दिखूं
जितना मैं हूँ
पहुंचे हर कंठ में मेरे प्राणों का जीवन -जल
छोड़ जाऊं मौत के बाद
अपने जैसे अनंत बीज
आज पूरी हुई तलाश
घाघरा नदी के किनारे
लेटा हूं रेत का लिहाफ ओढ़े
अपने इष्ट मित्रों संग
यह प्रामाणिक कविता है
सेवन करें आप भी

## 5. साठ की उम्र में प्रेम

किया ही क्या जा सकता है
प्रेम के सिवा
अब आप हैं
और आपका चश्मा है
क्या कर सकते हो
देखने के सिवा
छोड़ गए सांपों के
केंचुलों सी
स्मृतियों को विसर्जित करने का
न साहस है
न शक्ति
उड़ उड़ कर
बरामदे की रेलिंग पर
आ बैठती हैं
अधूरी कहानियां
अधपकी कविताओं के साथ
साठ की उम्र में
प्रेम अंतिम विकल्प है।

**संपर्क 94150 36571**

# विहाग वैभव की कविताएँ



## 1. न्याय का तरीका

अगर तुम्हें न्याय का यही तरीका समझ आता है
कि अपराधियों को सरे-आम गोली मार दी जाए
और अदालतों को छोड़ दिया जाए
रोटी चोरी का फैसला करने के लिए
तो बाँट दो जनता में अनाज की तरह बंदूकें
और करने दो सभी को
अपने-अपने तरीके से न्याय
तब तुम्हें यह समझने में बहुत देर नहीं लगेगी कि
मालिकों की संख्या
बहुत कम है
मजदूरों की बहुत ज्यादा।

## 2. देश का नेता

नेता एक कवि होगा
तो जनता 'बेगमपुरा' की नागरिक होगी
नेता एक माली होगा
तो जनता सीख लेगी रंगों और खुशबुओं को रोपना
नेता यदि होगा कोई लुहार
तो मुमकिन है
वह सभी बन्दूकों को पिघलाकर हँसिया बना डाले
अब यह प्रमेय इतना भी मुश्किल नहीं
कि जनता जश्न से चिल्ला रही हो-
मारो-मारो, लूटो-पीटो, हत्या-हत्या

और हम यह भी न समझ पाएं कि हमारे नेता कौन हैं!

## 3. काम पर कविता

जाओ मेरी कविताओं, जाओ
मेहनत मजूरी करो, खटो
कुछ नमक तेल घर लाओ
मनरेगा में दिहाड़ी करो या
बम्बई की टिकट कटाओ
पर जाओ
सड़क के लिए गिट्टी तोड़ो
नहर के लिए फरसा चलाओ
काँच के कंगन ढालो, चूड़ियाँ बनाओ
गाड़ी आगे बढ़ाओ, रिक्शा चलाओ
भूख से बच गयी जान
तो फिर होगी कलाओं की बातें
अभी तो दुहरता है पेट
सिकुड़ती हैं आँतें
दुःखी होने का वक्त नहीं
जीवन में उतरो पसीना बहाओ
जाओ मेरी कविताओं, जाओ।

## 4. प्रेम का अर्थशास्त्र

जितना हो तुम्हारे पास
उससे कम ही बताना सबसे
खर्च करते हुए हमेशा
थोड़ा सा बचा लेना
माँ की गुप्त पूँजी की तरह
जब छाती पर समय का साँप लोटने लगेगा
हर साँस में चलने लगेगी जून की लू
और तुम्हें लगेगा कि
मन का आईना रेगिस्तान की गर्म हवाओं से चिटक रहा है
तब
कठिन वक्तों में काम आयेगा
वही थोड़ा सा बचा हुआ प्रेम।

**संपर्क 88583 56891**

# बचाने की कोशिश



**– शंकरानंद**

जो जिंदगियां तबाह करने की कोशिश करता है/उसे बचाने की कोशिश में सब लग जाते हैं
वह भी जो खुद को मसीहा से कम नहीं/समझता
इस समय कोई भय नहीं होता विश्वासघात का/लज्जा नहीं आती जरा भी
जब वह कहता है कुछ भी तो गर्व से कहता है/उसका गर्व खोखला है
चाहता है वह कि सब उस पर भरोसा करें/उसके छल पर भरोसा करें
जबकि उसी छल ने तबाह कर दिया सब कुछ
ये जो बर्बर तरीका है अनसुना करने का/चुपचाप तमाशा देखना
एक रोचक अनुभव है उसके लिए /जो कहीं से भी मजा दे सकता है
वह मजे ले रहा है पर्दे के पीछे से /उसे पल पल की खबर है /जबकि जता रहा है कि उसे कुछ पता नहीं
वह सब कुछ कर रहा है आह्लादित होकर/उसके लिए सबकुछ पहली बार है
ऐतिहासिक है/ और वह रोज सुबह/ इतिहास में अमर होने की लालसा में /जागता है
जिस बेटी को बचाने की वह देता है दुहाई/उसी को कुचलने की योजना बनने देने में
जरा भी कसर नहीं छोड़ता वह /इसके लिए उसका चुप रहना काफी है
वह किसी का सगा नहीं हो सकता/जो दूसरे की तकलीफ को देखने से पहले/आंखें फेर लेता है /उसकी देह में पत्थर का लहू दौड़ता है।

**संपर्क 89869 33049**

# रुपम मिश्र की कविता



मैं बस में ड्राइवर के ठीक पीछे बैठी हूँ तो ड्राइवर का चेहरा नहीं दिख रहा
कंडक्टर मेरे पास आया था टिकिट के लिए इसलिए मुझे याद है
वो ठीक मेरे छोटे भाई की उम्र ,रंग और गढ़न का है
तो इसलिए भी मुझे कंडक्टर की याद है
बस रेलवे क्रॉसिंग पर रुकी है
मुझे नींद आ रही है
अपनी साध से स्त्री का घर से निकलना
उसका गंगा में जौ बोना होता है
जाने कितनी आजादियाँ घर नाम की शय के आगे सिसकती हैं
और रात इसी चिंता में नींद नहीं आयी थी कि सुबह घर से निकलने को लेकर कोई कलग्रह न हो
तो उसके एवज में कैसे सबको खुश रखना है सोचते हुए रात कटी
और अब यहाँ बस में इत्मीनान और नींद दोनों पास आ बैठे हैं
कंडक्टर के हिसाब से ड्राइवर को भी नींद आ रही है ऐसा मैंने अधनींद में सुना
कंडक्टर ने ड्राइवर से धीरे से कहा तुम्हें भी नींद आ रही है और पीछे बैठी मैडम को भी
तो क्यों न हो कि दोनों जन .. भहों को नचाते हुए भद्दी हँसी हँसा
ड्राइवर जाने क्यों नहीं हँसा
मैं कहना चाहती थी कि भाई साथ नींद आने और साथ सोने का कोई कनेक्शन नहीं है
जीवन ढोने के अलावा हममें कोई साम्यता भी नहीं तो अपनी ये सस्ती रूमानियत अपने मुँह के गुटखे के साथ खिड़की से फेंक देना
अऊँहाया ड्राइवर जाने क्या सोच रहा था पर मैं सोचती रही कि थकी आँखें साथ सोकर भी क्या एकनींद सोती होंगीं
बेफिक्री की शायद कोई जैविकी नहीं
हम श्रम के संझियारे लोग अपने -अपने स्वप्नों और यातनाओं के खंड नींद में भी बटोरते विकल रहते हैं
साँझ का सिंदूरी रंग सांवला हो रहा था साथ सफर करती स्त्रियों को घर की याद आ रही थी
उनके मड़ियांन चेहरे पर अंधेरा चढ़ रहा था
मैं उन सबके साथ हँसना-बोलना चाहती थी लेकिन मेरे सवाल का जबाब देकर वो चुप हो जातीं
जैसे उनके चुप रहने से बस जल्दी पहुँच जाएगी
या ये हमारी चीन्ही-जानी सदियों की हदस थी
एक एकदम हरियर कचर पीड़ा अचानक सीने में उठी और आँख में भर गई
क्या साफ नदी और अपने लिये भयमुक्त संसार का स्वप्न लिए -लिए ही हम मर जायेंगे ।

# प्रकाश मनु की कविताएँ



## 1. आई बारिश तो

इस बारिश में बहुत नहाया
भीतर-बाहर
आँखें बंद किए, निस्पंद...!
इस बारिश में बहुत अरसे बाद उतरी जी की थकान।
इस बारिश में बह गया मैल
बह गई बहुत-सी गर्द पानी की ठंडी धार के साथ
जलन थी बहुत जलन भीतर-बाहर की
बही जो, बहता गया बहुत कुछ
जो खामखा इकट्ठा था अंदर की बंद कोठरी
के अँधेरे कबाड़ में।
बह गए वे जख्म
खाए जो दोस्तों से न जाने कब-कब
जाने-अजाने
गालियाँ, ताने, गर्द...
बह गए दर्द पुराने
बह गई टीस बहुत-सी अनकही अनबूझी
बह गया भीतर-भीतर रोता श्वान-सा
और कभी न सामने मुँह करता धुमैला उफान।
आई बारिश तो हरियाली की कूची ने
हौले से झाड़ा-बुहारा
सँवारा बहुत कुछ
भीतर की कोठरियों में मनहूस नागिन-सी पसरी पड़ी रात
जागी
उजले दीयों की जोत बन हँसी मानिक-मणियों सी।
बूँदों की शीतलता में भीगती भुरभुरी मिट्टी की तरह
भूला यों खोने-पाने का मोह
कि कितने ही विकल अपमानों की
जलन
रखकर एक तरफ
बहाकर दुश्मनियाँ सारी दुश्मनों की
दोस्तों से माँगी माफी अपने किए-अनकिए अपराधों की
देखा अड़ोस-पड़ोस और धरती-आकाश को
एक नई ही नजर से
जिंदगी थी सहज
कि जैसे जिस्म के आर-पार बहती हवा
बहता जल
और बेछोर नदी रोशनियों की...
भीमसेन जोशी के धीरे-धीरे उठकर
हवा में घुलते खुले आलाप-सी
नदी के बहते पानियों में चमकता आलोक
कुईं के फूलों-सा थर-थर, थर-थर-थर
बहुत कुछ था नया-नया
इस बारिश में...
जैसे मिट्टी की सौंधी महक में
जागती प्यार की एक अचीन्ही इबारत।
इस बारिश में
बहा बहुत-सा आँखों का धुँधलका
न जाने कब-कब की गर्द थी आँखों में
धूल-धुआँ-कीचड़ बहुत-सा
सो बहा, बहता गया इस बारिश में
जल में जल
मिट्टी में मिट्टी आकाश में आकाश होकर समाने को
भीतर की गुहाओं में अनगढ़ चट्टानों से
पसरे थे अहम् के पिंजर कई सदियों से
बरसों के सूखे उजाड़, मृत संवेदन!
पहुँची वहाँ जलधार तो
लगा बहने मन का खुश्क भार
हवा में घुली भारी महक स्मृतियों की
मन हुआ हलका, बहुत हलका
रुई के गाले-सा
इस बार बारिशों में बूँद-बूँद बरसती हरियाली
के हरे फव्वारे ने
भिगोकर भीतर तक
किया कुछ ऐसा कमाल
कि मन हुआ हलका...
प्यार ही प्यार था बस जो सुख के आँसू बन छलका,
कुछ देर यों ही पोंछता रहा आँखें
मन हुआ हलका...बहुत हलका!

## 2. पुराने शहर की गलियों में

उस दिन जब अनिल उदित के साथ था
मैं अपने पुराने शहर की
टेढ़ी-मेढ़ी चक्करदार गलियों के जादुई संगीत में खोया सा
भटकता अपने अंदर और बाहर
अपने पुराने शहर के पुरानेपन
की आभा
को पास से देखते और प्यार करते हुए
टहल रहा था जब मैं अनिल उदित के साथ पूरे सुरूर में
तो यकबयक
मैं अपने पुराने शहर की उस बेहद पुरानी आत्मा से मिला
जो बैठी थी एक पुराने मंदिर की
टूटी सीढ़ियों पर
कुछ सोचती और धीरे से बतियाती
इर्द-गिर्द की खामोशियों से
पुराना खँडहरनुमा मंदिर
वह सुनसान था
जिस में छिपकर किसी फूल की गंध में
बैठा था ईश्वर
ईश्वर बार-बार मेरे पास आता और
कंधे पर हाथ रखकर
कुछ गुनगुनाने लगता था
कभी वह आल्हा गाने वाला लड़का
बनकर आता जिसके बाल हवा में उड़ रहे थे
तो कभी एक भग्न हवेली के पास
खूबसूरत बौद्ध स्तूपों की शक्ल में बटोड़े
तैयार कर रही साँवली स्त्री के चेहरे में बदल जाता
कभी उस मंदिर में का सन्नाटा बनकर
वह पास चला आता
जो शहर के किनारे चुपचाप
प्रार्थना करता सा लगता था...
फिर एकाएक सुपारी काटने वाला
रामभद्दर बन जाता,
जिसका अँगूठा
पिछले पचास बरसों से लगातार
सुपारी काटते-काटते सूज गया था
कभी वह पतंगें बनाते अशरफ की
भोली हँसी बन जाता,
जिसके अब्बा ने दशहरे पर
उड़ाई थीं सात पतंगें और दिल्ली जाकर
दिल्ली के महारथियों को छकाया था
और कभी कुम्हार हीरालाल,
जिसके घड़े और सुराहियाँ चमकती थीं
सृष्टि की सबसे खूबसूरत कलाकृति के
रूहानी नूर की तरह
और फिर वहाँ से लौटा तो अनिल उदित के घर
अनिल उदित मार्का स्नान
जिसमें ईश्वर आया और खुले में स्नान के बीच
मेरे गीले बालों को बार-बार अपने स्पर्श से सहलाती
हवाओं की शक्ल में
धीरे से पीठ थपथपाकर चला गया
आह, उस दिन
दुनिया के सबसे बड़े और रोमांचक
अचरज की तरह
ईश्वर मेरे पास, इतने पास था
कि मैंने उस दिन भीतर और बाहर जो-जो भी देखा
उसमें वह था
फूल में फूल की गंध और आँख में आँख की नमी की तरह

## 3. विश्वसुंदरी के पाँव

मैंने देखा
काले हैं यकदम काले
विश्वसुंदरी के पाँव
पसीने की भाषा में खोजते जिंदगी का मर्म
ये पाँव
बिवाइयों फटे
हैं खुले माथे वाली एक खुशदिल दुनिया की अमानत
खासे गोबर पुते भी रहे ही होंगे ये पाँव
कि खेत से आकर धोने के बाद भी
रह गई है गंध बाकी...
और यों बाँकपन तो कई और भी हैं
नाखून टेढ़े-मेढ़े,
उन पर हड़बड़ी में उलटी-सीधी
लगाई गई नेल पालिश
इधर-उधर फैली बेतरतीब
जाने कितनी धूल भरी पगडंडियाँ पार कर भी
सीधी डगर चलते आए
कितने ये सादा, सरल मगर खुद्दार भी
कि सैकड़ों सिंथैटिक विश्वसुंदरियों के
चकमक चेहरे
इस काली विश्वसुंदरी के
काले गोबर पुते पैरों के आगे धूल-धूल लगते हैं।

**संपर्क 09810602327**

# ऐ सुंदर लड़कियों

**– विमल किशोर**



ऐ देश की सुंदर लड़कियों
स्वर्ण पदक से विभूषित
नाज है तुम पर
सारे देशवासियों को

आज तुम सब बैठी हो
अपने प्रति हो रहे अन्याय के खिलाफ
इस बेदर्द दीवारों से टकराते हुए
हो गये हैं कई दिन
तुम्हारी बेबसी और आंसू
अंधी, बहरी और गूंगी सत्ता को समझ नहीं आता

ऐ देश की सुंदर लड़कियों
अब लड़नी होगी तुम्हें लम्बी लड़ाई
अब यह है तेरी आर-पार की लड़ाई
उन सभी लड़कियों के लिए
जिनके अरमानों को कुचला गया है
बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का झूठा भ्रम फैला कर
रोक लगा दो उसके नाजायज हौसलों पर
नफरत के मंसूबों पर
तुम आगे बढ़ो
कई हाथ और कई कदम तुम्हारे साथ होंगे
न तुम डरना न कभी झुकना
ऐ देश की सुंदर लड़कियों
नाज है तुम पर सारे देशवासियों को।

**संपर्क – 8795788057**

# गजल




**– धर्मेन्द्र गुप्त**

वो सियासत में जब से उतरे हैं
हो गये किस कदर सुनहरे हैं
कैसे मसलों का कोई हल निकले
हम हैं गूँगे , हुजूर बहरे हैं
इनको बरसात जब नहीं करनी
फिर ये बादल यहाँ क्यों ठहरे हैं
कैसे राजा से मिल सके परजा
द्वार पर उनके सख्त पहरे हैं
वो तो दोहरे से हो गये तिहरे
हम तो अब भी वही इकहरे हैं
तेरे मरहम में कुछ असर ही नहीं
जख़्म अब भी हमारे गहरे हैं

**संपर्क 8935065229**

# कभी-कभार विरोध चुनो

**– सत्येन्द्र कुमार रघुवंशी**



तुम पत्थर से ज्यादा चुप हो,
कभी-कभार विरोध चुनो।

मन तरंग-सा दिखे, इसलिए
नदी चुनो तुम, नाव चुनो।
जंग न निष्फल हो जीवन की,
बढ़ो, कर्ण के घाव चुनो।

दुवार्सा की जगह कभी तुम
लहरों वाला क्रोध चुनो।

ऐसे लमहे चुनो कि जिनमें
हो न सनसनी तीरों की।
सन्नाटे में पड़े सुनायी
सिसकी आलमगीरों की

हर वन बाघों का ही क्यों है,
कभी मृगों पर शोध चुनो।

तट पर पड़ी सीपियों जैसे
दुख बीनो, नैराश्य चुनो।
नाउम्मीदी घेर न पाये,
मन के उजले भाष्य चुनो।

ओस चाहती है कि कभी तुम
पंखुड़ियों का बोध चुनो।

# कलयुगी मां ने तीन बच्चों को उतारा मौत के घाट

**गृह कलह**

### खुद को किया आग के हवाले जलने पर भागी बाहर

**जनसंदेश न्यूज**


घटना के बाद जुटे ग्रामीण

**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के पजरा गांव में शुक्रवार देर रात कलयुगी माँ ने अपने तीन मासूम बच्चों को घर के पास कुआँ में फेककर खुद को घर में बन्द कर आग लगा ली। आग की लपटें तेज हुई तो माँ आग सहन नहीं कर पाई और चीखते चिल्लाते हुये घर से बाहर निकल आई।

शोरगुल होते ही सो रहे परिजन के अलावा पास पड़ोस के लोग मौके पर जुट गये और घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह लोग घर के आग को बुझा सकें। आग बुझाने के बाद जब लोग बच्चों को खोजने लगे तो माँ चन्दा उर्फ सुधा ने बताया कि बच्चों को कुआँ में फेंक दी हूँ। यह सुनते ही परिजन अवाक रह गये और कुआँ के पास जाकर देखा तो दो बच्चों का शव उतराया हुआ था। मृतक मासूमों के दादा श्यामधर ने बताया कि बेटा अमरजीत दो माह से मुंबई में जाकर मजदूरी कार्य करता है।

शुक्रवार रात को बेटे से फोन पर बातचीत हुई थी दोनों के बीच क्या बातचीत हुआ इसकी जानकारी किसी को नहीं है जिसके बाद लोग खाना खाकर सो रहे थे तभी बहू चन्दा उर्फ सुधा ने अपने तीन मासूम आकाश 8 वर्ष, कृति 3 वर्ष व अन्नू डेढ़ वर्ष को कुएं में फेंककर घर में खुद को बन्द कर आग लगा ली। घटना की जानकारी होते ही आस पड़ोस के लोगों के साथ मिलकर किसी तरह आग बुझाया गया।

आग बुझाने के बाद बच्चों को खोजने लगा तो बहू ने कहा कि बच्चों को कुएं में फेक दी हूँ। परिजन और आस पड़ोस के लोगों ने कुएं में कूदकर दो बच्चों को बाहर निकाला और बड़ा बेटा आकाश का शव लापता रहा। घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ओपी सिंह सीओ सदर शैलेन्द्र त्रिपाठी, लालगंज थानाध्यक्ष ज्ञानू प्रिया, संतनगर पुलिस, हलिया पुलिस मौके पर पहुंचकर टुल्लू पम्प लगवाकर कुएं का पानी बाहर निकालकर खोजते रहे जिसके बाद शनिवार सुबह लगभग 11 बजे आकाश का शव कुआँ से बाहर निकाला गया। घटना के बाद मासूम बच्चों के माँ चन्दा उर्फ सुधा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वही घटना के बाद गांव में मातम छा गया।

### मासूम बच्चों के मौत की जानकारी मिलते ही पहुंची विधायक

**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के पजरा गांव में शुक्रवार देर रात माँ ने अपने तीन मासूम बच्चों को कुएं में फेककर खुद को घर में बन्द कर आग लगा ली। हालांकि आग की लपट को सहन नहीं कर पाई और चीखते चिल्लाते हुये बाहर भाग गयी। परिजन व आस पड़ोस के लोगों द्वारा घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह शव को बाहर निकाला गया। घटना की जानकारी मिलते ही नव निर्वाचित विधायक रिंकी कोल, प्रमुख पति जगप्रकाश कोल, पूर्व प्रमुख जय सिंह पहुँचकर परिजनों को धांधस बंधाया।

### घटना के बाद गांव में छाया मातम

**हर जुबां पर था मां की करनी का किस्सा**

**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के पजरा गांव में तीन मासूम बच्चों को माँ के द्वारा कुएं में फेककर मौत के उतार देने के बाद घटना से गांव में मातम छा गया। शुक्रवार देर रात मासूम बच्चों की माँ अपने पति से फोन पर बातचीत कहासूनी से इस कदर आवेश में आ गयी कि वह अपना आवेश अपने तीन मासूम बच्चे आकाश 8 वर्ष,कृति 3 वर्ष, अन्नू 1 वर्ष को घर के पास कुआँ में फेक दी जिससे पानी में डूबने से तीनों मासूम बच्चों की मौत हो गयी। घटना के बाद गांव में मातम छा गया।मासूम बच्चों को इस तरह मौत के घाट उतार देने पर हर किसी ने आरोपी माँ के इस कृत्य पर सवाल खड़ा कर रहा है।

## ट्रैक पर शव के तीन टुकड़े देख रुकी मगध एक्सप्रेस

**दुखद**

### करीब 1 घंटे बाद दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन को हुई रवाना

**मीरजापुर।** कटरा कोतवाली क्षेत्र के सबरी के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर करीब 50 वर्षीय युवक ने जान दे दी। ट्रैक पर पड़े शव को देखकर मगध एक्सप्रेस ट्रेन के चालक ने ब्रेक लगा दिया। ट्रेन करीब 1 घंटे आउटर पर ही खड़ी रही।

मौके पर पहुंचे कटरा कोतवाली के सब इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी एवं आरपीएफ के एसआई अशोक कुमार ने कार्रवाई कर शव को कब्जे में लिया। ट्रैक से शव हटाने के बाद ट्रेन आगे के लिए रवाना हुई। बताया जाता हैं कि शनिवार को बिना फाटक वाले पुराने रास्ते से स्थानीय लोग आवजाही कर रहे थे। उस दौरान एक युवक को रेलवे पटरी के किनारे चहल कदमी करते हुए देखा गया। इसी दौरान डाउन लाइन पर अहमदाबाद बरौनी ट्रेन आती दिखाई पड़ी। ट्रेन के नजदीक आते ही युवक दौड़ कर रेलवे ट्रैक पर जाकर लेट गया। अपने गंतव्य की ओर दौड़ रही ट्रेन युवक के ऊपर से गुजर गई। ट्रेन जाने के बाद उसका शव तीन भाग में हो गया था। हादसे के ही बाद उसी ट्रैक पर आ रही मगध एक्सप्रेस ट्रेन के चालक ने इमर्जेन्सी ब्रेक लगाकर ट्रेन को शव के पहले ही रोक लिया। ट्रैक पर पड़े 3 भाग में बंटे शव को कानूनी कार्रवाई करके हटाया गया। तब कहीं जाकर करीब 55 मिनट बाद ट्रेन अपने गंतव्य के लिए रवाना हुई। मृतक की उम्र करीब 50 वर्ष है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त में लगी है।


शव शिनाख्त करती पुलिस

### प्रधानमंत्री का जवाबी पत्र पाकर खुश हुए बच्चे

**मीरजापुर।** कछवां नगर पंचायत स्थित पंडित रामकिंकर विकास विद्यापीठ स्कूल की छात्रा ईशा त्रिपाठी और पायल बिंद ने जनवरी में आयोजित परीक्षा पे चर्चा में भाग लेकर अपने विचार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष रखी थी। पीएमओ कार्यालय से एक पत्र इशा त्रिपाठी और पायल बिंद को जारी किया गया था जो शनिवार को मिला। इससे समूचे परिवार और स्कूल के अध्यापकों में खुशी का माहौल है। पीएमओ से जारी पत्र में लिखा है कि स्नेहाशीष। परीक्षा पर चर्चा में हिस्सा लेने और इस विषय पर अपने विचार साझा करने के लिए आपका धन्यवाद। आप जैसे युवा साथियों के विचारों को जानना- समझना हमेशा उत्साहजनक होता है। आज की युवा पीढ़ी की ऊर्जा, आत्मविश्वास और क्षमताओं को देखकर मुझे अत्यंत गर्व होता है। इस युवाशक्ति से हमारे देश की आशाएं और आकांक्षाएं जुड़ी हुई हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि भारत की युवाशक्ति अपने व्यक्तिगत संकल्पों के साथ देश के संकल्पों को जोड़कर राष्ट्र को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। आप जीवन की हर परीक्षा में सफलता प्राप्त करें, इस विश्वास के साथ आपको उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

## महानंदा एक्सप्रेस की एसी खराब 45 मिनट स्टेशन पर रुकी रही ट्रेन

**हंगामा**

### दिल्ली की ओर जा रहे यात्रियों ने किया हंगामा

### एसी ठीक होने के बाद ही ट्रेन आगे हुई रवाना

**जनसंदेश न्यूज**


हंगामा करते यात्री

**मीरजापुर।** अलीपुरद्वार से दिल्ली की ओर दौड़ रही महानंदा एक्सप्रेस 15483 में सवार यात्रियों के हंगामे के कारण करीब 45 मिनट स्थानीय स्टेशन पर खड़ी रही। गर्मी बढ़ने के साथ ही यात्रियों का पारा भी चढ़ता जा रहा था। लिहाजा स्टेशन पर ट्रेन के रुकते ही तमाम यात्री ट्रेन से उतर गए। प्लेटफार्म के मध्य स्टेशन मास्टर के कार्यालय में जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराया।

इस दौरान यात्रियों ने स्पष्ट कर दिया कि एसी की व्यवस्था सही होने के बाद ही ट्रेन आगे रवाना होगी। स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 पर ट्रेन रुकते ही यात्रियों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। उनका कहना था कि ट्रेन के किसी भी एसी बोगी में एसी काम नहीं कर रहा है। जल्द ठीक कराने का आश्वासन मिलने के बाद भी आक्रोशित यात्री विभागीय व्यवस्था को कोसते हुए ट्रेन में सवार होने से इंकार कर दिया।विभागीय सूचना पर पहुंचे मैकेनिक ने एसी की खराबी को दूर किया। तब कही 45 मिनट बाद महानंदा ट्रेन दिल्ली के लिए रवाना हुई। स्टेशन मास्टर कार्यालय पर हंगामा की जानकारी मिलते ही आरपीएफ एवं जीआरपी के जवान पहुँच गए। महानंदा एक्सप्रेस ट्रेन लगभग 45 मिनट तक प्लेटफार्म नंबर 3 पर खड़ी रही। जब तक ट्रेन की एसी सही नहीं किया गया तब तक यात्रियों ने हंगामा जारी रखा और ट्रेन को आगे नहीं बढ़ने दिया। एसी ठीक होने पर प्लेट फार्म छोड़ कर यात्री ट्रेन में सवार हुए और ट्रेन गंतव्य की ओर बढ़ गई। ट्रेन जाने पर स्टेशन स्टाफ और पुलिस के जवानों ने राहत की सांस ली।

# अनुपस्थित रहने पर आधा दर्जन अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

**आयोजन**

### आयुक्त ने सुनी चुनार में जनता की समस्यायें

**जनसंदेश न्यूज**


चुनार में निस्तारण करते आयुक्त

**चुनार।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में मंडलायुक्त बी मुथु कुमार स्वामी ने फरियाद सुना। जिसमें प्रार्थना पत्र 136 पड़े जो मौके पर आठ का निस्तारण किया गया। वही भरपुर निवासी विनोद कुमार ने सेटलमेंट एरिया के आरो पानी संचालक पर नाबालिग पुत्र से जबरिया काम करने का दबाव बनाए जाने व काम छोड़ने पर उसे झूठे मामलों में फंसाये जाने की धमकी संबंधित शिकायत किया गया है।

हसौली निवासी दिनेश यादव ने गांव के कोटेदार पर खाद्यान वितरण में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। सददूपुर निवासी अशोक कुमार वर्मा ने भाई के विरूद्ध शिकायत प्रार्थना पत्र दिया कि आपसी पारिवारिक बंटवारे को वह नही मान रहे हैं। संपत्ति को लेकर विवाद उत्पन कर रहे हैं। कुल 136 प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें मौके आठ का निस्तारण हुआ। मंडलायुक्त ने विभिन्न विभागों के नौ अधिकारियों से उनके अनुपस्थित रहने का स्पष्टीकरण मांगा है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी भू राजस्व सत्य प्रकाश सिंह, एसडीएम नवनीत सेहारा, तहसीलदार नुपूर सिंह, पुलिस उपाधीक्षक उमाशंकर सिंह, खंड विकास अधिकारी नरायनपुर शिव नारायण सिंह, जमालपुर पवन कुमार सिंह, एसडीओ विद्युत विपिन पटेल, आपूर्ति निरीक्षक काशीनाथ सहित राजस्व व पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे। सहायक अभियंता खंड 2 लोक निर्माण विभाग सुशील कुमार, अपर चिकित्सा अधिकारी डॉ सुदीप कुमार सिंह, सहायक नलकूप अभियंता अमित सिंह, सहायक अभियंता सिंचाई खंड चुनार कृष्ण कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी सीखड़ अनिल कुमार सिंह, कृषि विभाग से कृष्ण कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी ग्राम पंचायत जमालपुर के अपसेंट रहने पर स्पष्टीकरण मांगा है।

## निस्तारण में लापरवाही न करें अधिकारी

**बोलीं डीएम**

### लालगंज में डीएम ने सुनी फरियाद

### सात का मौके पर किया गया निस्तारण

**लालगंज।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी दिव्या मित्तल और पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल 169 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 7 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष बचे प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस टीम गठित कर निस्तारण करने का आदेश दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में ज्यादातर मामले भूमि संबंधित छाए रहे। नेवढ़िया निवासी राजेंद्र प्रसाद यादव ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि पूर्व प्रधान द्वारा गांव मे शौचालय न बनवा कर उसके रुपए को गमन कर लिया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि जांच करा कर कार्रवाई सुनिश्चित करें। बरडीहा कला निवासी विजय नारायण सिंह ने पत्र देकर आरोप लगाया कि गांव चकबंदी अंतर्गत होने की वजह से चकबंदी कर्ताओं द्वारा पैमाइश नहीं किया जा रहा है पैमाइश कराया जाए। बारीपुर गरवार निवासी लालचंद द्वारा पत्र देकर आरोप लगाया गया कि लेखपाल के मिलीभगत से पट्टा की भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है जिसे रोका जाए। राजापुर निवासी रामचरित्र ने चकरोड की पैमाइश कराए जाने की मांग की। कठवार निवासी अमरनाथ ने पत्र देकर बताया कि मेरी भूमि पर बाणसागर नहर बनाकर मेरी अधिग्रहित भूमि का मुआवजा आज तक नहीं दिया गया जिसे दिलाया जाए। मझियार निवासी सत्य प्रकाश ने पत्र देकर आरोप लगाया कि मेरी भूमि भूमि पर अनाधिकृत रूप से कब्जा किया जा रहा है जिसे रोका जाए। सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने का निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को आगाह किया कि समाधान दिवस में आने वाले सभी प्रार्थना पत्रों का मुस्तैदी के साथ निस्तारण किया जाय। साथ ही निस्तारण आख्या के साथ प्रार्थना पत्रों को भी संलग्न किया जाय। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। शिथिलता पाते जाने पर संबंधित अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी। कहा कि शासन की मंशा है कि फरियादियों को बार-बार तहसील का चक्कर न लगाना पड़े। जिसके परिपेक्ष में आप सभी लोग फरियादियों की समस्या को प्रमुखता से लेते हुए मौके पर जाकर फरियादी से मिलकर समस्या का समाधान करते हुए रिपोर्ट समय के अंदर प्रस्तुत करें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगा। अधिकांश मामले जमीनी विवाद और पेयजल समस्या से संबंधित थे। सभी प्रार्थना पत्रों को निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को भेजा गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, उपजिलाधिकारी लालगंज भरत लाल सरोज, तहसीलदार शशांक शेखर राय, लालगंज इंस्पेक्टर ज्ञानू प्रिया, खंड विकास अधिकारी लालगंज संजय श्रीवास्तव, हलिया कुलदीप कुमार, नायब तहसीलदार मधु जैन समेत सभी विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

## जलजीवन मिशन कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

**जायजा**

### ग्रामीणों की सुनी समस्या पेयजल समस्या के समाधान का दिया आश्वासन

**जनसंदेश न्यूज**


गांव का निरीक्षण करने पहुंची डीएम

**हलिया।** क्षेत्र के देवहट ग्राम पंचायत के लहुरियादह गांव में शनिवार दोपहर बाद जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने पहुंचकर जलजीवन मिशन के कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्या सुनी और उसके समाधान का आश्वासन आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने रेन हार्वेस्टिंग के तहत जीर्णोद्धार कराए गए प्राचीन कूप का निरीक्षण किया।

जल संचयन के लिए बनाई गई लहुरियादह बंधी का निरीक्षण किया और बंधी निर्माण के लिए ग्राम प्रधान की सराहना की। जिलाधिकारी ने बंधी निर्माण के संबंध में ग्राम प्रधान कौशलेंद्र गुप्ता से जानकारी ली। ग्राम प्रधान ने बताया कि बंधी में बारिश के बाद जल संग्रह होने पर वाटर लेवल में सुधार आने के साथ साथ मवेशियों तथा वन्य जीवों के पीने के काम आएगा। जिलाधिकारी ने बंधी के इर्द-गिर्द आगामी जुलाई माह में पौधारोपण कराए जाने हेतु ग्राम प्रधान को निर्देश दिए। ग्रामीणों ने पेयजल समस्या से अवगत कराया तो जिलाधिकारी ने दो महीने के भीतर पाइप लाइन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति कराने का आश्वासन दिया। मौके पर मौजूद कार्यदाई संस्था एनसीसी लिमिटेड के प्रबंधक राजेश सिन्हा से कराए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि मोटर पंप बैठाने के बाद पाइप लाइन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। जिसके लिए तेजी से कार्य चल रहा है। ग्रामीण पार्वती, निर्मला, शिव कुमारी आदि ने जिलाधिकारी से पीएम आवास दिलाने के लिए कहा जिसपर उन्होंने बीडीओ को आवास सूची नाम जोड़ने के लिए कहा। ग्रामीण देवकली बुटन देवी, शीला, निर्मला, पूनम, जगजीवन यादव, छोटे लाल आदि ने गांव में हाईस्कूल तथा स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग किया। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि जलजीवन मिशन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग के तहत कराए गए कार्य तथा मनरेगा के कार्यों का निरीक्षण किया गया है। पेयजल की समस्या का जल्द ही समाधान हो जाएगा जिसके लिए जल जीवन मिशन का कार्य प्रगति पर है। ग्राम प्रधान को टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति कराने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान एडीएम नमामि गंगे अमरेंद्र कुमार, एसडीएम भरत लाल सरोज, बीडीओ कुलदीप कुमार, एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान कौशलेंद्र गुप्ता, सचिव सौरभ यादव, अमर बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

## लालगंज में आयोजित समूह को संबोधित करतीं जिलाधिकारी

**जागरूकता**

### सपने देखें और सपनों को साकार करने के लिए आगे बढ़ते रहे : डीएम

### डीएम ने दी नसीहत गांव की छोटी राजनीति से उपर उठ कर करें काम

**जनसंदेश न्यूज**


कार्यनेत्रियों को संबोधित करतीं डीएम

**लालगंज।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं से संबंधित जागरूकता के आयोजन मे जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाओं की मुख्य भूमिका विकास के क्षेत्र में है। समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि एकता बनाओ एक दूसरे का विश्वास और सहयोग करो। इससे आधार भूत बदलाव तय होगा। कहा कि जो जैसा देखना चाहता है सपने देखें और सपनों को साकार करने के लिए आगे बढ़ते रहे। उन्होंने सावधान करते हुए कहा कि गांव की छोटी छोटी राजनीति से ऊपर उठकर एक दूसरे के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने जिले के 1911 की गणना करने की बात का उल्लेख करते हुए बताया कि सशक्त होने की जरूरत है। उन्होंने महिलाओं को आगाह करते हुए कहा कि कमाई में बचत की जरूरत है। जितना कमाई उसमें से बचत निश्चित रूप से करें। उदाहरण देते हुए कहा कि 10 रुपया कमाईए तो एक रूपया बचाइए। कहा कि जीवन में प्रत्येक परिवार के सदस्य अपनी समस्याओं की चुनौतियों से जूझते हैं। जिससे वह स्वयं लड़ते हैं। मुख्य विकास अधिकारी श्री लक्ष्मी बीएस ने कहा कि सरकार की संचालित योजनाओं की जानकारी होने से परिवार को लाभ होगा। भविष्य को फायदा होगा। इससे मजबूती आएगी। कार्यक्रम में आभार देते हुए उपजिलाधिकारी भरत लाल सरोज ने दिया और संचालन उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ईश्वर देव नारायण चतुर्वेदी ने किया। इसके पूर्व उपरौध अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष अनिल शुक्ला व पूर्व अध्यक्ष चंद्रदत्त त्रिपाठी बुक एवं गुलदस्ता से सम्मानित मंचासीन अतिथियों को किया। कार्यक्रम में लीड बैंक के प्रबंधक, जिला प्रमोशन अधिकारी, जिला प्रवर्तन अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, उप निदेशक कृषि अशोक उपाध्याय, परियोजना निदेशक अनय मिश्रा, खंड विकास अधिकारी संजय श्रीवास्तव, जिला स्तरीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की जानकारियां दी।

## संक्षेप

### बिजली विभाग के निलंबित लिपिक ने चपरासी को लात घूंसों से पीटा

**मीरजापुर।** कटरा कोतवाली क्षेत्र के जंगी रोड पावर हाउस पर उस वक्त अफरातफरी मच गई जब निलंबित लिपिक ने कार्यालय के ही चपरासी की पिटाई कर दी। कुर्सी पर बैठते ही पानी न मिलने पर वीरेंद्र यादव को लात घूँसों से पीट दिया। मौके पर मौजूद गार्ड ने मारपीट पर आपत्ति किया तो उसे भी मारने की धमकी दी गई। आरोपी बाबू को 23 मार्च 2023 को अवैध वसूली के आरोप में निलंबित किया गया है। पिटाई से मर्माहत चपरासी ने मंडी समिति चौकी में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। बताया जाता है कि निलंबित बाबू विनोद सिंह को बिजली विभाग फतहा कार्यालय से सम्बद्ध किया गया है। किसी कारणवश वह शनिवार को जंगीरोड अपने पुराने कार्यालय में पहुंचे थे। चर्चा है कि नशे में होने कारण अपनी गाड़ी भी नहीं खड़ा कर पा रहे थे। किसी प्रकार उतरते ही सामने पड़े वीरेंद्र को पानी लाने का फरमान जारी किया। कुर्सी पर बैठते ही पानी न मिलने पर वह इस कदर बिफर गए कि अपशब्दों की बौछार शुरू कर दिया। इतने से भी मन नहीं भरा तो वीरेंद्र की लात घूँसों से पिटाई कर दी। ड्यूटी पर तैनात गार्ड ने मामला सलटाने का प्रयास किया तो उसे भी पीटने की धमकी देने लगा। शोरगुल के चलते विभागीय जन इकट्ठा हो गए। लोगों ने किसी प्रकार हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया। अनानाहक पिटाई किए जाने से व्यथित वीरेंद्र यादव ने मंडी समिति पुलिस चौकी पर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। बताया गया है कि विनोद कई प्रकार के नशे का आदी है। विभाग में आने वाले ग्राहकों से अक्सर वसूली कर लेता है। इसी आरोप में उसे 30 मई 2023 को निलंबित किया गया है। कर्मी की पिटाई से विद्युत विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों एवं लाइन मैनो में जबरदस्त आक्रोश है। बताया गया कि वीरेंद्र यादव की तैनाती लाइनमैन के रूप में की गई है और उससे चपरासी का काम लिया जाता है।

### वाहन की चपेट में आने से साले बहनोई की उपचार के दौरान मौत

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय मार्ग 135 पर स्थित चेरुईराम गांव के पास बीती रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साले बहनोई की उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही दोनों के घरों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लालगंज थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय मार्ग फोरलेन सड़क पर चेरुईराम गांव के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक पर जा रहे 20 वर्षीय अनिल कुमार निवासी बबूरा कला थाना हलिया और 23 वर्षीय कृष्ण मुरारी निवासी नारैना कला थाना लालगंज गंभीर रुप से घायल हो गए। दोनों रिश्ते में साले बहनोई लगते थे।मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलों को मंडलीय अस्पताल के लिए पहुंचाया। अनिल का उपचार शुरू कर कृष्ण मुरारी को ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया था। जहां उपचार के दौरान मंडलीय अस्पताल में साले अनिल की मौत हो गई। वही ट्रामासेंटर वाराणसी में उपचार के दौरान बहनोई कृष्ण मुरारी की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। बता दें कि विगत 10 मई को कृष्ण मुरारी की शादी बबुरा कला निवासी अनिल की बहन के साथ हुई थी, इसी शादी में बाइक दहेज में मिली थी। इसी बाइक से दोनों साले बहनोई दोस्त की शादी में शामिल होने के लिए लालगंज थाना क्षेत्र के बनवारी का गांव जा रहे थे।

### बाइक से गिरकर महिला घायल

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर बाईक से बेटे के साथ जा रही महिला शनिवार की दोपहर में अहरौरा महुली चौराहे के पास रोड़ पर बने ब्रेकर पर बाईक से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार महिला ने अपने बेटे के साथ मधुपुर जा रही थी कि जैसे ही अहरौरा महुली चौराहे के पास पहुँची की रोड पर बने ब्रेकर पर बाईक पर बैठी महिला गिर पड़ी। उर्मिला पत्नी प्रभु पटेल निवासी कोरईया रामनगर गम्भीर रूप से घायल हो गई। महिला को लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया। जहाँ पर उपचार करने के बाद गम्भीर चोट होने के कारण वाराणसी के ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया गया।

### टैबलेट कंप्यूटर पाकर खिले छात्रों के चेहरे

**जिगना।** केजीएस महाविद्यालय जोपा में शनिवार को विद्यालय में वितरण समारोह के दौरान बच्चों को टेबलेट कंप्यूटर बांटा गया। इस दौरान कालेज के प्राचार्य डॉक्टर सरिता सिंह प्रबंधक सुमन रानी द्वारा वितरित किया गया। इस दौरान जोपा गांव के ग्राम प्रधान गोवर्धन सिंह पटेल, रामसहाय सिंह, राम सिंह, कैलाश नाथ सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सारिका सिंह बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं विद्यालय के बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं और शासन द्वारा मिले इस टेबलेट कंप्यूटर से अच्छी पढ़ाई भी की जा सकती है और बच्चों को लगन और मन से पढ़ने की बात की कंप्यूटर पाकर बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली।

### संरक्षक की मौत के बाद शोक

**चील्ह।** विकासखंड कोन के हरसिंगपुर गांव स्थित जय दीप पब्लिक स्कूल की संरक्षक देव कुमारी मिश्रा का 84 वर्ष के उम्र में शनिवार को देहान्त हो गया। जिनका दाह संस्कार शनिवार को दोपहर मीरजापुर के चौबे घाट पर किया गया। विद्यालय के प्रबंधक शशि कान्त मिश्रा ने बताया कि विद्यालय परिवार की इनके निधन से विद्यालय परिवार की अपूरणीय क्षति हुई है। इनके निधन पर क्षेत्रीय लोगों ने शोक ब्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालों में संतोष शुक्ला, रमाकांत तिवारी, मनोज श्रीवास्तव, महेश तिवारी, उमाकांत शुक्ला, मनोज दुबे व समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहे।

### कोरियर लादकर जा रहा कंटेनर ड्रमंडगंज घाटी में पलटा

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर शनिवार दोपहर मध्य प्रदेश की तरफ से मीरजापुर जा रहा कंटेनर ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित होकर सौ फीट नीचे खांई में जाकर पलट गया। हादसे में फिरोजाबाद जिले के हरसा थाना क्षेत्र के पटेना गांव निवासी 32 वर्षीय चालक करू और 23 वर्षीय खलासी राहुल निवासी पटेना हरसा जिला फिरोजाबाद गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर घटना स्थल पर पहुंची ड्रमंडगंज पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार हेतु न्यू पीएचसी ड्रमंडगंज ले गयी जहां दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद फार्मासिस्ट आनंद सिंह ने हालत गंभीर देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

### युवती के घर से फरार होने की पिता ने दी तहरीर

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव की युवती बिना किसी को बताए घर से गायब हो गई जिसके संबंध में युवती के पिता ने पड़ोसी युवक पर लड़की को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। जानकारी के अनुसार राजगढ़ थाना क्षेत्र के भवानीपुर गांव की युवती परिजनों को बगैर किसी सूचना के अचानक घर से गायब हो गई। दूसरे दिन युवती की काफी खोजबीन की गई लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका वहीं पड़ोस का रहने वाला गैर जाति का युवक भी फरार बताया जा रहा है। युवती के पिता ने पड़ोसी युवक के घर जाकर पूछा तो मामला तूल पकड़ने लगा जिसके बाद युवती के पिता ने राजगढ़ थाने पर तहरीर देकर युवती के खोजबीन एवं पड़ोसी युवक पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग किया है।

### उप निदेशक कृषि ने किया निरीक्षण

**लालगंज।** उप निदेशक कृषि अशोक कुमार उपाध्याय कृषि केंद्र लालगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौजूद किसानों से बीज केसंबंध में जानकारी लिया और जागरूक करते हुए बताया कि वैज्ञानिक तरीके से खेती करें और सिस्टम का प्रयोग करें। क्षेत्र में चल रहे केवाईसी के संबंध विशेष तौर से ध्यान देने की जरूरत कर्मचारियों को हिदायत दी। क्योंकि कोई भी किसान किसान सम्मानित से छूटना नहीं चाहिए इसके लिए जागरूकता अभियान चलते रहना चाहिए। उनके साथ जिला कृषि अधिकारी पवन कुमार प्रजापति, भूमि संरक्षण अधिकारी पवन सिंह, बीटीएम राजीव कुमार सिंह ,पवन सिंह मौजूद रहे।

### किशोरी ने गंगा में लगाई छलांग, मौत

**मीरजापुर।** कोतवाली कटरा पुलिस चौकी शास्त्री ब्रिज पर बड़ी बसही निवासी सुरेन्द्र कुमार द्वारा सूचना दी गयी कि उनकी पुत्री प्रिया उम्र 15 वर्ष द्वारा शनिवार को गंगा नदी में छलांग लगा ली है। उक्त सूचना पर थाना कोतवाली कटरा पुलिस बल द्वारा स्थानीय गोताखोर, नाविकों व एसडीआरएफ टीम की मदद से गंगा नदी में तलाश कर मृतका प्रिया के शव को बरामद किया गया। मौके पर पुलिस उच्चाधिकारीगण व थाना कोतवाली कटरा पुलिस बल मौजूद रहे। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### एडीएम नमामि गंगे की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

**मड़िहान।** शनिवार को स्थानीय तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस एडीएम नमामि गंगे अमरेन्द्र वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 111 प्रार्थना पत्र आये जिसमें चार प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया व शेष मामलों में टीम गठित कर भेज दिया गया। समाधान दिवस में सीडीपीओ पटेहरा व वन क्षेत्राधिकारी रमेश मौर्य के अनुपस्थित रहने पर एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह ने कड़ी फटकार लगाया। एसडीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये शिकायत पत्रों के लिए सम्बन्धित लोगों को समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया। एसडीएम ने चेतावनी दिया कि सभी प्रार्थना पत्रों का शिकायतकर्ता के सामने निस्तारण किया जाय किसी भी तरह का हीलाहवाली बर्दास्त नहीं है। इस दौरान तहसीलदार फूलचंद यादव, खंड विकास अधिकारी पटेहरा शैलेन्द्र सिंह, इंस्पेक्टर मड़िहान शैलेश राय आदि लोग उपस्थित रहें।

### कार्य में लापरवाही पर दो प्रभारियों पर हुई कार्रवाई

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने शनिवार को कार्य की लापरवाही पर कटरा कोतवाल व संत नगर प्रभारी पर कार्यवाही करते हुए उन्हें पुलिस लाइन का रास्ता दिखाया। लगातर मिल रही शिकायत के आधार पर कटरा कोतवाल प्रेमशंकर तिवारी व संतनगर थाना प्रभारी कमल टावरी को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

# स्पोर्ट्स

### यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने भारतीय कुश्ती संघ को जल्द चुनाव करने को कहा

**नई दिल्ली।** बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों का गुस्सा थम नहीं रहा हैं। वह लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। धरने के कारण भारत को निलंबन का सामना करना पड़ रहा है। कुछ दिन पहले यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने धमकी देकर कहा है कि अगर भारतीय कुश्ती संघ जल्द से जल्द चुनाव नहीं कराता तब डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया जाएगा। भारतीय कुश्ती संघ की चुनाव प्रक्रिया को पूरा करने के लिए खेल मंत्रालय ने आईओए को 45 दिन तक का समय दिया है। जो 10 जून को समाप्त हो रहा हैं। रिपोर्ट के अनुसार ओलंपिक एसोसिएशन ने अभी तक अपनी प्रक्रिया शुरू भी नहीं की है। उन्होंने इसके लिए अब तक अधिकारी भी नियुक्त नहीं किया है। जो इसकी निगरानी कर सके। सूत्र ने बताया कि जब तक यह मामला ठंडा नहीं होता, तब तक निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराना ठीक नहीं होगा। इसी वजह से अभी तक चुनाव के लिए सूचना जारी नहीं की गई है।

# महिला जूनियर एशिया कप में भारत ने उज्बेकिस्तान को 22-0 से हराया

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अगला पूल गेम 5 जून को मलेशिया के खिलाफ खेलेंगी

**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने उज्बेकिस्तान जीत हासिल की है। इस तरह से भारतीय टीम ने अपने महिला जूनियर एशिया कप 2023 अभियान की जोरदार शुरूआत करते हुए उज्बेकिस्तान को 22-0 से हरा दिया है। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अगला पूल गेम 5 जून को मलेशिया के खिलाफ खेलेंगी। भारत ने फ्रंट फुट पर प्रतियोगिता की शुरूआत करते हुए नियमितता के साथ उज्बेकिस्तान पर बढ़त बनाई। उसने शुरूआत से ही उग्र खेलकर की जिस कारण वे शुरूआती बढ़त लेने में सफल रहे क्योंकि वैष्णवी विठ्ठल फाल्के ने पेनल्टी कार्नर को बदला जबकि मुमताज खान ने बाद में मैदानी गोल करके भारतीय टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। अन्नू ने एक गोल कर-के टीम की तालिका में इजाफा किया और शुरूआती क्वार्टर को भारत ने 3-0 की बढ़त के साथ समाप्त किया। हालांकि खेल का दूसरा क्वार्टर भी पहले क्वार्टर से अलग नहीं था



क्योंकि भारत ने गेंद को कब्जे में रखकर और लगातार आक्रमण करते हुए खेल पर अपना दबदबा कायम रखा और सुनीलिता टोप्पो, मंजू चोरसिया के रूप में बड़े अंतर से अपनी बढ़त बनाने में मदद मिली।, दीपिका सोरेंग, अनु ने नेट गोल कर भारत को 10-0 की बढ़त के साथ आधे समय के ब्रेक में जाने में मदद की। इधर भारतीय टीम अधिक गोल करने के लिए उत्सुक थी और उन्होंने चौथे क्वार्टर में दीपिका, मुमताज खान, और नीलम के माध्यम से तीन त्वरित गोल करके टीम को 18-0 से आगे कर दिया। इतना ही नहीं अन्नू ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल किया, जो मैच का उनका छठा गोल भी था जबकि वैष्णवी विठ्ठल फाल्के ने खेल का अपना दूसरा गोल कर टीम का स्कोर 20-0 कर दिया। एक मिनट बाद दीपिका (57) ने पेनल्टी कार्नर से अपने शॉट को घर पर पहुंचा दिया जिसके बाद मुमताज खान ने गोल किया और मैच भारत के पक्ष में 22-0 से समाप्त हो गया।




प्लेऑफ द मैच अनु को पुरस्कृत करते गेस्ट। अनु ने एक के बाद एक करके छह गोल दागे।



यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने 2 पेरिस, फ्रांस में फ्रेंच ओपन में रूस की एना ब्लिंकोवा के खिलाफ तीसरे दौर का मैच जीतने का जश्न मनाया।

## खेल और राजनीति को एक साथ नहीं जोड़ना चाहिए : बीसीसीआई अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के मौजूदा अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने पहलवानों के विरोध प्रदर्शन पर खुद को 1983 वर्ल्ड विजेता टीम के सदस्यों से अलग कर लिया है। बिन्नी का कहना है कि खेल और राजनीति को एक साथ नहीं जोड़ना चाहिए। पूर्व क्रिकेटर ने बताया कि पहलवानों के विरोध की मौजूदा स्थिति पर बयान जारी करने का दावा करने वाली मीडिया रिपोर्ट गलत है। उन्होंने कहा कि मामला अधिकारियों के विचाराधीन है और खेल को राजनीति से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। बिन्नी ने कहा, कुछ मीडिया रिपोर्टों के विपरीत, मैं साफ करना चाहूंगा कि मैंने पहलवानों के विरोध की मौजूदा स्थिति के बारे में कोई बयान जारी नहीं किया है। मेरा मानना है कि सक्षम अधिकारी इस मुद्दे को हल करने के लिए काम कर रहे हैं। एक पूर्व क्रिकेटर के रूप में मेरा मानना है कि खेल को राजनीति से नहीं जोड़ना चाहिए। इसके पहले पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद ने पहलवानों के समर्थन में आवाज उठाई और इस मुद्दे से निपटने के प्रति असंतोष व्यक्त किया था। उनका कहना है कि खेल की उपलब्धियों के माध्यम से देश का सम्मान बढ़ाने वाले पहलवान न्याय के हकदार हैं।



बृजभूषण सिंह पर आजाद ने कहा कि, जब आधा दर्जन से अधिक लड़कियों ने उन पर आरोप लगाया है, तब उन्हें पॉक्सो अधिनियम के तहत तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए था। 1983 वर्ल्ड कप विजेता टीम के सदस्यों ने शुक्रवार को पहलवानों से आग्रह किया था कि अपनी मेहनत से कमाई गई पदकों को गंगा नदी में बहाने का फैसला जल्दबाजी में न लें।

## ओवल की परिस्थितियां कोहली के लिए अनुकूल, वहां रन बनाएगा

### ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर ग्रेग चैपल ने कहा



**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर ग्रेग चैपल का मानना है कि ओवल की परिस्थितियां स्टार भारतीय बल्लेबाज और पूर्व कप्तान विराट कोहली के अनुकूल होंगी क्योंकि भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल 2023 में ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए तैयार है। भारत अपने लगातार दूसरे डब्ल्यूटीसी फाइनल में 7 जून से ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। पिछली बार कड़े संघर्ष के बाद भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ खिताब से चूकना पड़ा था। चैपल के मुताबिक परिस्थितियां कोहली के पक्ष में हो सकती हैं, क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज इंग्लैंड के गेंदबाजों की तरह परिस्थितियों का फायदा नहीं उठा पाएंगे और वह (कोहली) अपनी टीम के लिए रन बनाएंगे। चैपल ने कहा, कोहली से 2014 और 2021 में इंग्लैंड में एंडरसन, ब्रॉड और बाकी इंग्लिश गेंदबाजों द्वारा बहुत सारे सवाल पूछे गए थे। उन्होंने उन्हें कुछ बेहतरीन लाइन और लैंग्थ फेंकी थी। परिस्थितियां जो उनके अनुकूल थीं। वे जानते थे कि वह सबसे अच्छा है और उन्हें गेंदबाजी करते समय खुद को ऊपर उठा लिया। यह सोचना या कहना कि ऑस्ट्रेलियाई पहली गेंद से ऐसा करने में सक्षम होते हैं, सही नहीं है। अंग्रेज अपनी परिस्थितियों को किसी से बेहतर जानते हैं। विराट को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बल्लेबाजी करना पसंद है। हमने ऑस्ट्रेलिया में यह देखा है। उसका रिकॉर्ड इस बात का सबूत है कि वह कितना अच्छा है। उन्होंने कहा, मेरे सारे अनुभव से ओवल में उछाल होने वाला है और यह विराट के अनुकूल होगा। आपने मुझस कहा है कि मौसम अब तक शुष्क रहा है। मुझे लगता है कि अगर वह मानसिक रूप से स्विच ऑन है जैसा कि मैंने आपसे बातचीत में पहले कहा है, तब वह भारत के लिए रन बनाएगा। वह बहुत अच्छा खिलाड़ी है और ऐसा है जो स्पष्ट अंतर बना सकता है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने रोहित के फॉर्म के बारे में कहा कि क्या उनका आईपीएल फॉर्म उनके डब्ल्यूटीसी प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है। चैपल ने कहा, रोहित के लिए हां मैं पूरी तरह से सहमत हूं कि आईपीएल अलग है। मौसम, परिस्थितियां, प्रारूप, सब कुछ अलग है। और यह इस बारे में नहीं है कि आप या मैं या कोई और उसके फॉर्म के बारे में क्या महसूस करता है। यह सब कुछ है जो रोहित महसूस करता है। क्या उसे अपने आप पर कोई संदेह है? या वह बाहर जाकर बल्लेबाजी करने के बारे में अच्छा महसूस कर रहा है? यदि वह बाहर निकलते समय अच्छे क्षेत्र में है, तब कोई सवाल ही नहीं है कि वह अच्छी बल्लेबाजी करेगा।

## बालासोर दर्दनाक ट्रेन हादसे पर भारतीय खिलाड़ियों ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** ओडिशा के बालासोर जिले के बहानागा रेलवे स्टेशन के पास दिल दहला देनी वाली रेल दुर्घटना हुई है। बताया जा रहा है हादसे में करीब 230 से ज्यादा लोगों की मौत हुए है, जबकि 900 से अधिक यात्री घायल हुए हैं। देश में हुए इस दर्दनाक दुर्घटना के बाद हर कोई स्तब्ध है। लोग सोशल मीडिया के माध्यम से पीड़ित परिवार के प्रति अपनी सवेंदना व्यक्त कर रहे हैं। इसी कड़ी में देश के कुछ खिलाड़ियों ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं।

भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने ट्वीट करते हुए लिखा है, ह्यओडिशा में दर्दनाक ट्रेन हादसे के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। मेरी प्रार्थनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने इस दुर्घटना में अपने प्रियजनों को खो दिया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने लिखा है, ओडिशा में दुखद ट्रेन हादसे के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। अपने प्रियजनों को खोने वाले सभी परिवारों के प्रति संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने दुख व्यक्त करते हुए लिखा है, ओडिशा में हुई जनहानि से स्तब्ध हूं। ईश्वर पीड़ित परिवारों को शक्ति दें। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। देश आपके साथ खड़ा है।



टीम इंडिया के मौजूदा बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने शोक व्यक्त करते हुए लिखा है, ह्यबालासोर में दुखद ट्रेन दुर्घटना से प्रभावित सभी पीड़ितों और उनके परिवार जन के प्रति मेरी संवेदना है। पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने लिखा है, ओडिशा से दिल दहला देने वाली खबर आ रही है। इस भीषण ट्रेन हादसे में जान गंवाने वाले परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं और प्रार्थना।

## कोहली और अनुष्का को मिला एफए कप के फाइनल मुकाबले का न्यौता

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली एवं उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा को लंदन में होने वाले एफए कप के लिए बुलाया गया है। भारत के स्टार कपल्स को देश दुनिया में लोग काफी पसंद करते हैं। इसकारण इंग्लैंड के मशहूर टूनार्मेंट एफए कप के फाइनल मुकाबले के लिए उन्हें भी न्यौता मिला है। एफए कप का फाइनल मुकाबला शनिवार को मैनचेस्टर यूनाइटेड और मैनचेस्टर सिटी के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमें इस मुकाबले के लिए शाम 7.30 बजे इंग्लैंड स्थित वेम्बली स्टेडियम में आमने-सामने होंगी। फाइनल मुकाबले के लिए विराट और अनुष्का के साथ-साथ देश के कई अन्य खिलाड़ियों को भी आमंत्रित किया गया है।



रिपोर्ट्स के मुताबिक कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा को फाइनल मुकाबले के लिए खास न्यौता मिला है। उन्हें जर्मन स्पोर्ट्सवियर ब्रांड प्यूमा और इंग्लिश क्लब मैनचेस्टर सिटी ने खास अतिथि के रूप में बुलाया है। कोहली और अनुष्का भारत में प्यूमा के ब्रांड एम्बेसेडर हैं। वहीं प्यूमा का मैनचेस्टर सिटी के साथ भी करार है।




फ्लोरेंस, इटली में एथलेटिक्स - डायमंड लीग में - केन्या की फेथ किपयेगोन ने एथलीटों के साथ महिलाओं की 1500 मीटर फाइनल जीतने का जश्न मनाते हुए अपना नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।

### डेविड वार्नर ने की संन्यास की घोषणा, पाकिस्तान के खिलाफ खेलेंगे अंतिम मैच

**बेकेनहैम।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर क्रिकेट से सन्यास लेने जा रहे हैं। उन्होंने शनिवार को खुलासा किया कि वह जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ अपने घरेलू मैदान सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर अपने टेस्ट करियर का समापन करना चाहते हैं। गौरतलब है कि भारत के खिलाफ अगले सप्ताह होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की तैयारियों में लगे वॉर्नर ने अभ्यास सत्र से पहले बातचीत करते हुए उम्मीद जताई कि पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी टेस्ट उनका अंतिम टेस्ट मैच होगा। यह सलामी बल्लेबाज हालांकि हाल में लंबे प्रारूप में रन बनाने के लिए जूझता रहा है और उनकी टेस्ट टीम में जगह पक्की नहीं है। वॉर्नर ने कहा कि टीम में बने रहने के लिए आपको रन बनाने होंगे। मैं शुरू से कहता रहूं कि (2024) टी20 विश्व कप शायद मेरा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आखिरी मैच होगा।




पेरिस, फ्रांस में फ्रेंच ओपन टेनिस मैच के दौरान बेलारूस की आर्यना सबलेंका रूस की कामिला राखीमोवा के खिलाफ अपने तीसरे दौर के मैच के दौरान एक्शन में।

# दुनियाभर से आई मदद की पेशकश, ट्रेन हादसे पर विदेशी नेताओं ने जताया शोक

## ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग वेन, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग और भारत में अमेरिकी दूत एरिक गासेर्टी ने ट्रेन दुर्घटना से प्रभावित लोगों के लिए अपनी संवेदना व्यक्त की



**नई दिल्ली।** शनिवार को ओडिशा ट्रेन दुर्घटना में मारे गए लोगों के लिए दुनिया भर से संवेदनाएं आ रहीं हैं। वहीं कई देश मदद की पेशकश भी कर रहे हैं। ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग वेन, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग और भारत में अमेरिकी दूत एरिक गासेर्टी ने ट्रेन दुर्घटना से प्रभावित लोगों के लिए अपनी संवेदना व्यक्त की। ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग वेन ने एक ट्वीट में कहा भारत में ट्रेन दुर्घटना से प्रभावित सभी लोगों के लिए प्रार्थना करती हूं। मैं पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं और आशा करती हूं कि बचाव अभियान उन सभी जरूरतमंदों को बचा सकता है। वहीं यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने कहा कि ह्यओडिशा में हुई त्रासदी पर भारत के लोगों और पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। हम आपके दर्द को साझा करते हैं और सभी पीड़ितों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। ईयू किसी भी तरह से सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। इधर कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने एक ट्वीट में कहा ह्यओडिशा, भारत में ट्रेन दुर्घटना की तस्वीरें और रिपोर्ट ने मुझे गहरा आघात पहुंचाया है। मैं अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति अपनी गहरी संवेदना भेज रहा हूं, और मैं घायलों के लिए प्रार्थना कर रहा हूं। इस मुश्किल घड़ी में कनाडा के लोग भारत के लोगों के साथ खड़े हैं। ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग ने कहा हम भारत के पूर्वी ओडिशा राज्य में विनाशकारी ट्रेन दुर्घटना के बाद अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। वहीं भारत में अमेरिकी दूत, एरिक गासेर्टी ने एक ट्वीट में कहा, भारत में अमेरिकी मिशन की ओर से, मैं बालासोर में दुखद ट्रेन दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। दुख की इस घड़ी में हम भारत और ओडिशा के लोगों के साथ खड़े हैं। इसी तरह भारत में रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने भी अपनी संवेदना व्यक्त की। अलीपोव ने एक ट्वीट में कहा कि ओडिशा के दुखद ट्रेन हादसे के पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना। घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

### धीरेंद्र शास्त्री पर की अमर्यादित टिप्पणी, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल

**नई दिल्ली।** बागेश्वर धाम के बाबा धीरेंद्र शास्त्री पर सोशल मीडिया पर अमर्यादित टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी पर केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उसके पास से एक मोबाइल बरामद किया है। जिसे फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। शुक्रवार को भाजपा युवा मोर्चा के खानपुर मंडल अध्यक्ष अक्षय पंवार के नेतृत्व में विकास चौधरी, अर्जुन सैनी, देवेश चौधरी, दीपक रोशवाल ने कोतवाली पहुंचकर प्रदर्शन किया था। साथ ही एक शिकायती पत्र देते हुए एक युवक द्वारा बागेश्वर धाम के बाबा धीरेंद्र शास्त्री के ऊपर अमर्यादित टिप्पणी करने का आरोप लगाया था। कहा था कि युवक की इस हरकत से हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आघात पहुंचा है। ऐसा करके कुछ लोग माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि जावेद अली निवासी मुंडाखेड़ा खुर्द के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

## भारतीय मूल की मॉडल नीलम गिल को डेट कर रहे हैं लियोनार्डो डिकैप्रियो



**नई दिल्ली।** लियोनार्डो डिकैप्रियो की डेटिंग लाइफ एक बार फिर सुर्खियां बटोर रही है। 48 साल के अभिनेता कथित तौर पर 28 वर्षीय भारतीय मूल की मॉडल नीलम गिल को डेट कर रहे हैं। लियोनार्डो डिकैप्रियो को 30 मई को लंदन के चिल्टन फायर हाउस में नीलम गिल के साथ स्पॉट किया गया था। पेज सिक्स ने बताया कि इस दौरान अभिनेता की मां इरमेलिन इंडेनबर्कन भी उनके साथ थीं। खुद को ब्रिटिश पंजाबी मॉडल बताने वाली नीलम गिल ने पिछले महीने कांस फिल्म फेस्टिवल में शिरकत की थी। अकादमी पुरस्कार विजेता अभिनेता भी अपनी फिल्म किलर्स ऑफ द फ्लावर मून की स्क्रीनिंग के लिए इवेंट में थे। नीलम ने 14 साल की उम्र में अपनी मॉडलिंग करियर की शुरू की और फैशन इंडस्ट्री का बड़ा नाम बन गईं। एक दशक पहले नीलम, बर्बरी कैंपेन में शामिल होने वाली पहली भारतीय मॉडल बनीं। उन्होंने वोग जैसी प्रतिष्ठित फैशन मैगजीन के पेजों की भी शोभा बढ़ाई है। नीलम ने नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र के उद्घाटन के लिए मुंबई में भी उपस्थिति दर्ज कराई थी। उन्होंने भारत में डायर के पहले शो के लिए रैंप वॉक भी किया है।

## खास खबर

### अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन 4 जून को आएंगे

**नई दिल्ली।** अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन रविवार 4 जून से भारत की दो दिवसीय यात्रा की शुरूआत करेंगे। ऑस्टिन की यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाशिंगटन की प्रस्तावित यात्रा से करीब दो सप्ताह से अधिक समय पहले हो रही है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्टिन सोमवार को रक्षा सहयोग से संबंधित कई मुद्दों पर बातचीत करेंगे। मंत्रालय के मुताबिक, अमेरिकी रक्षा मंत्री दो दिवसीय भारत यात्रा के लिए रविवार को सिंगापुर से नयी दिल्ली पहुंचेंगे। ऑस्टिन की यह दूसरी भारत यात्रा होगी। इससे पहले उन्होंने मार्च 2021 में भारत की यात्रा की थी। मंत्रालय ने कहा कि जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस भी राजनाथ के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए नयी दिल्ली की यात्रा करेंगे। दोनों नेताओं के बीच छह जून को वार्ता होगी। मंत्रालय के अनुसार, ऑस्टिन और पिस्टोरियस के साथ राजनाथ की बैठक के दौरान औद्योगिक सहयोग के साथ-साथ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

### ऑपरेशन ब्लूस्टार की बरसी से पहले स्वर्ण मंदिर के समीप बम की झूठी कॉल

**अमृतसर।** भारतीय सेना के ऑपरेशन ब्लूस्टार की 39वीं बरसी से कुछ ही दिन पूर्व शनिवार को स्वर्ण मंदिर के समीप बम की झूठी कॉल आने से पंजाब पुलिस ने अलर्ट होकर तुरंत बम निष्क्रिय करने वाले एक दस्ते को मौके पर रवाना किया। पुलिस को फोन करने के आरोप में तीन बच्चों सहित चार लोगों को हिरासत में ले लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस को रात करीब एक बजे स्वर्ण मंदिर के पास चार बम रखे जाने की सूचना मिली। आगामी 6 जून को पड़ने वाले ऑपरेशन ब्लूस्टार की वर्षगांठ को ध्यान में रखकर, पंजाब पुलिस ने पूरे राज्य में सुरक्षा कड़ी की है। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस दल सभी 28 पुलिस जिलों में जनता के बीच विश्वास जगाने के उपाय के रूप में संवेदनशील और कमजोर क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर रहे हैं।

## पत्नी से नहीं मिल सके सिसोदिया

### पत्नी से मिलने आवास पहुंचे सिसोदिया, लेकिन अस्पताल पहुंची उनकी पत्नी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आप नेता मनीष सिसोदिया अपनी पत्नी से मिलने अपने आवास पर पहुंच गए हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को उन्हें अपनी बीमार पत्नी से सुबह 10 बजे से शनिवार शाम 5 बजे तक मिलने की अनुमति दी थी। हालांकि खबर हैं कि सिसोदिया घर पहुंचकर भी पत्नी से नहीं मिल सके क्योंकि उनके पहुंचने से पहले ही तबीयत बिगड़ने के चलते सीमा सिसोदिया को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

हालांकि, अदालत ने छूट के साथ ही कुछ शर्तें भी रखी हैं, जिसका पालन सिसोदिया को करना होगा। अदालत ने कहा है कि इस दौरान सिसोदिया मीडिया से बातचीत नहीं करने साथ ही मोबाइल फोन और इंटरनेट का इस्तेमाल भी नहीं करने वाले हैं। सिसोदिया की कानूनी टीम ने उनकी पत्नी की बीमारी का हवाला देकर दिल्ली उच्च न्यायालय में अंतरिम जमानत याचिका दायर की। अंतरिम जमानत छह सप्ताह की जमानत देने के लिए अदालत के निर्देश की मांग कर रही है। इतना ही नहीं सिसोदिया को अपने परिवार के सदस्यों के अलावा किसी से भी मिलने की अनुमति नहीं होगी।

गौरतलब है कि कथित शराब घोटाला मामले में ईडी द्वारा दर्ज केस में सिसोदिया ने 10 दिन के लिए अंतरिम जमानत मांगी थी सिसोदिया ने अंतरिम जमानत।ईडी ने 9 मार्च को तिहाड़ जेल में घंटों पूछताछ के बाद शराब नीति मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया था।

### ट्रेन हादसे पर नीतीश ने व्यक्त किया दुख, बिहार भाजपा के कार्यक्रम रद्द

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ओडिशा के बालासोर जिले में बहनागा बाजार रेलवे स्टेशन के पास हुई ट्रेन दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। वहीं रेल हादसे के बाद बिहार भाजपा ने शनिवार को सारे कार्यक्रम को रद्द कर दिए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ओडिशा के बालासोर में बहनागा रेलवे स्टेशन के पास हुई भीषण रेल दुर्घटना में लोगों की मृत्यु को अत्यंत दुखद बताया है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री इस दुखद घटना से मर्माहत हैं। मुख्यमंत्री ने इस हादसे में मृत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है एवं दुख की इस घड़ी में मृतकों के शोक-संतप्त परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। वहीं भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने भी इस रेल हादसे पर मर्माहत हैं। चौधरी ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों और घायल के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त किया। उन्होंने बताया बिहार भाजपा के शनिवार के सभी कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर भाजपा के कार्यक्रम चल रहे हैं।

# दुखद रेल हादसों से सरकार नहीं ले रही सबक

## पिछले 10 सालों में हुए कई भीषण हादसे



**नई दिल्ली।** ओडिशा के बालासोर में हुए ट्रेन हादसे में कम से कम 261 लोगों की मौत हुई हैं, जबकि लगभग 900 यात्री घायल हैं, जो हालिया समय के सबसे दुखद रेल हादसों में से एक है। अब तक पिछले 10 वर्षों में कम से कम सात बड़ी रेल दुर्घटनाएं हो चुकी है।

वर्ष 2012 को 22 मई को हुए रेल हादसे में एक मालगाड़ी और हुबली-बैंगलोर हम्पी एक्सप्रेस आंध्र प्रदेश के करीब टकरा गई थी। ट्रेन के चार डिब्बों के पटरी से उतरने और उनमें से एक में आग लगने के कारण लगभग 25 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि लगभग 43 घायल हो गये थे।

वर्ष 2014 में 26 मई को संत कबीर नगर इलाके में गोरखपुर की ओर जा रही गोरखधाम एक्सप्रेस खलीलाबाद स्टेशन के पास रुकी मालगाड़ी से टकरा गई थी, जिससे हादसे में 25 लोगों की मौत हुई थी और 50 से ज्यादा घायल हो गए थे।

वर्ष 2016 में 20 नवंबर को इंदौर-पटना एक्सप्रेस कानपुर में पुखरायां के करीब पटरी से उतर गई, इसमें कम से कम 150 यात्रियों की मौत हो गई थी और 150 से अधिक यात्री घायल हो गए थे।

वर्ष 2017 में 23 अगस्त को दिल्ली की ओर आ रही कैफियत एक्सप्रेस के नौ डिब्बे औरैया के पास पटरी से उतर गए, जिससे कम से कम 70 लोग घायल हो गए थे। वहीं वर्ष 2017 को 18 अगस्त को पुरी-हरिद्वार उत्कल एक्सप्रेस मुजफ्फरनगर में पटरी से उतर गई, जिसमें 23 लोगों की मौत हुई थी और लगभग 60 अन्य घायल हो गए थे।

वर्ष 2022 में 13 जनवरी को बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस के कम से कम 12 डिब्बे बंगाल के अलीपुरद्वार क्षेत्र में पटरी से उतर गए, जिससे नौ लोगों की मौत हो गई थी और 36 अन्य घायल हो गए थे।

वर्तमान में वर्ष 2023 में दो जून को बालासोर जिले में कोरोमंडल एक्सप्रेस और बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन के बेपटरी होने और एक मालगाड़ी के टकराने से जुड़े रेल हादसे में कम से कम 261 लोगों की मौत हो गई जबकि लगभग 900 यात्री घायल हो गए।

***पूर्व रेल मंत्री बोले- ट्रैक पर गाय का पता चल जाता है, डिब्बे कैसे पलटे ये क्यों नहीं पता चला***

ओडिशा के बालासोर में हुए भीषण रेल हादसे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार सुबह एक रिव्यू मीटिंग की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पीएम मोदी ने ट्रेन हादसे से पैदा हुए हालात की समीक्षा के लिए अधिकारियों संग बैठक की। हादसे में 230 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है, जबकि 900 से ज्यादा यात्री जख्मी हुए हैं। ये हादसा भारत में अबतक की सबसे भीषण ट्रेन हादसों में से एक है। इस ट्रेन हादसे में बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, शालीमार-चेन्नई कोरोमंडल एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी शामिल थीं। इसी बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व रेल मंत्री पवन बंसल ने इस हादसे पर सवाल उठाए हैं।

## दिल्ली दंगे के दोषी पिता-पुत्र को कोर्ट ने सुनाई सजा

### कोर्ट बोला-पिता ने बेटे को सही रास्ता दिखाने के बजाय खुद भयावह कृत्य किया



**नई दिल्ली।** साल 2020 में दिल्ली में हुए दंगों पर कोर्ट ने पिता-पुत्र को सजा सुनाई है। कड़कड़डुमा कोर्ट ने पिता को 3 साल और बेटे को 7 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने दोनों पर सख्त टिप्पणियां भी की हैं। जानकारी के अनुसार, कड़कड़डुमा कोर्ट ने मिठन सिंह और उसके बेटे जॉनी कुमार को दोषी करार देने के बाद सजा का ऐलान किया है। कोर्ट ने आईपीसी की धारा-436 के तहत दोषी जॉनी कुमार को सात साल सश्रम कारावास और दोषी मिठन सिंह को तीन साल की सजा सुनाई। कड़कड़डुमा कोर्ट ने सजा सुनाए जाने के दौरान सख्त टिप्पणियां की और कहा कि पिता ने बेटे को सही रास्ता दिखाने के बजाय खुद भयावह कृत्य किया। कोर्ट ने टिप्पणी की कि सांप्रदायिक दंगे लोक अव्यवस्था का सबसे हिंसक प्रारूप हैं जो समाज को प्रभावित करता है। सांप्रदायिक दंगा बड़ा खतरा है। यह हमारे देश के नागरिकों के बीच बंधुत्व की भावना के लिए एक गंभीर खतरा है। कोर्ट ने कहा कि सांप्रदायिक दंगों से न केवल जीवन और संपत्ति का नुकसान होता है, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी बहुत नुकसान होता है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला की अदालत ने मिठन सिंह और उसके बेटे जॉनी कुमार को धारा-147 (दंगा करना) और धारा-436 (गृह आदि को नष्ट करने के आशय से अग्नि या विस्फोटक पदार्थ का दुरुपयोग) के तहत दोषी करार दिया था। दंगों से जुड़े मामले में खजूरी खास पुलिस ने मिठन सिंह और उसके बेटे जॉनी कुमार के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## पलक झपकते ही बुझ गए चिराग

### गंगा नहाते समय डूबने लगे छह युवक, चार को बचाया गया, दो डूब गए



**कासगंज।** उत्तर प्रदेश के कासगंज में शनिवार को गंगा में नहाते समय छह युवक डूबने लगे। चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने चार को बाहर निकाल लिया। जबकि, दो युवक तेज बहाव में बह गए। खबर मिलने के बाद परिजन व ग्रामीण भागते हुए मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से उनकी तलाश की जा रही है।

घटना थाना क्षेत्र के कछला गंगा घाट का है। यहां भिटोना गांव निवासी कुछ युवक कलश विसर्जन के लिए गंगा घाट गए थे। यहां नहाते समय छह युवक डूबने लगे। मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने लिए शोर मचाया। आसपास मौजूद तैराकों ने उन्हें बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी।

तैराकों ने कोशिश के बाद चार युवकों को बाहर निकाल लिया। लेकिन, दो युवक आनंद और अभय पानी के तेज बहाव में बह गए। गटना की जानकारी परिजन व गांव में पहुंची तो वह लोग रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोंरो की मदद से दोनों की तलाश की जा रही है।

***आगरा में भी चार युवक डूबे***

उत्तर प्रदेश के आगरा में शनिवार की दोपहर शव यात्रा में आए चार युवक यमुना में नहाते समय डूब गए। घटना से मौके पर चीख पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

सूचना पर पहुंची पुलिस स्टीमर का प्रयोग करके गोताखोरों की मदद से उनकी तलाश कराने में जुटी है। घटना एत्माद्दौला थाना क्षेत्र के हाथी यमुना घाट की है।

छत्ता थाना इंस्पेक्टर अनुराग शर्मा ने बताया कि सदर बाजार थाना क्षेत्र के 15 क्वाटर, नौलक्खा निवासी सोनू, रितिक, तुषार, सचिन, पवन व विशाल घाट पर स्थित बुलाकी मंदिर में पूजा करने आए थे। यहां पर पवन और विशाल मंदिर में पूजा करने के लिए रुक गए।

सोनू, रितिक, तुषार व सचिन नहाने के लिए पानी में उतर गए।

## अमरनाथ यात्रा की पहली पूजा हुई

### श्री अमरनाथ जी यात्रा की प्रथम पूजा, 1 जुलाई से शुरू होगी बाबा बफार्नी की यात्रा



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने शनिवार को श्री अमरनाथ जी यात्रा की प्रथम पूजा की। उन्होंने कहा कि एक जुलाई से देश भर से तीर्थयात्री अमरनाथ के पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन के लिए उमड़ पड़ेंगे। सिन्हा ने कहा कि यह यात्रा 30 अगस्त को समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि श्री अमरनाथ यात्रा के प्रबंधन में लगी सभी संस्थाएं इस यात्रा को सफल बनाने के लिए काम कर रही हैं। वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा की औपचारिक शुरूआत करने के लिए एलजी सिन्हा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये प्रथम पूजा में शामिल हुए। दुनिया भर के लाखों भक्तों के लिए बाबा अमरनाथ की पवित्र गुफा की तीर्थ यात्रा जीवन भर का सपना होता है। एलजी सिन्हा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि तीर्थयात्रियों के आराम और भलाई के लिए सर्वोत्तम संभव व्यवस्था की जाए। बुनियादी ढांचे और अन्य सुविधाओं में सुधार लाने के लिए पिछले कुछ वर्षों में समर्पित प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की जरूरतों और आवश्यकताओं का ध्यान रखा जाए। हम तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर सुविधाओं और सेवाओं के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। सिन्हा ने कहा कि 1 जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के सफल संचालन के लिए स्थानीय निवासियों का अत्यधिक योगदान है। इससे आजीविका के अवसर भी बढ़ते और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। एलजी सिन्हा ने उम्मीद जाहिर की कि इस साल हुई भारी बर्फबारी के बावजूद सीमा सड़क संगठन तेजी से काम करते हुए हुए श्री अमरनाथ यात्रा के लिए रास्तों को समय पर ठीक करने का काम पूरा कर लेगा।

# महाकौशल से होगा मप्र विधानसभा चुनाव का आगाज

## पीएम मोदी और प्रिंयका गांधी वाड्रा आ रहे जून में



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे बड़े नेताओं के दौरे बढ़ते जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रियंका गांधी वाड्रा इसी महीने महाकौशल के दौरे पर आ रहे हैं। कहा जा रहा हैं यहीं से बीजेपी और कांग्रेस अपने-अपने चुनाव अभियान का आगाज करेंगी। 2018 के पहले महाकौशल बीजेपी का गढ़ माना जाता था। लेकिन, 2018 के आंकड़े बीजेपी के लिए बेहद चौंकाने वाले थे। इसके बाद बीजेपी अपनी खोई जमीन को वापस पाने के लिए जी जान से जुटी हुई है।

प्रधानमंत्री मोदी 21 जून विश्व योग दिवस पर महाकौशल के दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वे महाकौशल के लिए कुछ बड़ी घोषणाएं कर सकते हैं। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस की राष्ट्रीय महामंत्री प्रियंका गांधी भी 12 जून को महाकौशल आ रही हैं। वे यहां विधिवत कांग्रेस के चुनावी अभियान का आगाज करेंगी। इस दौरान वह कांग्रेस के महिला वचन पत्र को भी जारी करेंगी।

गौरतलब है कि महाकौशल में 38 विधानसभा क्षेत्र हैं। 2018 के चुनाव में कांग्रेस को यहां से 24 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। जबकि, बीजेपी को महज 12 सीटों पर जीत मिली थी। साल 2013 के आंकड़े इसके उलट थे। महाकौशल के दौरों पर कांग्रेस के प्रवक्ता आनंद जाट का कहना है कि प्रियंका गांधी एक बड़ी चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए जबलपुर आ रही हैं। यह माना जा सकता है कि यह मध्य प्रदेश में कांग्रेस के चुनाव अभियान का आगाज है। इसके साथ ही कांग्रेस ने आधी आबादी यानी महिलाओं के लिए विशेष वचन पत्र तैयार किया है।

कांग्रेस प्रवक्ता जाट ने कहा कि प्रधानमंत्री इस साल तीसरी बार आ रहे हैं। जब वह पहली बार आए तब कूनो में चीते छोड़े, दूसरी बार आए महाकाल लोक का उद्घाटन किया और तीसरी बार वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि महाकाल लोक में जिस तरीके से भ्रष्टाचार हुआ, कूनो में जिस तरीके से चीतों की मौत हो रही है और वंदे भारत ट्रेन दुर्घटनाओं का शिकार हो रही है, उस पर कांग्रेस उनसे कुछ वाजिब सवाल पूछ रही है। क्या प्रधानमंत्री महाकौशल के दौरे पर इन घटनाओं के बारे में भी कुछ वक्तव्य देने वाले हैं।

### सुप्रीम कोर्ट की अवमानना पड़ी भारी, 6 माह की जेल और 25 लाख का जुमार्ना

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2004 से अमेरिका में रह रहे एक व्यक्ति को उसके ह्यअपमानजनक आचरणह्ण के लिए छह महीने की जेल की सजा सुनाई है। इतना ही नहीं उसपर 25 लाख का जुमार्ना लगाया है। सुप्रीम कोर्ट ने व्यक्ति को सजा देने के साथ ही भारत लाने के लिए केंद्र और सीबीआई को हर संभव कदम उठाने का निर्देश दिया है। बता दें कि शीर्ष अदालत ने जनवरी के आदेश में व्यक्ति को उसके बेटे के साथ भारत आने का आदेश दिया था, जिसे वहां अपनी पत्नी से लड़ाई के बाद विदेश ले गया था। कोर्ट ने अब शख्स दोषी ठहराते हुए उसपर 25 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति ए एस ओका की पीठ ने कहा कि आरोपी ने कोर्ट के आदेश की अवमानना पछतावे का कोई संकेत नहीं दिखाया है और इसके विपरीत, उसकी ओर से मिले जवाब स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि वहां शीर्ष अदालत के आदेशों का सम्मान नहीं करता है।



नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड अपने दो दिवसीय इन्दौर और उज्जैन भ्रमण के पश्चात आज इन्दौर से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। प्रधानमंत्री प्रचंड को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भावभीनी विदाई दी।



**सेंसेक्स** 118.57 अंक करीब 0.19 फीसदी बढ़कर 62,547.11 अंक पर



**सोना** 60,355 रुपए के भाव पर दिन का उच्च स्तर पर गया

# बीते सप्ताह हल्की बढ़त लेकर बंद हुआ शेयर बाजार

## सेंसेक्स 118 अंक चढ़कर 62,547 पर बंद, निफ्टी 46 अंक चढ़कर 18,534 पर बंद



**मुंबई।** वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक रुझानों से दो दिन की गिरावट के बाद शुक्रवार को आखिरी कारोबारी दिन शेयर बाजार साप्ताहिक आधार पर हल्की बढ़त लेकर बंद हुए। बीते सप्ताह शेयर बाजार में पांच कारोबारी दिनों में से सोमवार, मंगलवार और शुक्रवार को तेजी और बुधवार और गुरुवार को गिरावट रही। बीते सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो हफ्ते के पहले दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार में मजबूत बढ़त के साथ कारोबार की शुरूआत हुई। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 500 अंकों की बढ़त के साथ 63000 पर खुला और 344.69 अंकों की बढ़त के साथ 62,846.38 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 122 अंकों की बढ़त के साथ 18600 पर खुला और 99.30 अंक उछलकर 18,598.65 पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 121.9 अंकों की बढ़त के साथ 62968 पर खुला और 123 अंक उछलकर 62,969.13 पर बंद हुआ। निफ्टी 47.80 अंकों की मजबूती के साथ 18,646.45 पर खुला और 35.20 अंकों की बढ़त के साथ 18,633.85 पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 131 अंक की गिरावट के साथ 62837 पर खुला और 346.89 अंक कमजोर होकर 62,622.24 पर बंद हुआ। निफ्टी 32 अंक की गिरावट के साथ 18601 पर खुला और 110.35 अंक की गिरावट के साथ 18,523.50 पर बंद हुआ। गुरुवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 77.28 अंक टूटकर 62,544.96 पर खुला और 193.70 अंक कमजोर होकर 62,428.54 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 15.35 अंक के नुकसान से 18,519.05 पर खुला और 50 अंक की गिरावट के साथ 18,485 पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 200 से ज्यादा अंकों की मजबूती के साथ 62,650 पर खुला और 118 अंक चढ़कर 62,547 पर बंद हुआ। निफ्टी 80 उछलकर 18,570 पर खुला और 46 अंकों की मजबूती के साथ 18,534 पर बंद हुआ।

***शेयर बाजार में तेजी से बढ़ी ट्रेडिंग, 9 महीने का रिकॉर्ड टूटा***

बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) श्रेणी में औसत दैनिक ट्रेडिंग की मात्रा (वॉल्यूम) भी काफी बढ़ी है। मई में एफएंडओ ट्रेडिंग 252 लाख करोड़ रुपए का रिकॉर्ड छू आई, जो अप्रैल के 242 लाख करोड़ रुपए से 4 फीसदी अधिक है। उद्योग भागीदारों के मुताबिक ट्रेडिंग वॉल्यूम का शेयर भाव में उतार-चढ़ाव के साथ करीबी संबंध होता है। उन्होंने कहा कि इस समय ट्रेडिंग बाजार चढ़ने की वजह से बढ़ी है। निफ्टी मिडकैप सूचकांक अपनी सर्वकालिक ऊंचाई पर पहले ही पहुंच चुका है और सेंसेक्स तथा निफ्टी 1 दिसंबर की अपनी रिकॉर्ड ऊंचाई के करीब हैं। बाजार के जानकारों का कहना है कि नकद बाजार के वॉल्यूम में हो रही वृद्धि की मुख्य वजह शेयर बाजार की तेजी है।

## भारत में निवेश करने का मौका तलाश रहे वैश्विक निवेशक



**नई दिल्ली।** वैश्विक निवेशकों का भारत में निवेश को लेकर सकारात्मक रुझान बना हुआ है। कतर का पावर इंटरनेशनल होल्डिंग, अमेरिका का एचपीएस पार्टनर्स, फोर्ट्रेस इन्वेस्टमेंट ग्रुप भारत में प्राइवेट क्रेडिट क्षेत्र में निवेश को लेकर बातचीत कर रहा है। ये बड़े वैश्विक निवेशक भारत में 50 से 100 मिलियन डॉलर की निवेश कर सकते हैं। हालांकि, तीन कंपनियों की ओर से आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा गया है, क्योंकि तीनों निवेशक भारत में प्राइवेट क्रेडिट में निवेश के मौके तलाश रहे हैं। वर इंटरनेशनल होल्डिंग एक बड़ा बिजनेस हाउस है। ग्रुप की ओर से जनरल कॉन्ट्रैक्टिंग, इंडस्ट्रीज एंड सर्विसेज, कृषि एंड फूड इंडस्ट्रीज, रियल एस्टेट और लाइफस्टाइल सेक्टर में निवेश किया गया है। एचपीएस पार्टनर्स ने कैपिटल सेक्टर में बॉन्ड्स और लोन आदि में निवेश के लिए जाना जाता है।

अप्रैल तक कंपनी के पास 101 अरब डॉलर का एयूएम है, जिसमें से पब्लिक क्रेडिट 22 अरब डॉलर है और प्राइवेट क्रेडिट 79 अरब डॉलर है। फोर्ट्रेस इन्वेस्टमेंट ग्रुप का नाम भी बड़ी ग्लोबल इंवेस्टमेंट ग्रुप में शामिल है। 31 मार्च कर कंपनी का एयूएम 44.2 अरब डॉलर का था।

मौजूदा समय में भारत की अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन दुनिया की अन्य अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले काफी अच्छा है। यहां लोन की मांग भी काफी तेजी से बढ़ रही है। इस कारण बड़े निवेशक इस क्षेत्र में निवेश को लेकर विकल्पों की तलाश कर रहे हैं।

### आईफोन 16 प्रो में होगा 6.27 इंच का डिस्प्ले !

**सैन फ्रांसिस्को।** एप्पल आईफोन 16 प्रो स्मार्टफोन में 6.27 इंच का डिस्प्ले होगा। रिपोर्ट के अनुसार, डिस्प्ले जानकार ने यह जानकारी साझा की। उन्होंने दावा किया कि आईफोन 16 प्रो मैक्स मॉडल 6.86-इंच डिस्प्ले के साथ आएगा। आईफोन 16 प्रो मॉडल के लिए आस्पेक्ट रेशियो 19.6:9 होगा।

रिपोर्ट में कहा गया है, दूसरी ओर आईफोन 17 पीढ़ी के प्रो वेरिएंट को अंडर पैनल फेस आईडी प्लस होल फीचर मिलेगा और नॉन-प्रो वेरिएंट के एलटीपीओ बैकप्लेन और प्रोमोशन सपोर्ट के साथ आने की उम्मीद है। इसके पहले, अफवाह थी कि आईफोन 16 प्रो मैक्स पेरिस्कोप कैमरा पेश करने वाला एकमात्र आईफोन मॉडल होगा। आईफोन 16 प्रो स्मार्टफोन में अधिक उपयोगी प्रदर्शन क्षेत्र प्रदान करने के लिए अंडर-डिस्प्ले फेस आईडी तकनीक की सुविधा होने की भी उम्मीद है। पिछले साल अगस्त में, विश्लेषक मिंग-ची कुओ ने कहा था कि 2024 में हाई-एंड आईफोन अंडर-डिस्प्ले फेस आईडी के साथ-साथ एक अंडर-डिस्प्ले फ्रंट कैमरा अपनाएगा।

## अरहर और उड़द दाल की बढ़ती कीमत रोकने सरकार ने उठाया सख्त कदम

***केंद्र सरकार ने थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, आयातकों के पास रखी दाल पर स्टॉक सीमा लगाई***



**नई दिल्ली।** पिछले कुछ समय से दाल की कीमतें तेज होती जा रही है। खासकर अरहर और उड़द जैसे दालों के दाम बढ़ रहे हैं। अब इनकी बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने एक खास कदम उठाया है। केंद्र सरकार का कहना है कि इससे आम लोगों को फायदा पहुंचेगा। केंद्र सरकार ने थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, आयातकों और मिलरों के पास अक्टूबर तक के लिए रखी अरहर और उड़द दाल पर स्टॉक सीमा लगाई है। जिससे जमाखोरी कम होगी, जिस कारण अरहर और उड़द के दाम में गिरावट आ सकती है या फिर दाम स्थिर रह सकते हैं। केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामले मंत्रालय की ओर से जमाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल प्रभाव से इस संबंध में आदेश जारी किया गया। बता दें कि अरहर का एवरेज रिटेल प्राइस 19 फीसदी बढ़कर 122.68 रुपए प्रति किग्रा, जो एक साल पहले 103.25 रुपए प्रति किलो था। वहीं उड़द का एवरेज रिटेल प्राइस 105.05 रुपए से 5.26 प्रतिशत बढ़कर 110.58 रुपए प्रति किलो हो चुका है। एक रिपोर्ट के मुताबिक उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 31 अक्टूबर 2023 तक अरहर और उड़द के लिए स्टॉक सीमा तय की गई है।

आदेश के अनुसार थोक विक्रेताओं के लिए तुअर और उड़द की स्टॉक सीमा 200 टन, खुदरा विक्रेताओं और रिटेल शॉपर्स के लिए पांच टन और बड़े रिटेल विक्रेताओं के लिए डिपो पर 200 टन की स्टॉक लिमिट तय की गई है।

एक अधिकारिक बयान में कहा गया है कि मिलरों के मामले में स्टॉक सीमा उत्पादन के अंतिम तीन महीने या वार्षिक स्थापित क्षमता का 25 प्रतिशत होगा जबकि आयातकों को सीमा शुल्क निकासी की तारीख से 30 दिनों से अधिक स्टॉक रखने की अनुमति नहीं है। मंत्रालय ने उपभोक्ता मामलों के विभाग पोर्टल पर स्टॉक लिमिट की स्थिति अपलोड करने के लिए कहा है।

### एथर एनर्जी की मई 23 में 15,256 यूनिट्स बिकीं

**नई दिल्ली।** भारत का अग्रणी इलेक्ट्रिक स्कूटर निमार्ता, एथर एनर्जी भारत को 2030 तक 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के अपने लक्ष्य तक पहुँचने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। मई 2023 में एथर एनर्जी की साल-दर-साल 357 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 15,256 यूनिट्स की बिक्री हुई। एथर एनर्जी लगातार सस्टेनेबल एनर्जी को बढ़ावा देने और ऑटोमोबाईल के विकास के लिए काम कर रहा है, जिसके तहत बैंगलुरू में 100 वें एथर ग्रिड फास्ट चार्जर की स्थापना की गई।

इस बड़ी सफलता के बारे में रवनीत सिंह फोकेला, चीफ बिजनेस ऑफिसर, एथर एनर्जी ने कहा, मई 2023 में हमने सर्वश्रेष्ठ मासिक बिक्री दर्ज की और हमारी रिटेल सेल्स 357 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि के साथ 15,256 यूनिट्स तक पहुँच गई। इस माह बाजार में अच्छी गति बनी रही, जिसका कारण फेम 2 सब्सिडी में होने वाले संशोधन की खबरों के साथ बढ़ती मांग थी।

## इस सप्ताह बाजार में आ सकते हैं मेनबोर्ड और एसएमई आईपीओ




**मुंबई।** इस साल अभी तक छह मेनबोर्ड और 57 एसएमई आईपीओ की दस्तक से बाजार गुलजार रहा है। इस साल का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ मैनकाइंड फार्मा का रहा है, जिसकी कीमत 4,300 करोड़ रुपए से अधिक है। कई कंपनियों ने अपना ड्राफ्ट प्रॉस्पेक्टस फाइल किया है जो यह दशार्ता है कि आगे चलकर आईपीओ बाजार में तेजी आएगी। आने वाला सप्ताह निवेशकों के लिए कमाई के बेहतर अवसर लेकर आ सकता है। 5 जून से 9 जून के बीच एक मेनबोर्ड आईपीओ और एक एसएमई आईपीओ के बाजार में दस्तक देने की उम्मीद है। आईकिओ लाइटिंग आईपीओ 6 जून को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 8 जून को बंद होगा। आईपीओ के माध्यम से कंपनी 607 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रही है। आईपीओ के तहत कंपनी 350 करोड़ रुपए के नए इक्विटी शेयरों जारी करेगी। प्रमोटरों द्वारा 90 लाख इक्विटी शेयरों को बिक्री के लिए पेश किया जाएगा। कंपनी ने प्राइस बैंड 270-285 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। एंकर निवेशकों के लिए बोली 5 जून को खुलेगी।

### आरबीआई ने इंडियन ओवरसीज बैंक पर लगाया 2.2 करोड़ का जुमार्ना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आय निर्धारण से जुड़े नियमों का अनुपालन नहीं करने और नियामकीय अनुपालन में अन्य कमियों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) पर 2.20 करोड़ रुपए का जुमार्ना लगाया। यह जुमार्ना आरबीआई के कुछ निदेर्शों के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए लगाया गया है।

इनमें आय निर्धारण पर विवेकपूर्ण मानदंड, संपत्ति वर्गीकरण और अग्रिमों से संबंधित प्रावधान आदि शामिल हैं। आरबीआई ने कहा कि यह कार्रवाई विनियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है और बैंक द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता का इससे कोई सरोकार नहीं है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि आरबीआई द्वारा 31 मार्च, 2021 को बैंक के पर्यवेक्षी मूल्यांकन के लिए वैधानिक निरीक्षण (आईएसई 2021) उसकी वित्तीय स्थिति के संदर्भ में किया गया था।

## सस्ता होगा खाने का तेल, 12 रुपए तक घटेगी कीमत



**नई दिल्ली।** खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग (डीएफपीडी) ने वैश्विक तेल कीमतों में गिरावट का हवाला देते हुए खाद्य तेल कंपनियों को अधिकतम खुदरा मूल्य को तुरंत 8-12 प्रति लीटर कम करने के लिए कहा है। विभाग ने सॉल्वेंट एक्सट्रैक्शन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) सहित प्रमुख उद्योग निकायों के साथ बैठक में उपभोक्ताओं को तुरंत फायदा पहुंचाने के लिए कहा है। बता दें कि खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा एक महीने में उद्योग प्रतिनिधियों के साथ आयोजित की गई यह दूसरी बैठक है। उद्योग प्रतिनिधियों ने बताया कि पिछले दो महीनों के दौरान विभिन्न खाद्य तेलों के वैश्विक मूल्यों में 150 से 200 अमेरिकी डॉलर प्रति टन की गिरावट आई है। यह भी जानकारी दी कि उन्होंने खाद्य तेलों के अधिकमत खुदरा मूल्यों में काफी कमी की है और वे जल्दी ही इन खुदरा मूल्यों को और भी कम कर देंगे। हालांकि खुदरा बाजार में इसका प्रभाव पड़ने में समय अंतराल एक महत्वपूर्ण कारण है फिर भी खुदरा मूल्यों में जल्दी ही कमी आने की उम्मीद है। इससे पहले भी खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने प्रमुख खाद्य तेल संघों के साथ एक बैठक का आयोजन किया था और एक महीने में कुछ प्रमुख ब्रांडों के रिफाइंड सूरजमुखी तेल और रिफाइंड सोयाबीन तेल के अधिकतम खुदरा मूल्यों में 5 से 15 रुपए प्रति लीटर की कमी आई है। इसी प्रकार सरसों तेल और अन्य खाद्य तेलों के मामलों में भी इसी तरह की गिरावट दर्ज हुई है। तेल की कीमतों में यह कमी अंतरराष्ट्रीय मूल्य कम होने और खाद्य तेलों पर आयात शुल्क कम किए जाने के कारण हुई है।


## कंपनियों के अधिग्रहण से भी पीछे हट रहा अदाणी समूह



**नई दिल्ली।** मैक्वेरी की सड़क संपत्तियों को नहीं खरीदने के अलावा अदाणी समूह अब अन्य कंपनियों के अधिग्रहण से भी पीछे हट गया है। बैंकरों ने बताया कि समूह अब बिजली संयंत्र, एक खुदरा कंपनी, ऊर्जा व्यापार और सड़क परियोजनाओं का अधिग्रहण नहीं करने की योजना बनाई है। समूह अब नई संपत्तियों के अधिग्रहण के बजाय नकदी बचाने और ऋणों की समय पूर्व अदायगी पर ध्यान दे रहा है। एक निवेश बैंकर ने कहा कि इस साल की शुरूआत कर बैंकर अदाणी समूह के साथ बिक्री के लिए हर संपत्ति पेश करेंगे। लेकिन समूह अब संपत्तियों की अधिग्रहण के बजाय व्यापार का विस्तार करना चाहता है इसलिए उसने नए अधिग्रहण पर सुस्ती कायम कर दी है। इस साल जनवरी से समूह छत्तीसगढ़ की दबाव वाले कोयला संयंत्र एसकेएस पावर के अधिग्रहण की दौर से बाहर हो गया था। इसी साल फरवरी में, समूह ने 7,000 करोड़ के उद्यम मूल्यांकन पर डीबी पावर की थर्मल पावर एसेट्स हासिल करने की योजना को भी रद्द कर दिया। उसी महीने समूह ने पीटीसी इंडिया के साथ भी चल रही पेशकश से हाथ खींच लिए थे। इसके बाद, समूह ने फ्यूचर रिटेल के साथ भी कोई पेशकश नहीं की। समूह ने संयुक्त उद्यम कंपनी के माध्यम से फ्यूचर रिटले की संपत्ति खरीदने के लिए अपनी रुचि पत्र प्रस्तुत कर दिया था।

बैंकरों का कहना है अधिग्रहण की दौर से अदाणी समूह के बाहर हो जाने से विदेशी निजी इक्विटी कंपनियों को अवसर मिलेगा, जो पहले से भी भारतीय बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को खरीदने के इच्छुक हैं। अमेरिकी निजी इक्विटी की प्रमुख कंपनियां के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि वे भारतीय बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश करने के इच्छुक हैं जो बढ़िया रिटर्न देती हैं। आने वाले महीनों में समूह अदाणी एंटरप्राइजेज, अदाणी ट्रांसमिशन और अदाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर बेचकर 29,000 करोड़ रुपए जुटाने पर ध्यान केंद्रित करेगा ताकि समूह अपने बकाये ऋण का समय पूर्व भुगतान कर सके और अपने कारोबार का विस्तार कर सके।

## घरेलू यात्री वाहनों की अब तक की सर्वाधिक थोक बिक्री दर्ज की



**मुंबई।** सेमीकंडक्टर चिप की बेहतर आपूर्ति और स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल्स की अधिक मांग के बीच भारतीय वाहन उद्योग ने मई में 3,34,802 घरेलू यात्री वाहनों की अब तक की सर्वाधिक थोक बिक्री दर्ज की है। मारुति सुजूकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि मई का पिछला शीर्ष स्तर वर्ष 2018 में देखा गया था, जब घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री 3,01,238 थी। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल के दौरान बुकिंग बढ़ती रही है क्योंकि चिप की कमी ने उत्पादन को प्रभावित किया था। उन्होंने कहा कि चिप आपूर्ति की स्थिति बेहतर हो गई है, इसलिए इनमें से कई लंबित बुकिंग को पूरा कर दिया गया है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि चिप की कमी के कारण एर्टिगा, एक्सएल6, ब्रेजा, ग्रैंड विटारा और फ्रॉन्क्स समेत कुछ मॉडलों का उत्पादन प्रभावित हो रहा है और वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में आपूर्ति की स्थिति बेहतर रहने की उम्मीद है। मारुति की घरेलू यात्री वाहन थोक बिक्री पिछले साल के मुकाबले मई में 15.45 प्रतिशत तक बढ़कर 1,43,708 इकाई हो गई है। उन्होंने कहा कि बाजार में नई पेशकश और एसयूवी की बढ़ती मांग ने भी उद्योग की थोक बिक्री को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि हमारी कुल बिक्री में एसयूवी की हिस्सेदारी पिछले साल मई की करीब 12 प्रतिशत से बढ़कर इस साल मई में करीब 21 प्रतिशत हो गई है। मई में वाहन उद्योग की कुल घरेलू बिक्री में एसयूवी की हिस्सेदारी 46.5 प्रतिशत रही। पिछले साल की तुलना घरेलू वाहन उद्योग की बुकिंग मई में 10 प्रतिशत तक बढ़ी है। ह्युंडै की घरेलू यात्री वाहन बिक्री मई में पिछले साल की तुलना में 14.91 प्रतिशत बढ़कर 48,601 इकाई हो गई। महिंद्रा ऐंड महिंद्रा ने मई में 32,886 वाहन बेचे और पिछले साल के मुकाबले 22.23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने मई में घरेलू बिक्री को दोगुना कर 20,410 कर दिया। टीवीएस मोटर्स की घरेलू दोपहिया बिक्री बढ़कर 2,52,690 वाहन हो गई। बजाज ऑटो की घरेलू बिक्री भी इस साल मई में दोगुनी हो गई।

## संक्षेप

### डीसीबी बैंक ने नटराजन का उत्तराधिकारी चुनने समिति बनाई

**मुंबई।** डीसीबी बैंक ने शुकहा कि उसने प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) मुरली नटराजन का उत्तराधिकारी चुनने के लिए एक समिति बनाई है और कंपनी कॉर्न फेरी को नियुक्त किया है। मई 2009 में नटराजन डीसीबी से जुड़े थे और 28 अप्रैल 2024 को उनके 15 वर्ष पूरे हो जाएंगे। एक्सचेंजों को भेजी सूचना में डीसीबी बैंक ने कहा है कि नवगठित समिति और कॉर्न फेरी अगले कुछ महीनों में बाहरी और आंतरिक तौर पर, दोनों को ध्यान में रखकर नए सीईओ पर विचार करेंगे। बैंक ने कहा है कि वह निर्धारित नियामकीय दिशा-निदेर्शों के तहत उत्तराधिकार प्रक्रिया पूरी करने की कोशिश करेगा।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 589.14 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 मई को समाप्त सप्ताह में 4.34 अरब डॉलर घटकर 589.14 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह, देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 6.05 अरब डॉलर घटकर 593.48 अरब डॉलर रह गया था। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2021 में, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। वैश्विक घटनाओं के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक के रुपए के बचाव के लिए मुद्रा भंडार के उपयोग से इसमें गिरावट आई। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 26 मई को समाप्त सप्ताह में, मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा, विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.01 अरब डॉलर घटकर 520.93 अरब डॉलर रह गया। डॉलर में अभिव्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि स्वर्ण भंडार का मूल्य आलोच्य सप्ताह में 22.5 करोड़ डॉलर घटकर 44.90 अरब डॉलर रह गया। आंकड़ों के अनुसार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 8.4 करोड़ डॉलर घटकर 18.19 अरब डॉलर रह गया। समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में रखा देश का मुद्रा भंडार 1.7 करोड़ डॉलर घटकर 5.11 अरब डॉलर रह गया।

### कच्चा तेल स्थिर, कुछ राज्यों में पेट्रोल और डीजल की कीमत बदली

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत में हल्की तेजी नजर आ रही है। डब्ल्यूटीआई क्रूड 1.64 डॉलर बढ़कर 71.74 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वहीं ब्रेंट क्रूड भी 1.85 डॉलर की तेजी के साथ 76.13 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। देश में तेल मार्केटिंग कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल और डीजल की कीमत में कुछ राज्यों में बदलाव किया है। गुजरात में पेट्रोल और डीजल की कीमत में 65 पैसे की गिरावट हुई है। हरियाणा में पेट्रोल और डीजल 28 पैसे सस्ता हुआ है। मध्य प्रदेश में भी पेट्रोल 30 पैसे और डीजल 28 पैसे सस्ता हुआ है। इसके अलावा भी कुछ राज्यों में पेट्रोल और डीजल के दाम कम हुए हैं। दूसरी ओर छत्तीसगढ़ में पेट्रोल 60 पैसे और डीजल 59 पैसे महंगा हुआ है। महाराष्ट्र में पेट्रोल-डीजल की कीमत में 19 पैसे का उछाल है। राजस्थान में पेट्रोल 47 पैसे और डीजल 43 पैसे महंगा हुआ है। उत्तर प्रदेश में पेट्रोल और डीजल 25 पैसे महंगा हुआ है। पश्चिम बंगाल समेत कुछ और अन्य राज्यों में ईंधन महंगा हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.65 रुपए और डीजल 94.25 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.65 रुपए और डीजल 89.82 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 96.58 रुपए और डीजल 89.75 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.56 रुपए और डीजल 89.75 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.30 रुपए और डीजल 94.09 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

### पेप्सीको इंडिया द्वारा अपशिष्ट कर्मचारियों का अपशिष्ट पेशेवरों में रूपांतरण

**लखनऊ।** अपनी विनिंग विद पेप+ फिलोसोफी से प्रेरित पेप्सीको हैशटैग बीटप्लास्टिक पॉल्यूशन के लिए प्रतिबद्ध है और एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए प्रयासरत है जिसमें कभी भी प्लास्टिक के कचरे की समस्या ना हो। लगभग पिछले 30 वर्षों से पेप्सीको इंडिया ने स्थानीय व्यवसायियों और समुदायों के साथ मिलकर भारतीय उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक मजबूत और टिकाऊ इकोसिस्टम तैयार किया है। मथुरा वृंदावन को भारत के सबसे स्वच्छ व पवित्र शहरों में से एक बनाने के प्रयास में पेप्सिको फाउंडेशन द्वारा रेसिटी नेटवर्क और मथुरा-वृंदावन नगर निगम के साथ मिलकर पिछले वर्ष पूर्ण उन्नति की साझेदारी नाम से एक कार्यक्रम शुरू किया गया। इस पहल का उद्देश्य अपशिष्ट कर्मचारियों का अपशिष्ट पेशेवरों में रूपांतरण करना और मथुरा-वृंदावन में कचरा-प्रबंधन का एक न्याय संगत, संतुलित व असरदार मॉडल विकसित करना है। इस पहल के एक भाग के रूप में सक्षम अपशिष्ट संग्रह सेवाओं और ऑन ग्राउंड संसाधन प्रबंधन के लिए मथुरा-वृंदावन नगर निगम मे एक 'वेस्ट इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी' स्थापित की गई। दिसंबर 2022 में पायलट प्रोजेक्ट के विस्तार के तौर पर पेप्सीको फाउंडेशन और रेसिटी नेटवर्क ने मिलकर एक विशेष पूर्ण स्वच्छता अभियान भी शुरू किया और इस साल की शुरूआत में महिला अपशिष्ट कर्मचारियों को ऑर्गेनिक होली के रंग बनाने की वर्कशॉप आयोजित करके आजीविका कमाने का एक विकल्प मुहैया कराया। यह अभियान गंदगी न फैलाने व कचरा छाँटने के बारे में जागरूक करता है और मथुरा-वृंदावन के अपशिष्ट कर्मचारियों को सक्षम व सशक्त बनाता है। इस पहल के परिणाम स्वरूप एक सौ से भी ज्यादा अपशिष्ट कर्मचारी सफलतापूर्वक पेशेवर बने। बीस हजार से ज्यादा नागरिकों तक इस अभियान की पहुंच हुई और दस लाख पर्यटकों व सात हजार स्कूली बच्चों ने कचरा छाँटने में सहयोग किया। चार हजार से ज्यादा इमारतों को कचरा अलग करने के बारे में जागरूक किया गया और अब तक नगरपालिका के पाँच सौ मीट्रिक टन कचरे को डायवर्ट किया गया।

### मीशो 500 मिलियन डाउनलोड्स तक पहुँचने वाला दुनिया का सबसे तेज ऐप बना

**नई दिल्ली।** मोबाईल डेटा एनालिटिक्स प्रदाता डेटा डॉट एआई ने घोषणा की है कि भारतीय ईकॉमर्स प्लेटफॉर्म, मीशो दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला शॉपिंग ऐप बन गया है इसने केवल छः सालों में ही गूगल प्ले और आईओएस ऐप स्टोर पर मिलाकर 500 मिलियन संचयी डाउनलोड पूरे कर लिए हैं इनमें से आधे से ज्यादा डाउनलोड अकेले 2022 में हुए। भारत में किफायत पसंद करने वाले ग्राहक इस प्लेटफॉर्म की ओर आकर्षित हो रहे हैं 500 मिलियन के क्लब में कंपनी अपने मजबूत मूल्य प्रस्ताव और अद्वितीय टेक इनोवेशन के बल पर पहुँची है। मीशो का एंड्रॉयड ऐप केवल 13.6 मेगाबाईट का है, जो प्ले स्टोर पर भारत का सबसे हल्का ईकॉमर्स ऐप है। इसलिए यह कम बजट के स्मार्टफोन पर भी आसानी से चल सकता है, और कम इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले इलाकों में भी शॉपिंग का सुगम अनुभव प्रदान करता है। मेघा अग्रवाल, सीएक्सओ, यूजर ग्रोथ, मीशो ने कहा, भारत के टू ईकॉमर्स होने के नाते हम टेक्नॉलॉजी का उपयोग कर इंटरनेट कॉमर्स को पूरे जनसमूह तक पहुँचाना और खरीददारों एवं विक्रेताओं के लिए सुगम ऑनलाईन अनुभव का निर्माण करना चाहते हैं। यह उपलब्धि हमारे यूजर-फर्स्ट के सिद्धांत की पुष्टि करती है, जिसकी मदद से हम लगातार ग्राहकों की दिक्कतों को समझकर उन्हें बेहतरीन ऑनलाईन अनुभव प्रदान करते हैं। साथ ही सबसे कम मूल्य में स्थानीय बाजार के अनुरूप उपयोगी सामान पेश करने के हमारे वादे ने हमें पहली बार इंटरनेट से खरीद करने वाले लाखों परिवारों में पहुँचाने में मदद की। भारत में 750 से 800 मिलियन लोग स्मार्टफोन और इंटरनेट का उपयोग करते हैं। इसलिए हमारे पास देश में ईकॉमर्स का और ज्यादा विस्तार करने का एक बड़ा अवसर है।

## संक्षेप

### मुकदमा वापस लेने तक न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे अधिवक्ता

**ज्ञानपुर।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ज्ञानपुर भदोही के अध्यक्ष रविंद्र नाथ मिश्र की अध्यक्षता में व महासचिव सन्तोष कुमार दुबे के संचालन में शनिवार को बार एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जब तक अधिवक्तागणों के ऊपर से दर्ज एफआइआर वापस नहीं लिया जाता तब तक अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत रहकर आंदोलन करते रहेंगे। ज्ञात हो कि 25 मई को बार एसोसिएशन के भवन निर्माण के लिए धन स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में धरना प्रदर्शन कर रहे थे। अधिवक्तागणो ने आरोप लगाया कि उनकी आवाज दबाने के लिए एफआईआर दर्ज कराया गया जो की निंदनीय हैं।

### क्षेत्र पंचायत वार्ड संख्या 45 की पुनर्मतगणना 17 को

**भदोही।** उप जिलाधिकारी भदोही डॉ. केएस पांडेय ने बताया कि विकास खंड भदोही के क्षेत्र पंचायत वार्ड संख्या 45 की पुनर्मतगणना 17 जून को होगी। अपर जिला न्यायाधीश (कक्ष संख्या-एक) के आदेश के अनुपालन में क्षेत्र पंचायत वार्ड संख्या 45 का परिणाम शून्य घोषित करते हुए पुनर्मतगणना का आदेश दिया गया है। इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदेश पारित किया है। अदालत द्वारा दिए गए आदेश के अनुपालन में पुनर्मतगणना का कार्य विकास भवन ज्ञानपुर स्थित सभागार कक्ष में किया जाएगा। इसके लिए संबंधित अधिकारी के निर्देशन में नियुक्त मतगणना कार्मिकों द्वारा 17 जून को पूर्वाह्न 11 बजे से पुनर्मतगणना करवाई जाएगी।

### परिणाम घोषित होने के बाद आयोग नहीं करेगा कोई हस्तक्षेप

**भदोही।** निकाय चुनाव पूरी तरह से संपन्न हो चुका है। यदि किसी को पुनर्मतदान और पुनर्मतगणना से संबंधित कोई शिकायत है तो वह सक्षम न्यायालय की शरण में जा सकता है। यह जानकारी देते हुए सीडीओ यशवंत कुमार सिंह ने बताया कि निकाय चुनाव पूरी तरह से संपन्न हो गए हैं। आदर्श आचार संहिता समाप्त हो गई है। बावजूद इसके अभी तक पुनर्मतदान और पुनर्मतगणना के आवेदन निर्वाचन आयोग को प्राप्त हो रहे हैं। इस मामले में निर्वाचन आयोग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि नगर निकाय निर्वाचन-2023 में नियुक्त निर्वाचन अधिकारी का अधिकार क्षेत्र उसी समय समाप्त हो जाता है, जब निर्वाचन परिणाम घोषित कर दिया जाता है। निर्वाचन परिणाम घोषित होने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग का किसी भी मामले में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं बनता है।निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन परिणाम घोषित होने के बाद यदि कोई विवाद या असंतुष्टि की स्थिति बनती है तो उसके लिए संबंधित अधिकृत न्यायालय में प्रत्याशी याचिका दायर कर सकता है। सीडीओ ने बताया कि नगरीय निकाय के घोषित निर्वाचन परिणाम के विरुद्ध आयोग में प्रत्यावेदन देने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि निर्वाचन परिणाम को चुनौती देना है तो सक्षम न्यायालय में ही निर्वाचन याचिका दायर की जा सकती है।

### 34 एटीएम कार्ड संग धरे गए चार जालसाजों पर गैंगस्टर ऐक्ट का केस दर्ज

**भदोही।** विभिन्न बैंकों के 34 एटीएम कार्ड, घटनाओं में प्रयुक्त तीन मोटरसाइकिल और दो असलहे के साथ धरे गए जालसाज गिरोह के चार शातिरों के ऊपर गैंगस्टर का केस दर्ज किया गया है। बीते दिनों इस गिरोह के सरगना समेत पांच शातिरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। एटीएम फ्रॉड गिरोह के सदस्यों के खिलाफ प्रयागराज, वाराणसी, मिजार्पुर व जौनपुर में गैंगस्टर, कातिलाना हमला, चोरी, डकैती, धोखाधड़ी, आईटी एक्ट व आयुध अधिनियम के ढाई दर्जन केस दर्ज हैं। कोइरौना पुलिस ने बताया कि संगठित होकर एटीएम कार्ड बदलकर नगदी उड़ाने वाले गिरोह चार पेशेवर अपराधियों में गैंगलीडर मनीष सिंह पुत्र हवलदार सिंह निवासी कोछिया, सुरियावां, किशन सिंह उर्फ उदय प्रताप सिंह पुत्र अनिल कुमार सिंह कपूरीपट्टी, अंकित यादव उर्फ साहिल पुत्र लाल बहादुर यादव भेलसी, हंडिया, प्रयागराज और दीपक यादव पुत्र रामधनी यादव निवासी बिलारी, हंडिया, प्रयागराज के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। यह गिरोह पासवर्ड देखकर एवं एटीएम कार्ड बदलकर पैसे निकाल लेने के साथ-साथ चोरी-छिनैती की घटनाओं को अंजाम देता था। गैंगलीडर मनीष सिंह के खिलाफ भदोही, मिजार्पुर, जौनपुर, वाराणसी में विभिन्न धाराओं वाले कुल दस मामले दर्ज हैं। इसी तरह जालसाज दीपक यादव के खिलाफ जौनपुर, प्रयागराज, भदोही, वाराणसी में 10 मामलों का आरोपी है। जबकि अंकित यादव उर्फ साहिल के खिलाफ प्रयागराज, भदोही, वाराणसी में पांच और किशन सिंह उर्फ उदय प्रताप सिंह के खिलाफ मिजार्पुर, भदोही और वाराणसी में आधा दर्जन मामले दर्ज हैं।

# टिकट के लिए धन देने का लगाया आरोप तो मिला 5 करोड़ का नोटिस

**नोटिस**

**कारोबारी से नेता बनने आए राजू जायसवाल तथा उनकी पत्नी को भाजपा नेता ने भेजा 5 करोड़ रुपये का लीगल नोटिस**

**भदोही।** कारोबारी से नेता बनने के लिए आये विनीत जायसवाल उर्फ राजू को 5 करोड़ का नोटिस भेजा गया है। नगर के हरियांव बघेल छावनी निवासी एवं भाजपा काशी प्रांत के क्षेत्रीय मंत्री आशीष सिंह बघेल पुत्र स्व.आनंद सिंह बघेल ने विनीत जायसवाल उर्फ राजू, उनकी पत्नी रीना जायसवाल व एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ को लीगल नोटिस भेजा है। तीन दिन के अंदर झूठे आरोप का खंडन न करने पर उनके द्वारा मानसिक, शारीरिक, सामाजिक, आर्थिक क्षति होने की स्थिति में 5 करोड़ रुपए का दावा न्यायालय में दाखिल किया जाएगा।

पिछले दिनों सम्पन्न हुए निकाय चुनाव में भदोही नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद हेतु विनीत जायसवाल उर्फ राजू ने अपनी पत्नी रीना जायसवाल के लिए भाजपा का टिकट लेने का आवेदन किया था। आशीष सिंह बघेल के द्वारा तीनों लोगों को भेजें गए लीगल नोटिस में आरोप लगाया है कि कथित तौर पर भाजपा का टिकट रीना जायसवाल को दिलवाने के लिए 35 लाख रुपए से अधिक दीनानाथ भास्कर, रविंद्र नाथ त्रिपाठी, हौसला प्रसाद पाठक के साथ दिया है। दोनों लोगों का यह कथन उस समाचार पत्र में छपा है तीनों किस्तों में कुल 73 लाख रुपया दीनानाथ भास्कर, रविंद्र नाथ त्रिपाठी, हौसला प्रसाद पाठक, आशीष सिंह बघेल व पप्पू तिवारी को दिया। बाद में 5-5 लाख रुपया लौटा दिया गया। यह सारी बातें बिल्कुल गलत एवं झूठी है। दोनों ने झूठी बातों को प्रकाशित कराकर झूठा लांछन लगाया है। उनके द्वारा भाजपा के उच्च पदाधिकारियों, प्रदेश अध्यक्ष, मुख्यमंत्री के यहां भी लेटर भेजा गया है। ताकि मेरी सामाजिक, पारिवारिक, राजनीतिक प्रतिष्ठा की अपहानि हो जाएं। आशीष सिंह बघेल ने अपने लीगल नोटिस में लिखा है कि नोटिस पाने के तीन दिन के अंदर उक्त प्रकार का जो भी झूठा लांछन लगाया गया है। उसे समाचार पत्रों में छपवाया और प्रकाशित करवाया गया है। तमाम यूट्यूब चौनलों में चलवाया है। तमाम लोगों में अन्य प्रकार से उक्त लांछन सम्प्रसारित किया और कराया जा रहा। उसे तत्काल बंद किया जाए। उसका खंडन नहीं किया गया तो तीनों लोगों के विरुद्ध मानहानि का मुकदमा दाखिल किया जाएगा। इससे मेरी सामाजिक, राजनीतिक, पारिवारिक प्रतिष्ठा धूमिल हुई है। साथ ही मानसिक, शारीरिक, सामाजिक व आर्थिक के रुप में करीब 5 करोड़ रुपए की क्षति हुई है। इसको लेकर न्यायालय में दावा दाखिल किया जाएगा।

## सिंगल यूज प्लास्टिक की धड़ल्ले से बिक्री कर रहे थोक दुकानदार

**लालानगर।** गोपीगंज नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पॉलीथिन की बिक्री थोक व्यापारीयो द्वारा धड़ल्ले से होता दिखायी पड़ रहा है। जहां गोदामों में पॉलिथीन को काफी ज्यादा मात्रा में स्टोर करके रखे हुए हैं ऐसे में माना जाए तो सरकारी आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं। ज्ञात हो कि शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर कितनी बार अभियान चलाकर पॉलिथीन को कब्जे में लिया गया लेकिन उसका अभी तक कोई ज्यादा प्रभाव लोगों में दिखाई नहीं पड़ रहा है। जहां ठेले खोमचे से लेकर थोक एवं फुटकर दुकानदार खुलेआम पॉलिथीन का प्रयोग करने में लगे हुए हैं, ऐसे में शासनादेश का उल्लंघन लोगों द्वारा भली प्रकार से किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ पॉलिथीन लोगों द्वारा इस्तेमाल करने के बाद सड़कों पर फेंक दिया जा रहा है जिसका खामियाजा सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं को भुगतना पड़ता है। बता दें कि सड़कों पर फेंके गए पॉलिथीन में खाने-पीने की चीजें होने के कारण आवारा पशु उसको अपना निवाला बना ले रहे हैं और उसके बाद उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं।

## संक्षेप

### ट्रक से तस्करी के लिए ले जाये जा रहे 20 गोवंश बरामद चालक फरार



**जौनपुर।** सिकरारा थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक ट्रक से तस्करी के लिए ले जा रहे 20 गोवंशों को बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा द्वारा जनपद मे चलाये जा रहे गो तस्करों के विरुद्ध अभियान के क्रम में शनिवार को सिकरारा पुलिस क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन एवं वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक ट्रक पर गोवंश को लादकर गोतस्करी हेतु इलाहाबाद-जौनपुर हाईवे पर वाराणसी होते हुए बिहार गोवध के लिए ले जा रहे है। मुखबिर की इस सूचना पर विश्वास करके बीबीपुर मोड़ के पास पुलिस वहां पहुंची और आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग करने लगी। चेकिंग के दौरान एक ट्रक आता दिखाई दिया। पुलिस ने उक्त ट्रक को रुकने का इशारा किया तो ट्रक चालक वाहन को बीबीपुर मोड़ पर हाइवे किनारे खड़ा करके गाड़ी से कूदकर झाड़ियों में भागने लगा। पुलिस ने दौड़ाकर चालक को पकड़ने का प्रयास किया गया, किन्तु अंधेरे एवं झाड़ियो का फायदा उठाते हुये ट्रक चालक भागने में सफल रहा। वापस आकर टार्च की रोशनी में ट्रक पर चढ़कर पुलिस कर्मियों ने देखा तो उसमें 20 गोवंश जिसमें 17 गाय, 2 बछड़े व 1 बछिया जो जीवित थे उक्त पशुओं को कर्मियों की मदद से ट्रक से नीचे उतारकर अलग-2 करके पानी पिलाकर बगल के बगीचे में रखा गया। तत्पश्चात निजामुद्दीनपुर गोशाला में भेजवाकर चारा-पानी की ब्यवस्था की गयी। पशु व ट्रक बरामदगी के पश्चात थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 124/2023 धारा 3/5अ/8 गौ हत्या निवारण अधि0 व धारा 11 पशुओं के प्रति क्रूरता का थाना सिकरारा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### वारंटी गिरफ्तार

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने शनिवार की सुबह 5:30 बजे एक वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह ने बताया कि माननीय न्यायालय द्वारा जारी वारंट के क्रम में शनिवार को थाना क्षेत्र के कनावा गांव निवासी आशीष पुत्र श्याम जीत को शनिवार को सुबह 5:30 बजे उसके घर से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेजा गया।

### बंद मकान में चोरी के मामले में 12 दिन बाद दी गई नामजद तहरीर

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के चकनिरंजन गांव में पिछले माह हुई चोरी के मामले में पीड़ित ने नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना के बारे में राहुल तिवारी ने बताया कि वह चार भाई है और सभी भाईयों का पूरा परिवार मुम्बई में रहता है। 21 मई को वह जब मुम्बई से घर पहुंचे तो देखा उनके मकान के अंदर के कमरों के सभी दरवाजों के ताला टूटा था और कमरों में रखे सामान गायब थे। जिसकी सूचना उसी दिन पीआरबी पुलिस को दी गई थी और पीआरबी पुलिस मौके पर पहुंची थी। चोरी में उनके चारो भाइयों के शादी में मिले पीतल तांबे और स्टील के सभी बर्तन के अलावा दो सिलेंडर, एक सीलिंग फैन, दो फरार्टा फैन, लगभग 7 दर्जन साड़ियां चोरी हुई थी। उक्त मामले में 12 दिनों के बाद पीड़ित ने नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित ने बताया चोर खाना बनाने खाने के लिए भी एक बर्तन नही छोड़े थे।

### भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक 5 को

**भदोही।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक बैठक 5 जून को प्रातः 9:00 औराई क्षेत्र के कुरौना गांव में सूर्यनाथ बिंद के आवास पर होगी। जिसमें तहसील एवं ब्लाक कमेटी का गठन किया जाएगा। जिसमें सभी पदाधिकारियों एवं क्रियाशील सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है, अन्यथा उन्हें पद मुक्त समझा जाएगा। यह जानकारी जिला अध्यक्ष मल्लू राम बिंद एवं महासचिव श्याम धर सिंह ने संयुक्त रूप से दी है।

## सुरियावां रेलवे स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव

**सुरियावां।** रेलवे स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। जहां पेयजल के लिए संकट है वहीं पर शौचालय में भी एक बूंद पानी नहीं है। ताला लगा हुआ है और दूसरी तरफ देखे तो यात्रियों की बैठने के लिए समुचित व्यवस्था भी नहीं है ना तो छाया ही हैं। पश्चिम भाग में टिनसेड तो बना दिया गया है लेकिन सीट की व्यवस्था नहीं की गई है। प्लेटफार्म नंबर एक व दो पर हैंडपंप तो लगे हैं लेकिन साल भर से यह खराब हैं। व्यापार मंडल अध्यक्ष शेषधर गुप्ता ने कहा है कि कई बार रेल मंत्रालय का ध्यान आकृष्ट कराया गया स्थानीय प्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया। इसके बाद भी रेलवे स्टेशन सुरियावा की मूलभूत समस्याएं पेयजल, शौचालय, सीट की व्यवस्था, कई ट्रेनों के ठहराव की समस्या को लेकर पूरी तरह से यहां के नागरिक आक्रोश में है।

# राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम स्थलीय निरीक्षण कर कराए निस्तारणः सीडीओ

**सम्पूर्ण समाधान दिवस**

**जनपद के तीनों तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी गयी फरियादियों की समस्याएं**



सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियो की सुनवाई करते अधिकारीगण

**भदोही।** जन शिकायतो के त्वरित निस्तारण एवं कार्यवाही के दृष्टिगत सम्पूर्ण समाधान दिवस जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया। तहसील भदोही में मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी कृपाशंकर पाण्डेय, तहसील औराई में अपर जिलाधिकारी कुंवर विरेन्द्र मौर्य, उप जिलाधिकारी योगेन्द्र कुमार साहू एवं तहसील ज्ञानपुर में अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिवनारायण सिंह, उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर आकाश कुमार व अन्य अधिकारियो द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होकर फरियादियों की समस्याओ को सुन कर निस्तारण किया। उपस्थित अधिकारियो के समक्ष विभिन्न विभागो से सम्बन्धित तहसील भदोही में कुल 26 फरियादियो के द्वारा अपनी समस्याओ से अवगत कराया गया।

जिसमें से मुख्य विकास अधिकारी द्वारा 4 प्रार्थना पत्रो को मौके पर ही निस्तारित करते हुये शेष 22 प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित विभाग के अधिकारियो को निर्धारित समय सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने का निर्देश दिया गया। सम्पूर्ण समाधान में आए ज्यादातर शिकायत जमीन, राजस्व विवाद, प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों के चयन में अनियमितता तथा राशन कार्ड बनवाने से सम्बन्धित रहें। इसी क्रम में तहसील औराई में अधिकारियो द्वारा कुल 73 प्रार्थना पत्रो में 06 का निस्तारण तथा तहसील ज्ञानपुर में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, उप जिलाधिकारी द्वारा कुल 28 प्रार्थना पत्रो में 07का निस्तारण किया गया।

## विश्व साइकिल दिवस पर निकाली गयी जनजागरूकता रैली

**जौनपुर।** विश्व साईकिल दिवस के अवसर पर एक विशाल जनजागरुकता साईकिल रैली को नोडल अधिकारी एनसीडी डा. राजीव कुमार द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त साईकिल रैली टीबी चिकित्सालय से अम्बेडकर तिराहा होते हुये पुनः चिकित्सालय परिसर पर समाप्त हुई। उक्त रैली में कुवंर हरिवंश सिंह पैरामेडिकल कालेज के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

इस वर्ष विश्व साइकिल दिवस की थीम पर नोडल अधिकारी एनसीडी डा. राजीव कुमार द्वारा बताया गया कि प्रत्येक वर्ष 3 जून को विश्वभर में विश्व साईकिल दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राज्य महासभा ने साल 2018 में 3 जून को वर्ल्ड साईकिल डे मानाने की घोषणा की थी। इसको मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को साईकिल के महत्व के बारे में समझाना है। साईकिल हमारे पर्यावरण के लिये फायदेमंद है तथा साईकिल चलाना स्वास्थ्य के लिये लाभकारी है। ऐसे में साईकिल का हमारे जीवन में अहम स्थान है। इससे डीजल, पेट्रोल का कम दोहन होने के साथ ही शहर का प्रदूषण स्तर भी कम होता है। साईकिल चलाने से वजन कम करने से लेकर मांशपेशियों को मजबूती तथा अच्छा व्यायाम एवं शरीर में रक्त का संचार सुचारू रूप से होता है। साईकिल चलाने वाले लोग मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की बीमारियों से दूर रहते है। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. डीके सिंह द्वारा बताया गया कि साईकिल चलाना एक तरह का योग है जिससे व्यक्ति को मानसिक बीमारियों से दूर रहने में मदद मिलती है। इस प्रकार साइकिल चलाना मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

सभी जनपदवासियों को प्रतिदिन कम से कम 1 घण्टें साईकिल चलाने की अपील की गयी। उक्त रैली में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एससी वर्मा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. डीके सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सत्यव्रत त्रिपाठी, एनसीडी सेल से एफएलसी जयप्रकाश गुप्ता, कुलदीप श्रीवास्तव, विवेक मौर्या तथा कार्यालय के अन्य कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# गैंगस्टर ऐक्ट के तहत करोड़ों की सम्पत्ति कुर्क



होटल को सील करते कोतवाल



कार्रवाई के दौरान नोटिस लगाते पुलिसकर्मी

**जनसंदेश न्यूज**

**संपत्ति कुर्क**

**जितेंद्र यादव पर सरकारी व अन्य की जमीन कब्जा करने का था आरोप, एसडीएम सदर सुनील कुमार भारती ने बताया कि यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई है**

**जौनपुर।** शहर कोतवाली पुलिस ने जिलाधिकारी अनुज कुमार झा के आदेश पर एसडीएम सदर के साथ मौके पर पहुंचकर सिटी रेलवे स्टेशन के पास गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त जितेंद्र यादव की पत्नी कर्मावती यादव के नाम से तीन करोड़ के एक होटल की संपत्ति को कुर्क कर अपने कब्जे में ले लिया है। गौरतलब है कि लाइन बाजार थाना क्षेत्र के सहजनपुर गांव निवासी जितेंद्र यादव के विरुद्ध अवैध रूप से सरकारी जमीन के साथ-साथ अन्य लोगों की जमीन पर कब्जा करने का आरोप था। प्रशासन ने इसके पहले भी जितेंद्र यादव व उसके परिजनों के नाम से अवैध संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की थी। एसडीएम सदर सुनील कुमार भारती ने बताया कि यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई है। गौरतलब है कि जितेंद्र यादव के भाई बाला यादव जो कि समाजवादी पार्टी से सभासद थे उनकी सिटी रेलवे स्टेशन पर हत्या भी हो चुकी है। उसके बाद से जितेंद्र यादव ही उनका पूरा कारोबार देखा करते थे। समाजवादी पार्टी से नाता होने के चलते इस कार्रवाई पर लोग कुछ भी बोलने से साफ इंकार कर रहे हैं।

## पांच जून को तहसील सभागार में करवाएं व्यय लेखा रजिस्टर की जांच

**निकाय चुनाव**

**सभी प्रत्याशी चुनाव प्रचार के लिए व्यय की गई धनराशि का विवरण व बाउचर मुख्य कोषाधिकारी कार्यालय में कराएं जमा**

**ज्ञानपुर।** निकाय चुनाव के बाद जिन-जिन प्रत्याशियों ने अभी तक अपने व्यय लेखा रजिस्टर की जांच नहीं करवाई है, वह आगामी पांच जून को स्थानीय तहसील सभागार में व्यय लेखा रजिस्टर की जांच करवाएं, साथ ही चुनाव में खर्च की गई धनराशि का विवरण, बाउचर सीटीओ कार्यालय में जमा करवाएं। सीटीओ ने बताया कि निर्वाचन समाप्त होने के बाद सभी प्रत्याशियों को तीन माह के भीतर निर्वाचन से संबंधित व्यय लेखा रजिस्टर, बाउचर सहित जनपद स्तरीय व्यय अनुश्रवण कमेटी को उपलब्ध कराया जाना है। बताया कि व्यय लेखा रजिस्टर की प्रथम जांच 22 मई एवं दूसरी जांच 26 मई को की गई। इस दौरान नगर पालिका परिषद भदोही में अध्यक्ष पद के 12 प्रत्याशी व सदस्य पद के 172 प्रत्याशियों ने अपने निर्वाचन व्यय रजिस्टर प्रस्तुत नहीं किए है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद गोपीगंज में अध्यक्ष के चार व सदस्य के 62, नगर पंचायत ज्ञानपुर में अध्यक्ष 5, सदस्य 29, घोसिया में अध्यक्ष के तीन, सदस्य 36, खमरिया में अध्यक्ष 23, सदस्य 44, नई बाजार में अध्यक्ष आठ व सदस्य 46, सुरियावां अध्यक्ष के छह व सदस्य 47 प्रत्याशियों ने अभी तक निर्वाचन व्यय रजिस्टर की लेखा जांच नहीं करवाई और व्यय लेखा रजिस्टर जमा नहीं किया। मुख्य कोषाधिकारी ने जिले के सातों निकायों के अध्यक्ष व सदस्य प्रत्याशियों को तृतीय (अंतिम जांच) जांच के लिए पांच जून, 2023 को संबंधित तहसील सभागार में पहुंचने के लिए कहा है। व्यय लेखा रजिस्टर की जांच सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक की जाएगी।

# 52 बीघा तालाब पर चला सफाई अभियान



बावन बीघा तालाब की साफ-सफाई करते युवक

**मिशन लाइफ**

**युवक मंगल दल व प्रादेशिक विकास दल ने निकाली साइकिल रैली, किया पौधरोपण**

**ज्ञानपुर।** मिशन लाइफ के मद्देनजर शनिवार को जनपद में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। बीएसए के नेतृत्व में सभी शिक्षा कार्यालयों, बेसिक स्कूलों में, जिला क्रीडाधिकारी के नेतृत्व में स्पोटर्स स्टेडियम मूसीलाटपुर में जागरूकता कुश्ती, जिला युवा कल्याण अधिकारी के नेतृत्व में विकास खंड सुरियावां में 52 बीघा तालाब पर युवक मंगल दल व प्रादेशिक विकास दल द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम व वृक्षारोपण किया गया, साथ ही साइकिल रैली निकाली गई।

बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि जनपद के सभी बीईओ द्वारा बीआरसी पर हरित मिशन अभियान को साकार बनाया जा रहा है। पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के दृष्टिगत मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण आधारित विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में प्राथमिक महमदपुर में चल रहे समर कैंप में सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा लाइफ प्रतिज्ञा की शपथ ली गई।

जिला क्रीडाधिकारी के नेतृत्व में स्पोटर्स स्टेडियम मूसीलाटपुर में खिलाडियों द्वारा ह्यमिशन लाइफ कुश्तीह्न का आयोजन कर इको फ्रेंडली जीवन शैली को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

खेल के माध्यम से खिलाडियों ने जनपदवासियों को संदेश दिया कि हम अपने प्रतिदिन की दैनिक क्रियाओं में जागरूकता से पर्यावरण के क्षरण या प्रदूषित होने से बचा सकते है। जागरूकता से जल संरक्षण, वृक्षारोपण कर धरती की हरितिमा को बढ़ा सकते हैं। सीडीओ यशवंत कुमार सिंह ने बताया कि पांच जून को पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद के सभी विभागों शपथ दिलाई जाएगी।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा** पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

### कायस्थ महासभा ने मनाया स्व. कैलाश नारायण सारंग का जन्मदिवस

**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश पूर्वी के तत्वाधान में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय कैलाश नारायण सारंग का जन्मदिन 2 जून को मातृ-पितृ भक्ति दिवस के रूप में मनाया गया। बताते चलें कि मुहम्मदाबाद गोहना तहसील के अधिवक्ता भवन में शुक्रवार देर शाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनपद तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे कायस्थ बंधुओं ने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे स्वर्गीय कैलाश नारायण सारंग के जीवन पर प्रकाश डाला। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष विष्णुकांत श्रीवास्तव ने कहा कि उनका जीवन काफी संघर्षपूर्ण रहा। उन्होंने कायस्थ समाज की हर पल सेवा की जब वह मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री रहे और किसी कायस्थ पर कोई विपदा आती थी तो वह तुरंत उसकी सेवा करने के लिए निकल पड़ते थे। उन्हें अपने समाज से और अपने क्षेत्र की जनता से काफी लगाव रहता था। इस अवसर पर मुख्य रूप से जय प्रकाश श्रीवास्तव, छेदी श्रीवास्तव, परमानंद लाल श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, आलोक कुमार श्रीवास्तव, राम कुमार श्रीवास्तव, शेषनाथ आदि लोग उपस्थित रहे।

# जीवनदीप व प्रतिमा नर्सिंग कॉलेज ही शासन से मान्यता प्राप्तः सीएमओ

**जांच**

**सीएमओ डॉ. सन्तोष कुमार चक ने बताया कि इन संस्थानों के अतिरिक्ति अन्य कोई पैरामेडिकल कालेज जनपद में संचालित नही हैं**



जीवनदीप हॉस्पिटल

**ज्ञानपुर।** जनपद भदोही में जीवनदीप इन्स्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल सांइस भदोही एवं प्रतिमा नर्सिंग कालेज भदोही को ही पैरामेडिकल कालेज के संचालन हेतु शासन द्वारा मान्यता प्राप्त है।

सीएमओ डॉ. सन्तोष कुमार चक ने बताया कि इन संस्थानों के अतिरिक्ति अन्य कोई पैरामेडिकल कालेज जनपद में संचालित नही हैं यदि किसी भी प्रकार के पैरामेडिकल कालेजो का संचालन किया जा रहा हो तो इसकी सूचना तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी, के सी.यू.जी. मोबाइल पर तत्काल देना सुनिश्चित करें। जिले में केवल दो पैरामेडिकल कालेज ही हैं जिनके संचालन हेतु शासन द्वारा मान्यता प्राप्त है। जिसमे जीवनदीप इन्स्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल सांइस भदोही एवं प्रतिमा नर्सिंग कालेज भदोही ही है। सीएमओ डॉ. सन्तोष कुमार चक के स्थिति साफ करने से छात्र अब गुमराह होने से बच जाएंगे।

# जापानी कंपनी व कबीरमठ मिलकर बनायेंगे एशिया का सबसे बड़ा हॉस्पिटल

## शिवपुर में बनाने की योजना तय, सारनाथ में 12 एकड़ परिसर में संतों के अध्ययन के लिए खुलेगा कबीर विद्यापीठ


कबीरमठ मूलगादी के आचार्य विवेक दास

**वाराणसी।** एशिया के सबसे बड़े हास्पिटल के रूप में जाने जाने वाला जापानी कंपनी निकॉन एवं कबीरमठ मूलगादी के संयुक्त तत्वावधान में शिवपुर में कबीर मल्टी फैसिलिटी हास्पिटल बनने की योजना लगभग तय हो चुकी है। 500 बेड वाला यह हास्पिटल पर लागत लगभग हजार करोड़ है। एशिया में सबसे बड़े हास्पिटल के रूप में इसका मूल्यांकन किया जा रहा है। इसमें एयरप्लेन के लिए भी छत बनायी जायेगी ताकि इसमें आसपास के मरीजों को लाने व ले जाने में सुविधा हो। यह जानकारी कबीरमठ मूलगादी कबीरचौरा के आचार्य विवेक दास ने जनसंदेश टाइम्स को दी। बताया कि इसके लिए कार्य प्रारंभ होने वाला है। कुछ औपचारिकताओं की कमी है जिसके चलते कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। आचार्य विवेक दास ने बताया कि सारनाथ में कबीर मठ के पास लगभग 12 एकड़ का परिसर है। जिसमें कई एकड़ में कबीर विद्यापीठ खोलने की योजना है। इसमें कबीर भक्ति आंदोलन से जुड़े लगभग 300 से अधिक गरीब, दलित-पिछड़े व किसान से जुड़े संतों का अध्ययन व मनन तथा अनुसंधान के लिए कबीर विद्यापीठ की योजना तैयार की गई है। विवेक दास ने बताया कि कबीरमठ में कबीर संग्रहालय जो कबीर हाईटेक झोपड़ी के रूप में तैयार हो चुका है। मुंबई व कोलकाता के कई बड़े पूंजीपतियों ने भी इसके लिए प्रस्ताव भेजा है। इसमें और भी कई कंपनियां शामिल हैं। जो इसमें योगदान करना चाहती हैं। उ.प्र. शासन के संस्कृति मंत्रालय ने संग्रहालय के लिए प्रारूप तैयार किया था। संभवतः कई बार उन्होंने घोषणा भी की लेकिन जैसा कि वे मूलगादी में अनुबंध चाहते हैं, मठ का ट्रस्ट इस अनुबंध के लिए तैयार नहीं है। इसलिए अब सीएसआर कोटे से भी संग्रहालय का निर्माण होने का प्रारूप तैयार कर दिया गया है। आचार्य विवेक दास ने बताया कि लहरतारा में कबीर साहब की उद्भव स्थली है। कुछ वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 17 करोड़ का प्रोजेक्ट उद्भव स्थली व लहरतारा सरोवर के सुंदरीकरण के लिए सुपुर्द किया गया था जिसकी बड़ी धनराशि आ चुकी है। इसके लिए निर्माण कार्य शुरू होने वाला है।

**कबीर संग्रहालय के रूप में हाईटेक झोपड़ी बन कर हो गई है तैयार**

**लहरतारा में कबीर उद्भव स्थली के लिए आ चुकी है धनराशि**

**कबीरमठ मूलगादी के आचार्य विवेक दास ने दी जानकारी**

# लहरतारा कबीरमठ में जयंती पर निकली शोभायात्रा



**वाराणसी।** सद्गुरु कबीर प्राकट्य धाम लहरतारा तालाब एवं स्मारक समिति की ओर से शनिवार को सद्गुरु कबीर साहब का प्राकट्य महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कबीर प्राकट्य धाम लहरतारा से सद्गुरु कबीर साहब की जुलूस व शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में भक्तो एवं श्रद्धालु शामिल थे। शोभायात्रा में कबीर साहब की प्रतिमा सबसे आगे उसके बाद कबीर प्राकट्य धाम के मुख्य पंथ हजूर अर्धनाम साहब आचार्य कबीरपंथ, धर्माधिकारी सुधाकर शास्त्री व अन्य बाहर से आये संत महंत शामिल हुए। शोभायात्रा में बैंड, डीजे. के साथ कबीर साहेब के वाणी, भजनों, को गाते हुए शोभायात्रा में सभी आनंदित एवं थिरकते हुए खुशी से झूमते हुए भाव विभोर हो रहे थे। शोभायात्रा में बिहार, बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, गुजरात आदि प्रदेशों से भक्त शामिल थे। पूरा परिसर सद्गुर कबीर साहेब के साखी, शब्दों, भजनों, कीर्तनों से गुंजायमान था। रथ पर आचार्य अर्धनाम साहेब विराजमान थे। बैंड बाजा, ढोल, खंजरी संगीत भजन कीर्तन आदि के साथ श्रद्धालु बहुत आनंदित और उल्लासित थे। यात्रा के दौरान जगह जगह पर पानी, शरबत, फल श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की गयी। पंथ श्री हजूर साहेब ने भक्तों को संदेश दिया कि आज का दिन स्मरण का क्षण है। जिसे हम सद्गुरु की पवित्र प्रगट भूमि का दर्शन कर रहे हैं। उसकी की छाप हमारे जीवन हमेशा बनी रहे। जिस घर में संत का आगमन नहीं होता, सत्संग नहीं होता उस घर में यम का डेरा होता है। भक्त का मतलब सदाचारी होना चाहिए संत के घर आने से पवित्र और ऊर्जावान होता है।

**कबीर वाणी के साथ ही भजनों की रही गूंज**

# तीन दशकों से कबीरमठ मूलगादी की गद्दी संभाल रहे आचार्य विवेक दास



**उपलब्धि**

**अब तक कर चुके हैं 40 देशों की यात्राएं, दर्जन भर देशों में कर चुके हैं कबीर केन्द्र की स्थापना**

**राधेश्याम कमल**







**वाराणसी।** अखिल कबीरपंथ काशी की सिद्धपीठ कबीरचौरा मठ मूलगादी कबीर साहब की कर्मभूमि, साधना-पीठ व उपदेशस्थली है। कबीरचौरा मठ के इसी परिसर में उनका लालन-पालन भी हुआ था। यहीं पर उनके पालक नीरू व नीमा का घर था। वर्तमान समय में इस परिसर का नाम कबीर का घर नीरु टीला प्रसिद्ध है। नीरु-नीमा का यहां पर घर होने के कारण इसी परिसर में उन दोनों की समाधियां भी हैं। कबीर साहब काफी समय तक इसी परिसर में रहे और ताने-बाने का भी काम करते रहे। कबीरा तेरी झोपड़ी, गलकट्टों के पास यह प्रसिद्ध जनोक्ति यही पर साकार हुई थी। एक तरफ ताने-बाने पर खटर-पटर होता था वहीं दूसरी तरफ सत्संग के लिए भीड़ जमती थी। कबीर साहब की झोपड़ी के पास सत्संग के लिए जब जगह कम पड़ने लगी थी तब एक दूसरे परिसर में अलग से एक कबीर चबूतरे का निर्माण किया गया। यही चबूतरा आगे चल तक कबीरचौरा मठ के नाम से विख्यात हुआ। कबीरचौरा मठ का इतिहास काफी पुराना है। आचार्य विवेक दास लगभग 50 साल से यहां पर हैं। वे लगभग 30 सालों से आचार्य के पद आसीन हैं। जब से वे मठ की गद्दी में आसीन है तब से उन्होंने मठ को चार चांद लगाने का कार्य किया।

### कबीर व संत मत पर अब तक प्रकाशित हो चुकी हैं 100 पुस्तकें

आचार्य विवेक दास बताते हैं कि कबीर व संत मत पर लगभग उनकी 100 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। जिसमें प्रमुख रूप से सतगुरु सांचा सूरमा, अनहद अनुभव सांचा, कबीर साहित्य की प्रासंगिकता, कबीर की विरासत, कबीर की आत्मकथा, सिद्धपीठ कबीरचौरा मठ मूलगादी समेत अन्य हैं। वे बताते हैं कि अब तक लगभग 40 देशों की वह यात्राएं कर चुके हैं। इसमें त्रिनिडाड, सूरीनाम, नीदरलैण्ड, स्पेन, वेल्जियम आदि हैं। उन्होंने दर्जन भर देशों में कबीर केन्द्रों की स्थापना की है। इसमें सूरीनाम, नीदरलैण्ड, गुयाना, त्रिनिडाड (वेस्ट इंडीज) आदि देश हैं। यहां पर सैकड़ों अनुयायी इस केन्द्र से जुड़ कर कबीरवाणी का प्रचार- प्रसार कर रहे हैं।

### भोर में तीन बजे से प्रारंभ होती है दिनचर्या

आचार्य विवेक दास की रोज की दिनचर्या भोर में तीन बजे से प्रारंभ होती है। सुबह उठ कर सबसे पहले बंदगी करते हैं। इसके बाद मुंह-हाथ धोकर बैठ कर रोजाना 30-40 पेज किसी न किसी विषय पर लिखते हैं। प्रातः 5 बजे के बाद वे भक्तों व संतों से मुलाकात करते हैं। प्रातः 8 बजे के बाद आमजनों से भेंट करते हैं।



### मठ में रोजाना हजारों की होती है भीड़

आचार्य विवेक दास बताते हैं कि कबीरचौरा मठ में रोजाना 10 से 20 हजार भक्त आते हैं। कभी-कभी यह संख्या और भी बढ़ जाती है। यहां आने वाले अनुयाायियों में पंजाब, गुजरात, राजस्थान, बिहार, दिल्ली, झारखंड आदि जगहों के रहते हैं। रोजाना सुबह 5 बजे कबीर साहब मठ में आरती होती है। इसके बाद इसे खोल दिया जाता है। रात्रि में 8 बजे आरती के बाद पट बंद हो जाता है। आचार्य विवेक दास रात्रि में भोजन नहीं करते हैं। सायंकाल सात बजे वह शयन करने चले जाते हैं।

# कबीर साहब की जयंती पर देश भर से कबीरचौरा कबीरमठ में आये अनुयायी

**वाराणसी।** कबीर साहब की 625वीं जयंती समारोह को लेकर कबीरचौरा मठ मूलगादी में देश भर से अनुयायियों के आने का क्रम शनिवार को जारी रहा। आचार्य विवेक दास बताते हैं कि 4 जून को पूर्वाह्न 11 बजे से साहित्य संगोष्ठी और ताना-बाना ग्रुप के विख्यात निर्गुण गायकों का भजन होगा। निर्गुण गायकों में आशीष मिश्र (वाराणसी), रामप्रसाद दास (गोरखपुर), नंदन बाबा (चुनार) आदि हैं। इसके अलावा बिहार, राजस्थान, गुजरात, कश्मीर से भी निर्गुण गायक अपनी-अपनी शैली में निर्गुण भजनों की प्रस्तुति करेंगे। इस मौके पर संगोष्ठी में कई विद्वान शामिल होंगे जिसमें डा. ओमप्रकाश सिंह (जेएनयू दिल्ली), डा. सुरेन्द्र प्रताप (पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ), निरंजन सहाय हिंदी प्रवक्ता (महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ) आदि हैं। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया है। जिसमें हजारों अनुयायी भाग लेकर प्रसाद ग्रहण करेंगे।

**4 जून को साहित्य संगोष्ठी के साथ होगी कबीर वाणी व भजन**



# गंगा में वॉटर टैक्सी का ट्रायल इसी सप्ताह से

**सुविधा**

**रामनगर किला से नमो घाट तक होगा संचालन, किराया दर स्वीकृत होने का इंतजार**

**वाराणसी।** पब्लिक ट्रांसपोर्ट के क्षेत्र में एक और सुविधा मिलने वाली है। गंगा में वॉटर टैक्सी का संचालन जल्द शुरू हो जाएगा। टैक्निकल सर्वे का कार्य पहले ही हो चुका है। अगले सप्ताह तक ट्रायल रन के बाद इस सेवा को आरंभ कर दिया जाएगा। हालांकि उदघाटन की आधिकारिक घोषणा होनी शेष है।

**रामनगर से नमो घाट तक छह फेरे लगाएगी वाटर टैक्सी:** गंगा में चलने वाली वाटर टैक्सी के जून के पहले पखवारे संचालन होने के आसार हैं। वाटर टैक्सी छह फेरे लगाएगी। आखिरी फेरा गंगा आरती के समय रहेगा। इस दौरान यात्री टैक्सी से ही गंगा आरती देखेंगे। वाराणसी सिटी ट्रासंपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (वीसीटीएसएल) ने इसका किराया 15 रुपया प्रति किलोमीटर करने का प्रस्ताव रखा है। वीसीटीएसएल के प्रबंध निदेशक गौरव वर्मा ने बताया कि रामनगर फोर्ट से नमो घाट तक लगभग 12 किलो मीटर तक इसका संचालन किया जाएगा। अगले सप्ताह तक ट्रायल रन शुरू कर दिया जाएगा।

# सरकारी अस्पताल की ओपीडी में डॉक्टर्स से मिल रहे एमआर

**मनमानी**

**सरकारी अस्पतालों में आने वाली दवाओं के बदले एमआर ब्रांडेड दवाओं को डॉक्टरों से लिखवा रहे**


मंडलीय अस्पताल की ओपीडी के ाहर खड़े मरीज और अंदर बात करते एमआर


पं.दीनदयाल उपाध्याय राजकीय अस्पताल की ओपीडी में भी एमआर की धमक

**वाराणसी।** केंद्र सरकार के डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विस व उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने हाल ही में सभी सरकारी अस्पतालों को आदेश जारी कर कहा है कि मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) ओपीडी में डॉक्टर से मिलने नहीं आएंगे। लेकिन आज भी इस आदेश को एमआर पूरी तरह से ठेंगा दिखा ओपीडी तक पहुंच अपने दवाओं का ना सिर्फ सैंपल दे रहें हैं बल्कि दवाओं को लिखने का चिकित्सकों से आग्रह कर रहे हैं।

पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय जिला अस्पताल या फिर श्री शिवप्रसाद गुप्त मंडलीय अस्पताल, पांडेयपुर स्थित मानसिक चिकित्सालय हो या फिर चौकाघाट स्थित आयुर्वेद अस्पताल में ओपीडी में ही एमआर न सिर्फ परिसर में घूम रहे हैं बल्कि डॉक्टर्स से आसानी से मिलने के लिए उनके चैंर तक पहुंच रहे हैं। एमआर के द्वारा ब्रांडेड दवाओं का प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। इनके आने-जाने पर अस्पताल प्रांधन की ओर से कोई रोक-टोक नहीं है। केंद्र सरकार के स्वास्थ्य विभाग के जारी आदेशों के मुताबिक, दवाओं के प्रमोशन के लिए एमआर के अस्पताल आने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने को कहा गया है। जिले के सभी सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में सुाह 10 बजे से ही एमआर की एंट्री शुरू हो जाती है। इनमें ज्यादातर ब्रांडेड कंपनियों के एमआर भी शामिल हैं।

### 12 मई को आया था आदेश

बीते 12 मई को केंद्र सरकार के डीजी हेल्थ की ओर से जारी पत्र में कहा है कि देख जा रहा है सरकारी हॉस्पिटल, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और पॉलीक्लीनिक पर ब्रांडेड दवाएं लिखी जा रही हैं।

### बे-रोकटोक चिकित्सक से मिल रहे एमआर

ओपीडी में पहुंच एमआर अपनी दवाओं का प्रमोशन कर रहे हैं। अस्पताल में इन्हें डॉक्टर्स से मिलने पर कोई रोक-टोक नहीं की जाती है। न ही इनके डॉक्टर्स के चैंबर में एंट्री पर कोई रोक के लिए कोई डिसप्ले किया गया है। हालांकि सभी अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि उनके डॉक्टर्स किसी भी ब्रांडेड कंपनी की दवा सरकारी पर्चे पर नहीं लिखते हैं। अस्पताल में ईडीएल दवाओं की पर्याप्त मात्रा में उपलधता है। जिसे मरीजों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

# कोलकाता के कलाकारों ने सरोद पर की अद्भुत प्रस्तुति

**वाराणसी।** दीनदयाल हस्तकला संकुल, बड़ालालपुर, में कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार एवं सुबह- ए- बनारस आनंद कानन के तत्वावधान में 'सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में सरोद वादन की प्रस्तुति साकार हुई। जिसमें कोलकाता के वरिष्ठ सरोद वादक सिद्धार्थ रॉय चौधरी के निर्देशन में उनकी टीम ने समूह सरोद वादन की प्रस्तुति की। सरोद वादन में सुरोप्रिया गोस्वामी, सूर्यशीष सेन गुप्ता, श्रेयन भट्टाचार्य, रिजिवान मुखर्जी, आकाश रॉय तथा तबला वादन में रौद्राक्ष रक्षित, अर्कसेन गुप्ता, अभिक गोस्वामी सहभागी रहे। सरोद वादन के आरम्भ में दरबारी कान्हड़ा से प्रस्तुति हुई। इसी क्रम में कलाकारों द्वारा रागमाला में अपनी प्रस्तुति से आनंदित किया। इसके उपरांत राग यमन से प्रस्तुति साकार हुई। समापन तीन ताल में निबद्ध राग मालकोंस से हुआ जिसमें सरोद तथा तबला के संगम ने श्रोताओं को आनंदित किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ अजय श्रीवास्तव संग्रहालय अध्यक्ष दीन दयाल हस्तकला संकुल तथा कलाकारों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ। कार्यक्रम की संकल्पना और संयोजन डॉक्टर रत्नेश वर्मा रहा। संचालन ललिता शर्मा ने किया।




# मुकीमगंज की लीला में नृसिंह भगवान का अवतार



**वाराणसी।** नृसिंह लीला बाल समिति की ओर से शनिवार को मुकीमगंज की प्रसिद्ध नृसिंह लीला रात्रि में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर भगवान नृसिंह ने खम्भे को फाड़ कर प्रगट होकर हिरण्यकश्यप का वध किया। साथ ही भक्त प्रहलाद की रक्षा की। खम्भवेधन के समय आतिशबाजी छोड़ी गई। पटाखों से भगवान का स्वागत किया गया। लीला को देखने के लिए आसपास के इलाकों के लोगों की भीड़ जमा थी। लीला में अध्यक्ष सुनील यादव मामू, कोषाध्यक्ष मुन्नी लाल गुप्ता, कमल गुप्ता दादू समेत काफी लोग मौजूद थे। यह लीला गत 31 मई से प्रारंभ थी। यह लीला पिछले कई सालों से निरंतर होती चली आ रही है। लीला को लेकर मुकीमगंज में विद्युत झालरों की सजावट की गई थी।

# धर्मगुरु आयतुल्लाह खुमैनी की पुण्यतिथि पर किया याद

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** शिया मुसलमानों ने आयतुल्लाह खुमैनी की 34 पुण्यतिथि पर उनको याद किया। खुमैनी शिया इस्लाम में एक बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। उनका देहांत वर्ष 1989 में 3 जून को हुआ था, जिस की याद करते हुए मस्जिद कालीमहाल, एवं दरगाह ए फातमान में मजलिस का आयोजन हुआ। मुख्य कार्यक्रम कुरान ओ इतरत नाम के संगठन ने बड़ा इमामबाड़ा लाट सरैया में आयोजित किया। जिसको मौलाना जाफर रिजवी ने खिताब किया। जिसके बाद मौलाना तहजीब रांची, मौलाना हैदर अब्बास, तौसीफ हुसैन आदि लोग शामिल रहे। अजीज हैदर, रेहान, शीश बनारसी ने उनकी मोहब्बत में अशआर पेश किए। अंजुमन हैदरी ने चहमामा स्थित मस्जिद नाद ए अली में मजलिस आयोजित किया मौलाना कैसर ने मजलिस को खिताब किया। इमानिया कॉलेज में भी मजलिस का आयोजन हुआ। शिया जामा मस्जिद के प्रवक्ता हाजी फरमान हैदर ने बताया कि खुमैनी साहब ने इवर्ष 1979 में ईरान में इस्लामिक क्रांति लाई थी और ईरान में 2,500 साल से चल रहे राजशाही को खत्म किया था। कालीमहाल की मजलिस मजलिस में रियाज जाफर शिब्बू, इफ्तेखार अली गुड्डु, सादिक हुसैन, अली जावेद आदि शामिल थे।

# 'कबीर से कीनाराम' पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार नौ से

**प्रेसवार्ता**

**अमेरिका, सिंगापुर समेत कई देशों से आएंगे विद्वान**

**बीएचयू हिन्दी विभाग की ओर से तीन दिवसीय आयोजन**

**वाराणसी।** बीएचयू के हिन्दी विभाग की तरफ से नौ से 11 जून तक 'कबीर से कीनाराम' थीम पर संत कविता इंटरनेशनल सेमिनार होगा। बीएचयू में शनिवार को प्रेसवार्ता करके हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो. सदानंद शाही ने ये जानकारियां दी। प्रो. शाही ने कहा कि इस कार्यक्रम में संत भक्ति कविता का आंकलन और मूल्यांकन किया जाएगा। कबीर, सूर, जायसी और तुलसी के प्रामाणिक मूल्यांकन से विभाग के पूर्व आचार्यों ने संत भक्ति कविता को हिंदी स्वर्ण युग के रूप में स्थापित किया है। बीएचयू के साथ ही आयोजकों में उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान और भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद भी शामिल है। प्रो. शाही ने कहा कि हम लोग कबीर और रैदास के साथ कुछ दूसरे बड़े संतों पलटूदास, शिवनारायण, गरीबदास, दयाबाई, सहजोबाई, मलूकदास से लेकर कोनाराम पर भी विस्तृत विचार-विमर्श करेंगे। उन्होंने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में टेक्सास अमेरिका से प्रो. संध्या सिंह, कैलिफोर्निया से सरिता माती, नेशनल यूनिवर्सिटी सिंगापुर से प्रो. दलपत सिंह राजपुरोहित, कोलकाता से प्रो. शंभुनाथ समेत कई देशी-विदेशी हिन्दी विद्वान आएंगे। कहा कि संत कवियों ने वैकल्पिक मानव की, जो अवस्था दी है, उस पर विस्तार से विचार करेंगे। कबीर के अमर देस और संत रेखा के केमपुर पर चर्चा करते हुए विश्व मानवता के समक्ष खड़ी चुनौतियों का हल खोजने की कोशिश करेंगे।